भोपाल
शनिवार, 17 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-7
वर्ष : 13, अंक : 197
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 32

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


पिता ने दिल्ली केस ट्रांसफर करने की मांग की

## सुप्रीम कोर्ट ने ट्विशा केस में भोपाल ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगाई रोक



ट्विशा (मृतक), सास गिरीबाला और पति समर्थ सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व मॉडल और अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भोपाल की निचली अदालत में चल रही सुनवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने यह आदेश ट्विशा के पिता नवनीधि शर्मा की याचिका पर दिया। नवनिधि की याचिका पर शीर्ष अदालत ने सीबीआई, गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में मामले की ▶▶शेष पेज 6 पर

- सीबीआई समेत तीन पक्षों को नोटिस
- मौत से पहले शरीर पर चोट के निशान होने का दावा

## 13 साल की किशोरी से दुष्कर्म, वाइटनर लगे कपड़े से मुंह दबाकर हत्या

# देवी जी के दिनों में 'घोर पाप'

- 23 साल के युवक ने खंडहर में ले जाकर किया दुष्कर्म
- वाइटनर सुंघाते समय दम घुटने से मौत
- हिरासत में आरोपी बोला-वाइटनर सूंघने का नशा करती थी साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा प्लाजा के पास खंडहरनुमा बिल्डिंग के सेकंड फ्लोर पर 13 साल की किशोरी से 23 साल के युवक द्वारा दुष्कर्म और मुंह दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार रात करीब 9 बजे से 9.50 के बीच की है। दरअसल, खंडहरनुमा बिल्डिंग में बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के अनुसार आरोपी नाबालिग को 9 बजे लेकर अंदर गया था। 50 मिनट बाद 9.50 पर बिल्डिंग से अकेला बाहर निकलता हुआ नजर आया है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मेडिकल रिपोर्ट के बाद आरोपी के खिलाफ हत्या और बलात्कार सहित पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाएगा। पुलिस के अनुसार 13 साल की किशोरी बैरागढ़ इलाके में रहती थी और पन्नी बीनने का काम करती थी। इसी इलाके में 23 साल का ▶▶शेष पेज 6 पर



घटना स्थल पर पुलिस

**रात को नहीं लौटी :** किशोरी के परिजनों का कहना है कि रात करीब आठ बजे वह घर से निकली थी। इसके बाद घर नहीं लौटी। देर रात तक घर नहीं लौटने पर बैरागढ़ थाने पहुंचकर पुलिस से संपर्क किया। परिजन ने पुलिस को बताया कि वह पहले भी घर से जा चुकी है, लेकिन तीन चार घंटे में ▶▶शेष पेज 6 पर

### दोपहर में करीब साढ़े 12 बजे मिला किशोरी का शव

शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे परिजनों को सेकंड फ्लोर पर कमरे में रखे टेबल के पीछे किशोरी का शव पड़ा हुआ नजर आया। परिजनों का कहना है कि किशोरी के नीचे के कुछ कपड़े नहीं मिले है, जबकि लेगी उतरा हुआ था। पुलिस को निरीक्षण के दौरान कमरे से तीन वाइटनर की खाली शीशी मिली है। आरोपी मुईन से पूछताछ में पता चला कि वह वाइटनर का नशा करता था और किशोरी भी उसके साथ नशा करती थी। आरोपी ने दुष्कर्म की बात से इंकार किया है, लेकिन हालात देखकर अनुमान है कि उसने किशोरी से दुष्कर्म किया था। ▶▶पढ़ें पेज 04 भी

**सप्तम : मां कालरात्रि**



ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम।
त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

## खबर संक्षेप

### हवा में उड़ी टेस्ला की कार,2028 से उत्पादन

**नई दिल्ली।** टेस्ला ने अपनी नई पीढ़ी की सुपरकार रोडस्टर का प्रोटोटाइप अमेरिका के टेक्सस स्थित स्पेसएक्स रॉकेट परीक्षण केंद्र में पेश किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें कार को हवा में उड़ते दिखाया गया है। कार में रॉकेट तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। उत्पादन 2028 से करने की तैयारी है।



### विधायक घनश्याम सिंह को हाई कोर्ट का नोटिस

**ग्वालियर।** दतिया से कांग्रेस विधायक घनश्याम सिंह के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में सुनवाई हुई। पीठ ने विधायक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आरोप है कि जुलाई 2026 के विस उपचुनाव के दौरान शपथपत्र में एफआईआर की जानकारी छिपाई गई।



## 'रिजीम चेंज' पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने, प्रशांत भूषण के बयान पर बढ़ा विवाद

विदेशी ताकतों के जरिए भारत को 'अस्थिर' कर रहे

# नवीन: अराजकता से तख्तापलट की साजिश रच रहा है सारा विपक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*सरकार और भाजपा ने रिजीम चेंज के मुद्दे को पकड़ लिया है। इसे विद्रोह व अराजकता से जोड़ दिया है। जबकि, कांग्रेस समेत सारा विपक्ष लोकतांत्रिक तरीके से ही रिजीम चेंज की बात कर रहा है*

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शनों और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच 'रिजीम चेंज' यानी सत्ता परिवर्तन के बयान पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गई हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण के बयान पर विपक्ष को घेरा, तो कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि उनकी पार्टी चुनाव के जरिए सत्ता बदलना चाहती है और ऐसा करके रहेगी। नवीन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि 'रिजीम चेंज' जैसे शब्दों के इस्तेमाल से विपक्ष का असली एजेंडा सामने आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत को अस्थिर करने का प्रयास 'अर्बन नक्सल' के एजेंडे का हिस्सा है। नवीन ने कहा कि विपक्ष की लड़ाई चुनावी व्यवस्था में सुधार या एसआईआर को लेकर नहीं, बल्कि किसी भी कीमत ▶▶शेष पेज 6 पर





- 'रिजीम चेंज' जैसे शब्दों के इस्तेमाल से विपक्ष का असली एजेंडा सामने आ गया
- विपक्ष की लड़ाई चुनावी व्यवस्था में सुधार या एसआईआर को लेकर नहीं
- विदेशी ताकतों से मिलकर या फंडिंग की बात है तो सरकार जांच करा ले
- भाजपा भी पहले जो आंदोलन करती रही है उसके पीछे रिजीम चेंज ही रहा

### प्रशांत भूषण ने क्या कहा था?

अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने 15 अक्टूबर को कहा था कि विपक्ष फिलहाल निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन यदि कथित बर्बरता जारी रही तो सत्ता परिवर्तन निश्चित रूप से होगा। उन्होंने सत्ता परिवर्तन को हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार बताते हुए कहा था कि सरकार के प्रति असंतोष व्यक्त करना अपराध नहीं है। ▶▶पढ़ें पेज 09 भी



### खेड़ा बोले- चुनाव से सत्ता बदलना हमारा मकसद

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भाजपा के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि हम रिजीम चेंज करना चाहते हैं और रिजीम चेंज करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस का उद्देश्य चुनाव के माध्यम से सत्ता बदलना है। खेड़ा ने कहा कि देश में आक्रोश का माहौल है और युवा सड़कों पर उतरकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। उनके मुताबिक सरकार की प्रतिक्रिया से लगता है कि उसे विरोध प्रदर्शनों से परेशानी हो रही है। खेड़ा ने सवाल उठाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जनता सवाल पूछ रही है, लेकिन जवाब भाजपा दे रही है। उन्होंने कांग्रेस के 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान का जिक्र करते हुए पूछा कि इससे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आपत्ति क्यों ▶▶शेष पेज 6 पर





समस्याएं सुनते सीएम

सीएम समाधान में डॉ. यादव ने कहा

## स्थानीय जरूरतों के अनुरूप विकास योजनाएं 'तैयार' करें

- उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार युवाओं को ट्रेनिंग दिलाएं
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को 2-2 लाख
- राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के खिलाड़ियों को 1-1 लाख की पुरस्कार राशि देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम समाधान कार्यक्रम में विभिन्न शिकायतकर्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से करें। शिकायतों का प्रारंभिक स्तर पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए, जिससे नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस शुक्रवार को मुरैना पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने ▶▶शेष पेज 6 पर

### खेल प्रतिभाओं से किया संवाद

सीएम डॉ. यादव ने जिले की खेल प्रतिभाओं से संवाद कर उनके अनुभवों और उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दो-दो लाख रुपए तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को एक-एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। जिले के 5 खिलाड़ियों से भारत रावत, सौरभ रजक, रिंकी, नंदनी चौहान एवं अंकिता कुशवाह से संवाद किया और उन्हें पात्रता अनुसार पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। ▶▶पढ़ें पेज 11 भी

रतलाम रेल मंडल में हादसा

## गोवा एक्सप्रेस की टक्कर से रेलकर्मी की मौत, दूसरा गंभीर



ट्रैक मेंटेनेंस के दौरान हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में शुक्रवार सुबह ट्रैक मेंटेनेंस के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। मक्सी और पीर उमरोद रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम झोंकर के पास डायवर्टेड गोवा एक्सप्रेस ने स्थायी मार्ग निरीक्षक की ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में रेलकर्मी भगवानसिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिलीप जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के कारण करीब आधे घंटे तक रेल यातायात प्रभावित रहा। बेरछा रेलवे स्टेशन से करीब 14 किलोमीटर दूर मक्सी-पीर उमरोद रेलखंड पर झोंकर ▶▶शेष पेज 6 पर

मेघवाल ने कहा- डीएमके से बात हुई

## महिला आरक्षण और परिसीमन पर विशेष सत्र बुला सकती है सरकार



अर्जुन मेघवाल और मल्लिकार्जुन खरगे

- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी
- कहा-संवैधानिक संशोधन विधेयक जबरन पास न कराएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयकों को फिर से संसद में पेश करने के लिए केंद्र सरकार इस महीने के आखिर में संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। सरकार इन विधेयकों को पारित कराने की तैयारी में है। हालांकि, इस मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को आगाह किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ▶▶शेष पेज 6 पर

27% आरक्षण बहाली के लिए ओबीसी महासभा ने सीएम को सौंपा 14 सूत्रीय मांगपत्र

13% होल्ड वाले अभ्यर्थियों के पद बढ़ाकर भर्ती का आश्वासन

## सरकार को 2-3 दिन की मोहलत, 28 को संभाग स्तर पर आंदोलन करेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 27% ओबीसी आरक्षण की बहाली और 13% होल्ड वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति के मुद्दे पर ओबीसी महासभा ने राज्य सरकार को 2-3 दिन का समय दिया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद संगठन ने कहा कि सरकार ने होल्ड वाले अभ्यर्थियों के लिए पद बढ़ाकर भर्ती का प्रयास ▶▶शेष पेज 6 पर

### सरकार ने 27% ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से ओबीसी महासभा के प्रतिनिधिमंडल, याचिकाकर्ताओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की मुलाकात के बाद शुक्रवार शाम राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर कर दी। सरकार ने ▶▶शेष पेज 6 पर

डॉक्टरों की एक टीम उनकी निगरानी कर रही

## दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती हुए लालकृष्ण आडवाणी, सीने में संक्रमण की बताई जा रही समस्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शाम करीब 7:30 बजे अस्पताल लाया गया



भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को शुक्रवार देर शाम दिल्ली के अपोलो अस्पताल में एडमिट किया गया है। बताया जा रहा कि उन्हें सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया है। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है और उनकी हालात स्थिर बताई जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 98 वर्षीय भाजपा नेता को शाम करीब 7:30 बजे अस्पताल लाया गया और उन्हें पल्मोनरी विभाग में भर्ती कराया गया है और डॉक्टरों की एक टीम उनकी निगरानी कर रही है। इससे पहले भी आडवाणी को उम्र से जुड़ी स्वास्थ्य परेशानियों के कारण इसी साल मई में अपोलो अस्पताल में एडमिट करवाया गया था। कुछ दिन इलाज के बाद वह वापस घर आ गए थे। इसके अलावा, दिसंबर 2024 में भी भाजपा नेता को इलाज और जांच के लिए इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था। उस समय अस्पताल ने बताया था कि उनकी हालत स्थिर है। वरिष्ठ भाजपा नेता के अस्पताल में भर्ती होने से करीब एक सप्ताह पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर को उनके आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की थी। इसकी फोटो भी पीएम मोदी ने शेयर की थी।

कई महिलाओं से संबंध और फर्जी दस्तावेजों से पद से हटाने का भी आरोप

उत्तराखंड की मंत्री रेखा आर्या का आरोप- धोखे से शादी और हत्या की साजिश की

## एफआईआर कराने के बाद अस्पताल में भर्ती हुईं कांग्रेस: इन्हीं मंत्री ने गौतम का समर्थन किया था



रेखा आर्या | गिरधारी लाल

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने अपने पति गिरधारी लाल साहू के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कैंट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

शिकायत में पहली शादी छिपाने, दूसरी महिलाओं से संबंध रखने, शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। इस बीच रेखा आर्या की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंत्री ने अपनी शिकायत में एक ऑडियो रिकॉर्डिंग का भी जिक्र किया है। रेखा आर्या ने शिकायत में जान से मारने की धमकी देने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने की बात भी कही ▶▶शेष पेज 6 पर



अस्पताल में भर्ती रेखा आर्या का इलाज जारी

**कांग्रेस नेता राजेंद्र टंगड़िया बोले**
**कैबिनेट मंत्री सुरक्षित नहीं तो महिला सुरक्षा की बात बेमानी**

### कांग्रेस का सवाल- फिर, दुष्यंत गौतम का सपोर्ट क्यों किया?

रेखा आर्या ने वीडियो के माध्यम से महिलाओं से घरेलू हिंसा और प्रताड़ना के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला को डर या दबाव में अन्याय सहने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए। कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए कहा कि दो दिन पहले ही सिक्किम के राज्यपाल बनाए गए दुष्यंत गौतम का उन्होंने सपोर्ट क्यों किया? उनके कारण ही अंकिता भंडारी की मौत हुई ▶▶शेष पेज 6 पर

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 17 अक्टूबर 2026



## जय मां, जय जगदंबे मां...

भोपाल। नवरात्रि पर्व में पूरी राजधानी मां अम्बे की भक्ति में लीन है। शहर के प्रमुख स्थानों पर भव्य और विराट झांकियां लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। वैशाली नगर तिराहे पर युवा शक्ति संगठन श्री दुर्गा उत्सव समिति की भव्य मनोहर झांकी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# पटाखा बाजार में सख्ती बेअसर, अब आग लगी तो रेत की खाली बाल्टियों से कैसे बुझेगी

**आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बनी पटाखा दुकानों पर आग से बचाव के इंतजाम नाकाफी, दुकानदार कर रहे खानापूर्ति**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लालघाटी के हलालपुरा स्थित पटाखा बाजार अब तक यहां की दो लाख से अधिक आबादी के लिए खतरा बना हुआ है। तीन महीने पहले कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने यहां की 15 दुकान और गोदाम की एनओसी रद्द कर दी थी। इसके बाद पब्लिक न्यूसेंस के तहत एसडीएम कोर्ट में सुनवाई की गई, जिसमें 13 शर्तों पर दुकानों से बिक्री करने की छूट दी गई है। हालांकि मौके पर आग से बचाव के इंतजाम नाकाफी मिले। यहां महादेव फायरवर्क्स के बाहर रेत की बाल्टियां खाली रखी हैं, जबकि पानी का इंतजाम ही नहीं है। दिखावे के लिए इक्का-दुक्का फायर एक्टिंगुशर रखे हैं, जबकि दुकान के साइड में दो गोदाम हैं, जिसमें पटाखे भरे हैं, इनके सामने पानी का भी इंतजाम नहीं किया गया है।

शुक्रवार को हरिभूमि की टीम जब पटाखा बाजार पहुंची, तो यहां महालक्ष्मी ट्रेडर्स के यहां भी पानी नहीं रखा गया था, सिर्फ फायर एस्टिंगुशर रखे मिले। आग बुझाने के लिए रेत भी नहीं थी। जबकि इसके साइड में तीन दुकानों को गोदाम बनाकर उसमें पटाखों का स्टॉक रखा गया है। यहां पर आग से बचाव के कोई इंतजाम नहीं मिले। यहां बाहर की तरफ बिजली के तार भी अव्यवस्थित थे।

*एक दुकान के दो-दो गोदाम आग लगने पर बाल्टियों में पानी भरकर आग बुझाएंगे*

*हलालपुरा स्थित पटाखा बाजार बन सकता है खतरा*

### पटाखा दुकानदारों को सौ लीटर पानी की टंकी पर भरोसा



पटाखा दुकान के बाहर रखी रेत की खाली बाल्टियां।

पटाखा बाजार में रखे करीब दो सौ क्विंटल बारूद के पटाखों से होने वाले हादसों को रोकने के लिए सौ लीटर पानी की टंकी दुकान के बाहर रखी है। दुकानदारों का दावा है कि आग लगने पर बाल्टियों में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया जा सकता है। जबकि फायर एक्टिंगुशर भी इसमें सहयोग करेंगे। हालांकि एमपी फायरवर्क्स के यहां दो सौ लीटर पानी, थोड़ी सी रेत और फायर एक्टिंगुशर रखे मिले।

**अंदर की दुकानों के बाहर पानी तक नहीं**

पटाखा बाजार की अंदरूनी थोक दुकान नेशनल फायरवर्क्स और जय दुर्गा फायरवर्क्स दुकानों के बाहर पानी का इंतजाम तक नहीं है। यहां हादसा होने पर बाहर से फायर दमकल का पहुंचना, या पानी ले जाना मुश्किल हो सकता है। जैन पटाखा हाउस के यहां सौ लीटर पानी, हंस पटाखा 100 लीटर पानी, न्यू इंडिया फायरवर्क्स के यहां दो सौ लीटर पानी और ताज पटाखा सेंटर के बाहर पांच सौ लीटर पानी की टंकी रखी है।



### बैरागढ़ सड़क पर खड़ी हो रहीं गाड़ियां

पटाखा बाजार भोपाल-इंदौर सड़क पर है, जबकि इसके लिए अलग से पार्किंग नहीं बनाई गई है। ऐसे में यहां आने वाले वाहन चालक मुख्य सड़क पर वाहनों को खड़ा कर देते हैं। ऐसे में बैरागढ़ से भोपाल की तरफ आने वाले वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। यहां जाम लग जाता है।



पटाखा दुकान के बाहर सड़क पर खड़े वाहन।

### 13 शर्तों का पालन करना जरूरी

हाईकोर्ट का स्टे होने तक 13 शर्तों के साथ पटाखा बिक्री करने की अनुमति दी गई है। जिसके लिए आम लोगों की सुरक्षा को देखते हुए 13 शर्तों का पालन करना होगा। तहसीलदार की टीम जल्द ही यहां जाकर निरीक्षण करेगी।

रवीश श्रीवास्तव, एसडीएम बैरागढ़

### एम्सः क्यूआर कोड से मिलेगी गर्भावस्था और शिशु पोषण की जानकारी



भोपाल। एम्स भोपाल के आहार विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय पोषण माह मनाया। इसका विषय था 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी'। समापन समारोह में एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ नरेंद्र कोतवालने क्यूआर कोड के जरिए डिजिटल पोषण दिशा-निर्देशों की शुरूआत की। इनसे गर्भावस्था के आहार, जीवन के पहले 1000 दिनों के पोषण और दुग्धवर्धक खाद्य पदार्थों की जानकारी आसानी से मिलेगी। डॉ नरेंद्र कोतवाल ने कहा कि माताओं और बच्चों का स्वस्थ रहना ही स्वस्थ समाज की नींव है। पोषण माह में आंगनवाड़ी केंद्रों से लेकर अस्पताल की ओपीडी तक जो प्रयास हुए, वे सराहनीय हैं। क्यूआर कोड के जरिए अब सही पोषण की जानकारी हर व्यक्ति के मोबाइल तक पहुंचेगी। हमारा प्रयास है कि यह संदेश हर घर तक पहुंचे। माह भर आंगनवाड़ी केंद्रों, ओपीडी और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम हुए। स्वस्थ टिफिन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार मिले।

### हादसे के बाद 200 हॉकर्स-व्यापारियों ने निगम अमले को घेरा, जीप का शीशा तोड़ा

# न्यू मार्केट में मॉकड्रिल के दौरान महिला के पैर पर चढ़ा फायर ब्रिगेड का पहिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

न्यू मार्केट में आग से बचाव की मॉकड्रिल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का अभ्यास ही हादसे में बदल गया। शुक्रवार शाम खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास दमकल का पहिया एक महिला ग्राहक के पैर पर चढ़ गया।

महिला को चोट लगने के बाद मौके पर हंगामा शुरू हो गया। करीब 200 हॉकर्स और व्यापारियों ने नगर निगम के अमले को घेरकर नारेबाजी की। विरोध के दौरान निगम की जीप का शीशा भी तोड़ दिया गया। हालात ऐसे बने कि अतिक्रमण हटाने पहुंचा अमला कार्रवाई आगे नहीं बढ़ा सका।

शाम करीब 6.15 पर हुआ हादसा | विरोध के चलते कार्रवाई रुकी | अधिकारी बोले- आगामी दिनों में भी जारी रहेगी निगम की कार्रवाई

### अपनी जीप से घायल महिला को लेकर अस्पताल पहुंचे अधिकारी भदौरिया



महिला के घायल होने के बाद निगम के खिलाफ नारेबाजी करते दुकानदार।

घायल महिला को अतिक्रमण प्रभारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया अपनी जीप से अस्पताल लेकर गए। भदौरिया के मुताबिक, महिला के पैर में मोच आई थी। उपचार के बाद वह परिजनों के साथ घर चली गईं। हालांकि, हादसे के बाद हॉकर्स और व्यापारियों का गुस्सा निगम अमले पर फूट पड़ा। भीड़ ने कर्मचारियों को घेर लिया और कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान जीप का शीशा टूटने से स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद कार्रवाई को रोकनी पड़ी।



घटनास्थल पर फैला रक्त व चप्पलें।

**अतिक्रमण के कारण हाट बाजार में शिफ्ट होना हैं रेहड़ियां**

न्यू मार्केट में 8 अक्टूबर को भीषण आग लगने के बाद नगर निगम यहां से हॉकर्स को हटाकर टीटी नगर स्टेडियम के पास हाट बाजार में शिफ्ट करना चाहता है। निगम का तर्क है कि बाजार में अतिक्रमण के कारण आग लगने जैसी घटना के दौरान दमकल और दूसरे आपातकालीन वाहनों को पहुंचने में परेशानी हो सकती है। इसलिए दुकानों के सामने का रास्ता खाली रखना जरूरी है।

### कारोबार प्रभावित होने का दावा

न्यू मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मॉकड्रिल और निगम की कार्रवाई के कारण व्यापारी पिछले तीन दिन से परेशान हैं। उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है।

### कार्रवाई जारी रखेगा निगम

अतिक्रमण प्रभारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। दोबारा दुकानें लगाने पर सामान जब्त करने के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। निगम के अनुसार, पिछले दो दिनों में करीब 50 हजार रुपए के चालान किए गए हैं।



### 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक जुड़ेंगे नाम

# एसआईआर में जिनके नाम कटे वे मतदाता भी जुड़वा सकेंगे नाम

*चार जनवरी को वोटर लिस्ट का होगा फाइनल प्रकाशन*

*2 नवंबर तक मतदान केंद्रों का पुनर्गठन होगा*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में एक जनवरी 2027 की स्थिति में वोटर लिस्ट स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। जिसके तहत 12 नवंबर को वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद नए वोटर्स 11 दिसंबर तक नाम जोड़ने का आवेदन कर सकेंगे।

कार्यक्रम के तहत 2 नवंबर तक मतदान केंद्रों का पुनर्गठन, 12 नवंबर को वोटर लिस्ट का प्रकाशन और 11 दिसंबर तक दावे-आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को फाइनल वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा।

### एक अक्टूबर को 18 साल वाले युवा भी जुड़वा सकेंगे नाम

आयोग ने नए वोटर्स के लिए एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर 2027 की आगामी तिथियों के लिए भी अग्रिम आवेदन लेने की व्यवस्था की है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडे का कहना है कि वोटर लिस्ट का प्रकाशन होने पर सभी लोगों का अपना नाम जांच लेना चाहिए। अगर नाम छूटा हुआ है, तो नया आवेदन किया जा सकेगा। आयोग ने इस बार वर्ष-2003 का रिकार्ड वाला घोषणा पत्र आवेदन से हटा लिया है।

### पहली बार वोट देने वालों पर फोकस

वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के दौरान आयोग ने पात्र लोगों और पहली बार मतदाता बनने जा रहे युवाओं के नाम जोड़ने पर विशेष जोर दिया है।

# मादक पदार्थ गांजा के तस्कर को 2 वर्ष 7 माह का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मादक पदार्थ गांजा की अवैध रूप से तस्करी करने वाले के अभियुक्त बृजेश जैन पिता हुकुमचन्द्र जैन निवासी बैरसिया रोड भोपाल को एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश डॉक्टर मुकेश कुमार मलिक ने एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/ 20 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष 7 माह के सश्रम कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक मनोज त्रिपाठी एवं विक्रम सिंह द्वारा प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी की गई। अभियोजन के अनुसार पुलिस थाना बैरसिया भोपाल को 24 मार्च 2024 को मुखबिर ने जरिए फोन सूचना दी कि बसई जोड़ बस स्टॉप शमशाबाद बैरसिया रोड भोपाल पर एक व्यक्ति अपनी पीठ पर काले रंग का बैग गांजा लेकर बेचने के लिए स्कूटी लेकर खड़ा है। पुलिस के उप निरीक्षक ने अभियुक्त को पकड़ कर उसके बैग की तलाशी ली तो बैग के अंदर 5 किलो 100 ग्राम मादक पदार्थ गांजा अवैध रूप से रखा हुआ मिला। उप निरीक्षक ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/ 20 अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया था।

### नॉर्मल और स्वामित्व की रजिस्ट्री से संपदा का सर्वर हो रहा फेल

# तीन बजे रोकना पड़ीं स्वामित्व की रजिस्ट्री, तब हुईं रिकॉर्ड 751 प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्र के शुभमुहुर्त में प्रॉपर्टी का बाजार गर्म है। पिछले छह दिनों के दौरान करीब दो हजार प्रॉपर्टी के सौदे हुए हैं, जिसमें फ्लैट और डुप्लेक्स की रजिस्ट्री सबसे अधिक हैं।

शुक्रवार के लिए भी खरीदारों ने एडवांस में स्लॉट बुकिंग कर रखी थी, लेकिन स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री की वजह से सर्वर में एरर आने लगा। जिसके बाद दोपहर 3 बजे स्वामित्व की रजिस्ट्री का काम सर्वर से हटाया गया, जिसके बाद शुक्रवार रात आठ बजे तक 751 रजिस्ट्रियां दर्ज की गई हैं। जिससे पंजीयन विभाग को करीब 93 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है।



परी बाजार में पंजीयन दफ्तर में लोगों की भीड़।

### फ्लैट-डुप्लेक्स की बढ़ी मांग, स्लॉट की संख्या बढ़ाई

रजिस्ट्री के लिए शुरु किए गए संपदा टू साफ्टवेयर से रजिस्ट्री ऑनलाइन होने से लोगों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। एक रजिस्ट्री में महज पांच से 10 मिनट का समय लग रहा है। शहर के आइएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालयों में रजिस्ट्रार के लिए स्लॉट की संख्या भी बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को जैसे ही पंजीयन दफ्तर और पटवारियों ने स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री का काम शुरु किया तो सर्वर में एरर आ गया। पेज लोड नहीं होने से दोनों तरह की रजिस्ट्री का काम ठप्प हो गया। ऐसे में पंजीयन विभाग को दोपहर 3 बजे स्वामित्व योजना का लिंक हटाना पड़ा। जिसके बाद देर शाम तक रजिस्ट्री दर्ज की गई।

**छठवें दिन हुईं सबसे ज्यादा रजिस्ट्री**

*पहले दिन सोमवार को 475 रजिस्ट्री, मंगलवार को 480, बुधवार को 365, गुरुवार को 480 रजिस्ट्रियां हुईं थीं। जबकि शुक्रवार को 751 रजिस्ट्रियां दर्ज की गई हैं। वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वप्नेश शर्मा का कहना है कि नवरात्र के दौरान अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक रजिस्ट्री हो रही हैं। टेक्निकल टीम को साफ्टवेयर पर नजर रखने के लिए कहा गया है।*

### चार दिन बंद रहेंगे दफ्तर, दशहरे के बाद होंगी रजिस्ट्री

नवरात्र के दौरान लोग जमकर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करवा रहे हैं, शुक्रवार को भी 751 रजिस्ट्री हुई हैं। दरअसल शनिवार और रविवार, सोमवार और मंगलवार को अवकाश होने के बाद बुधवार को दशहर के बाद फिर से रिकॉर्ड रजिस्ट्री होने की उम्मीद जताई जा रही है।

Hero

HF Deluxe

बाइक दमदार दाम शानदार

एक्स-शोरूम कीमत

₹59 999/-* (सेल्फ़-स्टार्ट)

*नियम व शर्तें लागू.

कम डाउन पेमेंट | ₹5999/-*

Hero GoodLife सोने का सिक्का जीतने का मौका*

pine labs कैशबैक ₹5 000/- तक*

TOLL FREE 1800 266 0018

5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Madhya Pradesh.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियरः तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौरः सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बटेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, बोरी बुजुर्ग: जिलानी मोटर्स, 9399900143, कढ़ी: श्री राम मोटर्स, 9584997081, पिपलिया बुजुर्ग: न्यू सिन्हा मोटर्स, 9981562315, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

**मुख्य आरोपी का बुजुर्ग के घर आना जाना था**

# चेक बाउंस के केस में पैसों की जरूरत पड़ी तो साथी के साथ मिलकर बुजुर्ग से झपट ली सोने की चेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बागसेवनिया पुलिस ने साकेत नगर में घर में घुसकर अस्सी साल के बुजुर्ग से चेन झपटने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से झपटी हुई 16 ग्राम की सोने की चेन और लॉकेट बरामद किया है।

मुख्य आरोपी का बुजुर्ग के घर आना जाना था। चेक बाउंस के केस में उसे पैसों की जरूरत थी और उसने अपने साथी को बुजुर्ग के घर भेजकर लूट की वारदात कराई थी। पुलिस ने

**बाग सेवनिया थाना पुलिस ने आरोपियों को 24 घंटे में किया गिरफ्तार**



आरोपियों लूट के बाद भागने में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार शेलेन्द्र गुप्ता (45),- बी बीयू बाउंड्री के पीछे वाले हिस्से साकेत नगर में रहते हैं व एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में नौकरी करते हैं।

**घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से पकड़ में आए आरोपी**

12 अक्टूबर की सुबह साढ़े 9 बजे वह ड्यूटी चले गए थे। घर पर उनके 80 साल ने पिता अकेले थे। पिता बरामदे में बैठकर पेपर पढ़ रहे थे, तभी एक युवक अंदर आया और कहने लगा कि मुझे पहचान रहे हो क्या? मन्नी गुप्ता ने कहा कि नहीं। युवक ने दूसरी बार कहा कि मुझे पहचानते हो क्या? मन्नी गुप्ता ने कहा कि नहीं पहचानता। इसी दौरान युवक ने कहा कि आपके गले के पास कीड़ा चल रहा है इसे हटा देता हूं। इसके बाद युवक ने उनके गले में पहनी लॉकेट वाली सोने की चेन झपट ली। चेन झपटकर कर युवक बरामदे के गेट से निकलकर भाग निकला। मन्नी गुप्ता ने शोर मचाया तो आसपास के लोग उनके घर पहुंचे। इस दौरान युवक मौके से भाग चुका था। झपटमारी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने टीम बनाकर आरोपियों की तलाश की। इस दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के फुटेज चेक किए। फुटेज के आधार पर पुलिस ने नमन सैनी (20) मोटू होटल के पीछे बागसेवनिया और मनोज कुमार पिता पलकधारी (42) निवासी बागसेवनिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों से झपटी गई सोने की चेन मय लॉकेट के साथ बरामद की गई। साथ ही वारदात में इस्तेमाल बाइक भी बरामद की गई।

**पता था कि सुबह के बाद बुजुर्ग घर में रहते हैं अकेले**

मुख्य आरोपी मनोज कुमार का शैलेन्द्र गुप्ता के घर आना-जाना था। मनोज कुमार का जिला न्यायालय बैतूल में चेक बाउंस का एक पुराना प्रकरण चल रहा है। मनोज कुमार को पैसों की सख्त जरूरत थी। लिहाजा उसने अपने साथी नमन के साथ मिलकर लूट की कहानी रची और उसने नमन को लूट करने के लिए तैयार किया। उसने बताया था कि दोपहर के समय बुजुर्ग अकेले रहते हैं और उनके गले में सोने की चेन है। मनोज और नमन को घर के पास छोड़कर चला गया था। उसने बताया था कि वह अकेले हैं। जाने के बाद मनोज कुमार गली के मुहाने पर बाइक लेकर लेकर खड़ा था और आसपास की गतिविधियों पर नजर रखे हुए था। इसी बीच नमन ने बातों में उलझाकर बुजुर्ग मन्नी गुप्ता से लूट की वारदात की और मनोज के साथ बाइक से बैठकर निकल गया।

## पुलिस पर आरोप: गुमशुदगी दर्ज नहीं की, खुद परिजन ने की तलाश किया तो मिला बच्ची का शव

# किशोरी से दुष्कर्म के बाद हत्या पर परिजन भीड़ ने घेरा थाना, प्रदर्शन कर नारेबाजी की

*डीसीपी बोले- रात में किशोरी की फोटो जानकारी थाने के ग्रुप में की साझा, पुलिस कर रही थी तलाश*



खंडहर, जिसमें दुष्कर्म के बाद किशोरी की हत्या हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरागढ़ में लालघाटी से बैरागढ़ मार्केट के बीच कृष्णा प्लाजा के पास खंडहरनुमा बिल्डिंग में 13 साल की किशोरी से दुष्कर्म और हत्या के मामले में नाराज परिजन और मोहल्ले के लोगों ने बैरागढ़ थाने का घेराव कर दिया। परिजन का आरोप है कि पुलिस ने बच्ची की गुमशुदगी दर्ज नहीं की और न ही बच्ची की तलाश की। इधर पुलिस की दलील है कि रात करीब एक बजे परिजन आए थे। परिजन की सुनवाई की गई। परिजन ने बताया कि बच्ची पहले भी घर से बिना बताए जा चुकी है और चार पांच घंटे में लौट आई थी। लिहाजा पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी दर्ज नहीं की, लेकिन पुलिस ने बिना गुमशुदगी दर्ज किए बच्ची की तलाश की थी।

थाने के वाट्सएप ग्रुप पर बच्ची का फोटो रात में ही शेयर कर दिया गया था। चार्ली और डायल 112 में तैनात पुलिसकर्मियों को बच्ची को हुलिया देखकर उसे तलाश करने का कहा गया था।

**बैरागढ़ मार्केट के बीच कृष्णा प्लाजा के पास खंडहरनुमा बिल्डिंग में मासूम से दुष्कर्म का मामला, पुलिस कर रही आरोपी से पूछताछ**



विरोध प्रदर्शन करते परिजन व भीड़।

**पचास मिनट के अंदर हत्या और दुष्कर्म**

पुलिस का कहना है बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में 9 बजे किशोरी और संदेही मुईन अंदर जाते हुए नजर आ रहा है। इसके बाद 50 मिनट बाद 9.50 पर मुईन बिल्डिंग से अकेला ही बाहर निकला था। इससे अनुमान है कि पचास मिनट के भीतर ही उसने पूरी वारदात को अंजाम दिया है। मुईन को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वह पुलिस को गुमराह कर रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद पुलिस मुईन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करेगी।

**दुष्कर्म, पाक्सो, हत्या सहित नशा कराने की धाराओं में होगा प्रकरण दर्ज**

डीसीपी जोन फोर आदर्श कांत शुक्ला का कहना है कि आरोपी मुईन से पूछताछ की जा रही है। वह दुष्कर्म की बात से इंकार कर रहा है, लेकिन घटनास्थल का निरीक्षण करने पर दुष्कर्म करने जैसे प्रमाण मिले हैं। परिजन ने भी बताया है कि बच्ची के नीचे वाले कुछ कपड़े कम है। साथ ही परिजन ने बच्ची का शव जब देखा था कि उसकी लेगी उतरी हुई थी। आरोपी ने बच्ची के शव पर कंबल ढाक दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आरोपी मुईन के खिलाफ बलात्कार, दुष्कर्म, पाक्सो के एक्ट की धाराओं में एफआईआर की जाएगी। इसके साथ ही जबरन नशा कराने की धाराओं में भी प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

**14 साल की नाबालिग से किशोर ने किया दुष्कर्म**

गांधीनगर थाना क्षेत्र में 14 साल की नाबालिक से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मोहल्ले में रहने वाला हम उम्र किशोर करीब 2 साल से नाबालिग का दैहिक शोषण कर रहा था। घटना की जानकारी परिजन को उस वक्त लगी जब उन्होंने नाबालिग बेटी का मोबाइल देखा। मोबाइल पर मिले मैसेज और फोटो देखने के बाद बेटी से सख्ती से पूछताछ की गई। इस दौरान उसने बताया कि बताया कि दो साल



से किशोर उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर दुष्कर्म, दैहिक शोषण और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 14 साल की नाबालिग थाना क्षेत्र में रहती है और आठवीं कक्षा में पढ़ती है। मोहल्ले में रहने वाले हम उम्र किशोर से उसकी करीब दो साल पहले दोस्ती थी। किशोर मोहल्ले में छह साल से रहता है। मोहल्ले में रहने और दोस्ती के बारण दोनों साथ घूमते थे। इसी दौरान दोनों में शारीरिक संबंध बनने लगे।

# सांस्कृतिक सिंधी गरबा में दिखी सिंधियत की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



सांस्कृतिक सिंधी गरबा लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन रंग, रोशनी और संगीत से जगमगा उठा। इस बार गरबे के पंडाल को मंडला थीम पर तैयार किया गया है जो इस वर्ष बहुत आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

मुंबई से आए कलाकारों ने गुजराती, सिंधी एवं गरबा के स्पेशल गीतों पर सिंधी गरबा में अपनी प्रस्तुति दी। गरबा ग्राउंड में सिंधियत की झलक देखने को मिली, किसी ने मां दुर्गा की भक्ति में सर पर मुकुट धारण कर पहुंचा, तो कोई भगवान झूलेलाल के स्वरूप में तो कोई संतों महात्माओ के स्वरूप में उपस्थित होकर गरबा करने पहुंचा। इस दौरान सिंधी समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा भी उपस्थित रहे।

# गरबा उत्सव 'नवरंग' में भारतीय संस्कृति, परंपरा को दिया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



नवरात्रि पर गरबा उत्सव 'नवरंग' का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं नारी शक्ति के सम्मान को बढ़ावा देना था। इस विशेष अवसर पर नगर की सभी नौ महिला पार्षदों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

विद्यालय के चेयरपर्सन फूल सिंह राजपूत ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में एकता, सद्भाव और भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। विद्यालय परिवार ने आमंत्रित महिला पार्षदों, अभिभावकों एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

**खबर संक्षेप**

### मुखबिरी के संदेह में युवक पर ब्लेड से जानलेवा हमला

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित शासकीय हाईस्कूल के पीछे रहने वाले एक युवक से दो बदमाशों ने मारपीट करते हुए ब्लेड से हमला कर दिया। ब्लेड नाक के पास लगने से युवक लहूलुहान हो गया। हमले की वजह मुखबिरी की संदेह के बात सामने आई है। आरोपियों को संदेह है कि युवक पुलिस से उनकी मुखबिरी करता था। पुलिस ने युवक की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पप्पू उर्फ श्याम बंसल (26) शासकीय हाईस्कूल के पीछे गांधी नगर में रहता है और प्राइवेट काम करता है। गुरुवार रात मोहल्ले में रहने वाले करण खबरी और कुनाल से उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद करण खबरी और कुनाल ने पप्पू से गालीगलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपियों ने पप्पू से मारपीट की और उस पर ब्लेड से हमला कर दिया। पप्पू का भाई उसे अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां से इलाज कराने के बाद पुलिस को शिकायत की।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 4905 | | |
| दिनः | 227 | 18 | 468 |
| रातः | 166 | 32 | 138 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 236 | 19 | 180 |
| रातः | 145 | 01 | 579 |

## हिंदू उत्सव समिति की तैयारियां अंतिम चरण में

# दशहरे पर 51-51 फीट के रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

**झांकियों और चल समारोह के लिए भी रखे पुरस्कार**



नगर में दशहरा उत्सव को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए श्री हिंदू उत्सव समिति के नेतृत्व में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। दशहरे पर 51 फीट ऊंचे रावण, 51 फीट ऊंचे मेघनाद और 51 फीट ऊंचे कुंभकरण के आकर्षक पुतलों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है।

समिति द्वारा इस वर्ष उत्सव को विशेष बनाने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, झांकियों और चल समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। श्री हिंदू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत यादव, अशोक जायसवाल, प्रदीप अरोड़ा, सचिव अमित राय एवं राजेंद्र गुड्डू साहू बल्लू अरोड़ा, सुधीर कमल ने बताया कि झांकियों में साज-सज्जा, आकर्षक मूर्तियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। चल समारोह में समय पर सबसे पहले पहुंचने वाली झांकी या समिति को प्रथम स्थान देने का निर्णय लिया गया है। चल समारोह में आकर्षक साज-सज्जा, लाइट व्यवस्था, अनुशासन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के आधार पर भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। दशहरा उत्सव के अवसर पर नगर के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और हनुमान चोला धारकों का सम्मान भी किया जाएगा।

# डीएसपी शर्मा बोले- दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा शास. भूमि रजिस्ट्री मामले में जल्द होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



नगर में सरकारी जमीन की रजिस्ट्री से जुड़े मामले में पुलिस की जांच तेज हो गई है। पुलिस उप अधीक्षक (डीएसपी) सलिल शर्मा ने हरिभूमि प्रतिनिधि को बताया कि मामले से संबंधित अधिकांश रिकॉर्ड उनके पास आ चुके हैं। एक-दो पत्र और आना बाकी हैं। संबंधित पत्र प्राप्त होते ही मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी शर्मा ने बताया कि सरकारी जमीन की रजिस्ट्री से जुड़े पूरे मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक दस्तावेजों और रिकॉर्ड का परीक्षण किया जा रहा है। शेष पत्र प्राप्त होने के बाद एफआईआर दर्ज कर मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह कोई भी हो।

**25-30 सफाईकर्मी, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी लगाई**

# दशहरा मैदान में सालभर कचरा, पर्व से पहले साफ-सफाई में जुटी मंडीदीप नगर पालिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

**20 अक्टूबर को रावण दहन, मेले के बाद भी सफाई की जरूरत**



दशहरा मैदान में सालभर जमा होने वाले कचरे को हटाने के लिए नगर पालिका ने विजयादशमी से पहले सफाई अभियान शुरू किया है। मैदान की बाउंड्रीवॉल के किनारे प्लास्टिक, पानी के पाउच, डिस्पोजल गिलास, कांच की बोतलें और खाने-पीने की सामग्री के पैकेट जमा हैं। इन्हें हटाने के लिए 25 से 30 महिला-पुरुष सफाईकर्मियों के साथ दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी लगाई गई है। 20 अक्टूबर को यहां रावण दहन और मेले का आयोजन होगा।

**दशहरा पर्व के लिए सफाई करा रहे हैं**

श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह चौहान (छुट्टी भैया) ने बताया कि विजयादशमी पर्व से पहले मैदान की सफाई जरूरी है। नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि नपा सफाईकर्मियों को लगाकर सफाई करा रही है।



# मोहन राज में सुगम सफर



**मध्यप्रदेश में शहर और गांव का सफर सुगम बनाने का संकल्प प्रदेश सरकार पूरा कर रही है**

भोपाल

मध्यप्रदेश में सार्वजनिक परिवहन के नए दौर की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यकाल में हुई है। इनमें 120 इंटरसिटी और 231 इंट्रासिटी बसें हैं, जो इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रीवा, देवास, कटनी और भिंड के यात्रियों को सुरक्षित, सुलभ और किफायती सफर करा रहीं है। योजना के तहत प्रदेश में लगभग 1006 बसें चलना शुरू होंगी, जबकि वर्ष 2031 तक 14981 से अधिक आधुनिक बसों के संचालन का लक्ष्य है। इससे रोज़ 30 लाख से ज़्यादा यात्रियों को लाभ मिलेगा। वर्ष 2031 तक 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतें बस सेवा से जुड़ेंगी और 180 से अधिक बस स्टैंड, टर्मिनल व डिपो नए स्वरूप में नज़र आएंगे। सुरक्षा पर विशेष ज़ोर है। बसे सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और रियल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग से होगी, और आईटीएमएस के ज़रिये कमांड-कंट्रोल सेंटरों से निगरानी की जाएगी। इलेक्ट्रिक बसों के विस्तार से पर्यावरण को राहत मिलेगी और युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर भी बनेंगे।

किसी भी प्रदेश की तरक्की का पैरामीटर वहां की परिवहन सेवा भी है। सफर कितना सुगम और सरल है। लोग कितनी आसानी से एक जगह से दूसरी जगह पहुंच सकते हैं। रोज़ काम पर जाने वाले लोग, पढ़ाई के लिए शहर आने वाले विद्यार्थी, इलाज या रोज़गार के लिए निकले ग्रामीण और सफ़र करती महिलाएं, सभी को सुरक्षित, समयबद्ध और किफायती सार्वजनिक परिवहन की ज़रूरत होती है। इसी ज़रूरत को समझते हुए राज्य की डॉ.मोहन यादव सरकार ने 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' के रूप में एक बड़ी जनहितैषी सौगात मध्यप्रदेश को दी है। इस योजना की खास बात ये है कि इससे शहर और गांव दोनों लाभान्वित होंगे। इस योजना की खास बात है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए निर्देश दिए और तत्काल इस पर अमल शुरू हो गया, आने वाले समय में यह सुविधा और बेहतर होगी।

**01** शुरुआत में 351 बसें प्रदेश के 7 क्षेत्रों में दौड़ना शुरू हुईं

**02** प्रदेश की 75 फीसदी पंचायतों को मिलेगा लाभ

**03** 2031 तक होंगी 14981 हजार बसें, कुल-30 लाख लोग होंगे लाभान्वित



### एडवांस तकनीक वाला है बसो का स्टेयरिंग

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा अंतर्गत शुरू होने वाली इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों के संचालन को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में परिवहन विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। इसके अंतर्गत सड़कों पर दौड़ने वाली बसों का स्टेयरिंग एडवांस तकनीक से प्रशिक्षित ड्राइवरों के हाथों में होगा। इसके लिए बस चालकों को इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों की तकनीक, संचालन और सुरक्षा मानकों से परिचित कराने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे नई तकनीक वाली बसों का सुरक्षित और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

### चालकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रदेश में वाहन चालकों को आधुनिक बसों की सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इंदौर और छिंदवाड़ा में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां वाहन चालकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में 5 रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर भी जल्द तैयार हो जाएंगे। ये सेंटर भोपाल, बैतूल, छतरपुर, उज्जैन और ग्वालियर में स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा जिला स्तर पर 22 ड्राइवर ट्रेनिंग सेंटर भी जल्द तैयार किए जाएंगे। इन प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से वाहन चालकों को आधुनिक तकनीक, सुरक्षा मानकों तथा इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों के संचालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### पहले फेज में इन शहरों में चल रहीं 351 बसें

- इंदौर के लिए 145 बस, जिसमें 50 इंटरसिटी, 95 इंट्रासिटी
- भोपाल के लिए 106 बसें, जिसमें 23 इंटरसिटी, 83 इंट्रासिटी
- जबलपुर के लिए 67 बसें, जिसमें 14 इंटरसिटी,53 इंट्रासिटी
- रीवा की 18 और देवास की 10 इंटरसिटी बस
- कटनी की 3 और भिंड की 2 इंटरसिटी बसों को रवाना किया गया

### दो श्रेणियों में बस सेवा

351 बसों को एक साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसे दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इसमें 120 इंटरसिटी बसें हैं। ये बसें दो या दो से अधिक शहरों के बीच आवागमन को सुगम और तीव्र बनाएंगी। 231 इंट्रासिटी बसें शहरों के भीतर नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ और सस्ती यात्रा सुविधा प्रदान करेंगी।

**पैनिक बटन और जीपीएस से बढ़ेगी सुरक्षा**

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में यात्रियों की सुरक्षा और बसों की निगरानी के लिए तकनीक का उपयोग किया जाएगा। बसों में पैनिक बटन और जीपीएस की सुविधा रहेगी। जीपीएस के माध्यम से बसों की लाइव लोकेशन की निगरानी की जा सकेगी। पैनिक बटन आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में काम करेगा।

### साल-दर-साल बढ़ेगी बसों की संख्या

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत अगले पांच वर्षों में सार्वजनिक परिवहन सेवा का विस्तार करते हुए बसों की संख्या 14981 बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा चरणबद्ध कार्य योजना भी तैयार की गई है। इसके अनुसार प्रतिवर्ष 2500 से तीन हजार नई बसें जोड़ी जाएंगी। विभिन्न क्षेत्रों में यात्रियों के लिए आवागमन के अधिक विकल्प होंगे।

**इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों का संचालन**

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा अंतर्गत प्रदेश में इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों का संचालन शुरू किया गया है। इससे शहरों के बीच आवागमन के साथ ही शहरों के भीतर सार्वजनिक परिवहन की सुविधाएं बढ़ेंगी। सेवा का उद्देश्य प्रदेशवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी के साथ सुगम, सुरक्षित और भरोसेमंद परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। इंटरसिटी बसें दो या दो से अधिक शहरों को जोड़ेंगी, जबकि इंट्रासिटी बसें शहरों के भीतर चलेंगी।

पीपीपी मॉडल से निजी ऑपरेटरों की भी होगी सशक्त भागीदारी

## बसों के साथ दौड़ेगा रोजगार, सुगम परिवहन सेवा से निवेश और स्वरोजगार को मिलेगी बड़ी रफ्तार

### बस संचालन से लेकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक बढ़ेगा निवेश

मध्यप्रदेश में शुरू हो रही 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' सिर्फ यात्रियों के सफर को आसान बनाने की योजना नहीं है, यह प्रदेश के युवाओं के लिए रोज़गार और स्वरोजगार के नए रास्ते भी खोलेगी। योजना के तहत परिवहन क्षेत्र का विस्तार होने से बस संचालन, वाहन निर्माण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी सेवाओं जैसे कई संबद्ध क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएँ बढ़ेंगी। इससे परिवहन से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा और युवाओं के लिए नए अवसर बनेंगे। योजना में निजी भागीदारी पर भी खास ज़ोर है। जन-निजी भागीदारी (पीपीपी) को गति देने के लिए पारदर्शी अनुबंध प्रणाली और प्रोत्साहन योजनाएँ लागू की जाएंगी। इस मॉडल से निजी बस ऑपरेटरों को राजस्व रिसाव रोकने, विज्ञापन और कार्गो सेवाओं जैसी नॉन-फेयर आय बढ़ाने तथा आधुनिक डिपो और टर्मिनलों के उपयोग की सुविधा मिलेगी। प्रशासन का पूर्ण सहयोग भी उन्हें मिलेगा।



### 7 कमांड-कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए

बसों की निगरानी के लिए मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और उसकी 7 सहायक कंपनियों में अत्याधुनिक कमांड-कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये इन केंद्रों से बसों के संचालन, लोकेशन और समयबद्धता की रियल टाइम निगरानी होगी। सभी बसों में 7 सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और रियल-टाइम व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम, ड्राइवरों की तकनीकी ट्रेनिंग और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र से यात्रा सुरक्षित और समयबद्ध होगी। यह आधुनिक व्यवस्था तकनीकी और प्रशिक्षित मानव संसाधन की नई मांग भी पैदा करेगी। सरकार का लक्ष्य प्रदेश में 14981 से अधिक आधुनिक बसें चलाने का है। जैसे-जैसे यह नेटवर्क फैलेगा, परिवहन क्षेत्र में रोज़गार और निवेश का दायरा बढ़ेगा।

बस सेवा में महिला और बाल सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

बसों में पैनिक बटन, सीसीटीवी और रियल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग

## गांव तक पहुंचेगी बस, सफर में सुरक्षित रहेंगी बेटियां

### 2031 तक 75 फीसदी बस सेवा ग्राम पंचायतों तक

मध्यप्रदेश में शुरू हो रही मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा गांवों को शहरों से जोड़ने और महिलाओं के सफर को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। योजना के तहत साल 2031 तक 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बस सेवा से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीण कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिलेगी। इसके लिए प्रदेशभर में लगभग 14981 से अधिक आधुनिक सार्वजनिक बसें चलाई जाएंगी, जिनसे प्रतिदिन 30 लाख से ज्यादा यात्रियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। सार्वजनिक बसों में महिला और बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सभी बसों को सीसीटीवी कैमरों, पैनिक बटन और रियल-टाइम व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम से लैस किया जा रहा है। पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम, ड्राइवरों की तकनीकी ट्रेनिंग और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र के जरिए सुरक्षित और समय पर यात्रा सुनिश्चित की जाएगी। इससे परिवहन व्यवस्था सुरक्षित, सुगम, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।



### बसों के संचालन और लोकेशन पर रहेगी निगरानी

बसों की निगरानी इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम से की जाएगी। इसके लिए मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और उसकी 7 सहायक कंपनियों में आधुनिक कमांड-कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। यहाँ से बसों के संचालन, लोकेशन और समय की रियल टाइम निगरानी होगी।

### गांव-शहर की दूरी होगी कम

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह योजना खास मानी जा रही है। बस सेवा से जुड़ने पर गांव के लोगों, विद्यार्थियों और महिलाओं को काम, पढ़ाई, इलाज और बाज़ार के लिए शहर तक पहुंचना आसान होगा। साथ ही 180 से अधिक आधुनिक बस स्टैंड, टर्मिनल और डिपो का कायाकल्प भी किया जाएगा। सरकार तकनीक, सुरक्षा और पर्यावरण से जोड़ने का दावा कर रही है।

**20 साल बाद लौटीं सरकारी बसें, उम्मीदों को लगे पंख**

## सुगम परिवहन सेवा से आमजनों में उत्साह, कहा-व्यापार होगा आसान

बरसों के इंतज़ार के बाद प्रदेश की सड़कों पर सरकारी बसों की वापसी से आम लोगों में उत्साह है। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की शुरुआत से पहले ही देवास, रायसेन और विदिशा जैसे शहरों में लोगों की उम्मीदें बसों के साथ दौड़ने लगी हैं। कहीं व्यापारी इंदौर आना-जाना आसान होने से कारोबार बढ़ने की आस लगाए हैं, तो कहीं युवा इसे रोज़गार और आय के नए स्रोत खुलने का मौका मान रहे हैं। देवास के लोगों का कहना है कि 20 वर्षों बाद सरकारी बसें मिलने से निजी बसों के ज्यादा किराए से राहत मिल रही है और परिवार के साथ सुरक्षित यात्रा का भरोसा बढ़ा है। रायसेन में इसे उन गांवों के लिए वरदान बताया जा रहा है, जहां सड़क संपर्क सीमित है और लोगों को जिला मुख्यालय पहुंचने में लंबा सफर तय करना पड़ता था।

### 20 वर्षों बाद बस सेवा शुरू होने से देवास में खुशी



दशरथ यादव



राम बाबू

देवास में मेडिकल संचालक दशरथ यादव ने बताया कि 20 वर्षों से प्रदेश में सरकार द्वारा संचालित बसों की सेवाएं नहीं मिल पा रही थी। प्रायवेट बसों की सीट छोटी होती है और किराया ज्यादा होता है, लेकिन अब सरकार द्वारा संचालित बसों में बेहतर सुविधा कम किराए पर मिलने लगी है। शहरवासी राम बाबू ने बताया कि बसें चलने से एक शहर से दूसरे शहर जाने में सुविधा होगी। सरकारी बसों में सुविधा के साथ सुरक्षा मिलने से परिवार के साथ यात्रा करना सकुन भरा रहता है। का नाम भी शामिल है।

### हर एक वर्ग में है उत्साह, कहा इससे जीवन होगा आसान



### अब ज्यादा पैदल नहीं चलना पड़ता

प्रदेश सहित रायसेन जिले में मुख्यमंत्री सुगम बस परिवहन सेवा योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान है। खासकर उन गांवों के लिए जहां सड़क संपर्क सुविधा सीमित है और लोगों को जिला मुख्यालय या अन्य प्रमुख केंद्रों तक पहुंचने के लिए अक्सर लंबी दूरी तक पैदल चलना पड़ता है। इंजीनियर मोहित सोनी का कहना है कि सरकार ने बस संचालकों के लिए व्यवहार्यता अंतर निधि का भी प्रावधान किया है। जिससे उनकी वित्तीय स्थिरता और दूरदराज के इन इलाकों में निरंतर सेवा सुनिश्चित हुई है। यह बस सेवा बहु आयामी सुविधा साबित होगी। वहीं युवा सुमेश यादव ने बताया कि सुगम बस सेवा रायसेन गांव मुख्यधारा जुड़ें हैं।



मोहित सोनी



सुमेश यादव

### यात्रियों की जरूरत के अनुसार संचालन बेहतर

विदिशा से विभिन्न शहरों को जोड़ने वाली बस सेवा की पहल को स्वागत योग्य बताते हुए रेल सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य कमलेश सेन का कहना है कि पहले राज्य परिवहन की बसें चलती थीं, जो समय के साथ बंद हो गईं। ऐसे में यह प्रयास सकारात्मक कदम है। लेकिन इसका वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब विदिशा-भोपाल के दैनिक यात्रियों के लिए मासिक पास की सुविधा तत्काल मिले और सुबह-शाम उपयुक्त समय पर बसों का संचालन समय पर किया जाए। इससे रेल यात्रियों को भी एक सुविधाजनक और किफायती वैकल्पिक परिवहन मिल सकेगा।



कमलेश सेन

### व्यापारियों को मिलेगी राहत

व्यावसायी मोहन पटना का इस परिवहन सेवा को लेकर कहना है कि व्यवसाय के संबंध में बसों से सैकड़ों की संख्या में लोग विदिशा से अन्य शहरों में परिवहन करते हैं। विदिशा के व्यापारियों के व्यवसाय का भी मुख्य केंद्र इंदौर होता जा रहा है। लेकिन लेकिन अभी इंदौर तक सिर्फ सुबह एक बस है और लौटने के लिए शाम को एक बस है। बीच में बस के माध्यम से इंदौर तक आने जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है। सरकार की योजना से व्यापारियों को काफी राहत मिल सकेगी।



मोहन पटना

D-19199/26

## पेज एक का शेष

### देवी जी के दिनों ...

मुईन रहता है। मुईन भी पन्नी बीनने का काम करता है और कभी कभार चौकीदारी का काम करता था। पन्नी बनने के कारण किशोरी और मुईन की दोस्ती थी।

### रात को नहीं ...

लौट आई थी। लिहाजा पुलिस ने गुमशुदगी और अपहरण का मामला दर्ज नहीं किया, लेकिन किशोरी की तलाश करने चार्ली और एफआरवी में तैनात पुलिसकर्मियों को पॉइंट दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने ट्विशा ...

सुनवाई भोपाल से दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की गई है। प्रतिवादियों को याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। अब मामले में अगली सुनवाई 26 अक्टूबर को होगी। ट्विशा 12 मई को भोपाल स्थित अपनी ससुराल में मृत पाई गई थीं।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट के निशान** : पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार ट्विशा के सिर, कान और हाथ पर चोट के निशान मिले थे। रिपोर्ट में इन चोटों के मौत से पहले लगने की बात सामने आई थी। मामले में पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, गिरिबाला सिंह ने अपनी जमानत याचिका में ट्विशा पर नशे की लत होने और नशा नहीं मिलने पर असामान्य व्यवहार करने के आरोप लगाए थे।

### नवीनः अराजकता ...

पर सत्ता हासिल करने के लिए है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष देश में अराजकता फैलाना चाहता है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता का रास्ता जनादेश से होकर गुजरता है, अराजकता से नहीं। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने के किसी भी प्रयास का विरोध करने की बात कही।

### खेड़ा बोले- चुनाव से सत्ता

है। खेड़ा ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल को लोकतंत्र में विरोध की आदत नहीं रही। कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2013 में 'रिजीम चेंज' से जुड़े बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भाजपा को ऐसे बयानों पर आपत्ति नहीं थी, लेकिन अब प्रशांत भूषण के ऐसा कहने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। उन्होंने नेहा बोरा को वामपंथी बताकर निशाना बनाए जाने का भी आरोप लगाया और सरकार से सवाल किया कि क्या वह विरोध प्रदर्शन को गैरकानूनी मानती है।

**जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति क्यों नहीं ?**

प्रदर्शनों के कारण व्यापारियों को हो रहे नुकसान के सवाल पर खेड़ा ने कहा कि सरकार जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति क्यों नहीं देती? उन्होंने आरोप लगाया कि सेंट्रल पार्क और मेट्रो सेवाएं बंद किए जाने से कारोबार प्रभावित होता है और इसके लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराना गलत है।

### स्थानीय जरूरतों के ...

समाधान ऑनलाइन में आम लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ ही अफसरों को हिदायत भी दी कि हर हाल में आम लोगों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। समाधान कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना, आवास योजना के बिलों में गड़बड़ी, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना तथा नल-जल योजना से संबंधित शिकायतों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रभारी डीपीओ ओपी पांडे को संबंधित प्रकरण में कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अमर दाहिया को नल-जल योजना से संबंधित प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए कहा। ऊर्जा विभाग के उप महाप्रबंधक रघुवीर सिंह को शिकायत का समय पर निराकरण नहीं होने पर लघु शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे को नगरीय निकायों से संबंधित प्रकरणों का अभिलेख तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लास विनिर्माण इकाई का उदाहरण देते हुए कहा कि इस प्रकार की बड़ी औद्योगिक परियोजनाएं क्षेत्र में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा करती हैं। ऐसे उद्योगों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर कुशल मानव संसाधन तैयार करना भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुरैना में फूड पार्क विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित यशस्वी संवाद में प्रगतिशील किसानों एवं कृषि आधारित उद्यमियों से संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से लाभान्वित उद्यमी से उन्होंने शहद उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन और निर्यात संबंधी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती एवं जैविक उत्पादों की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

### गोवा एक्सप्रेस की ...

रेलवे फाटक के पास ट्रैक की मरम्मत और सुधार का काम चल रहा था। इसी दौरान मक्सी की ओर से आ रही गोवा एक्सप्रेस ट्रेन ने मेंटेनेंस कार्य में इस्तेमाल की जा रही स्थायी मार्ग निरीक्षक की ट्रॉली को टक्कर मार दी। ट्रैक सुधारक भगवानसिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, दिलीप जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों कर्मचारी शाजापुर जिले के बलियासोन के निवासी बताए गए हैं।

### महिला आरक्षण और ...

पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर परिसीमन पर सर्वदलीय बैठक बुलाने और संवैधानिक संशोधन विधेयक जबरन पारित नहीं कराने की मांग की है। बजट सत्र के दौरान 17 अप्रैल को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करने से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका था। इसमें परिसीमन का प्रावधान भी शामिल था। इसे पारित कराने के लिए संसद के दोनों सदनों में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत जरूरी है। टीएमसी और शिवसेना (यूबीटी) के सांसदों के सत्ता पक्ष के साथ आने से समीकरण बदलने की चर्चा है। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) सहित अन्य दलों के समर्थन की उम्मीद है। कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का कहना है कि इस बारे डीएमके से बात हो गई है।

**परिसीमन पर चर्चा की मांगः** खरगे ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में मानसून सत्र के सत्रावसान में देरी पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि परिसीमन प्रस्तावों को अंतिम रूप देने से पहले सभी दलों के साथ चर्चा जरूरी है।

### सरकार को 2-3 दिन की ...

करने का आश्वासन दिया है। महासभा ने स्पष्ट किया कि यदि प्रभावित अभ्यर्थियों को राहत देने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो 28 अक्टूबर को संभागीय स्तर पर ज्ञापन सौंपकर आंदोलन तेज किया जाएगा। महासभा के कोर कमेटी सदस्य के अनुसार जबलपुर हाईकोर्ट के अंतरिम फैसले के बाद संगठन ने 15 अक्टूबर को प्रदेशभर में ज्ञापन और प्रदर्शन किए थे। इसके बाद मुख्यमंत्री की ओर से प्रतिनिधिमंडल को चर्चा के लिए बुलाया गया। बैठक में महासभा ने 27% आरक्षण की बहाली के लिए ठोस कार्रवाई की मांग की। महासभा ने सरकार से सवाल किया कि यदि कांग्रेस सरकार के समय लाया गया कानून सही नहीं था, तो पिछले 20 वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद नया कानून क्यों नहीं बनाया गया?

### सरकार ने 27% ...

पहाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के साथ सरकारी भर्तियों में 13 प्रतिशत होल्ड पदों को ओबीसी अभ्यर्थियों से भरने की अनुमति मांगी है। याचिका दाखिल होने के बाद अब मामले के सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने का इंतजार है।

### एफआईआर कराने के बाद ...

गई है। मंत्री ने आरोप लगाया कि उन्हें कंपनी के निदेशक पद से हटाने के लिए उनके हस्ताक्षरों का कथित तौर पर गलत इस्तेमाल किया गया। उनके अनुसार, इस मामले में फर्जी दस्तावेजों के जरिए उन्हें पद से हटाने की कोशिश की गई। पुलिस के अनुसार, मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 323, 420, 467, 468, 471, 495, 498-ए, 504 और 506 सहित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की संबंधित धाराएं लगाई गई हैं। मामले में दस सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है।

### कांग्रेस का सवाल ...

थी। महिला सुरक्षा पर दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राजेंद्र टंगड़िया ने कहा कि प्रदेश सरकार ने न्याय की मांग कर रहे लोगों की भावनाओं की अनदेखी की है। उनके अनुसार अंकिता को न्याय दिलाने के लिए प्रदेशभर में आंदोलन चल रहे हैं, जबकि सरकार पर आरोपियों को बचाने के आरोप लगते रहे हैं।

# महामंडलेश्वर के आश्रम का 4 मंजिला भवन जमीदोज



**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 से पहले मेला क्षेत्र की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई तेज हो गई है। शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने जूना अखाड़े से जुड़े महामंडलेश्वर ज्योति गिरि के हरियाणा सेवा आश्रम में बने चार मंजिला भवन को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। भवन होटलनुमा स्वरूप में बनाया गया था। निर्माण हटाने के लिए पहले दो बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बाद भी भवन नहीं हटाया गया। नगर निगम की टीम शुक्रवार तड़के करीब पांच बजे आश्रम परिसर पहुंची। भवन को ढहाने के लिए चार पोकलेन मशीनों और एक जेसीबी को लगाया गया।

## विभिन्न दायित्वों पर कार्यरत स्वयंसेवकों से करेंगे 'संवाद'



**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत अपने नियमित प्रवास के अंतर्गत 24 से 26 अक्टूबर 2026 तक तीन दिवसीय जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। इस प्रवास के दौरान वे संघ के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे तथा स्वयंसेवकों एवं दायित्वान कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन करेंगे।

प्रथम दिन, 24 अक्टूबर को डॉ. भागवत जबलपुर महानगर में निवासरत मुख्य शिक्षक एवं उनसे ऊपर के दायित्ववान कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। इस अवसर पर वे कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठनात्मक कार्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा करेंगे। दूसरे दिन, 25 अक्टूबर को वे महाकौशल प्रांत के महाविद्यालयीन स्वयंसेवकों के शिविर में सहभागी होंगे। अंतिम दिन, 26 अक्टूबर को महाकौशल प्रांत की कार्यकारिणी एवं विभाग टोली के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हीरालाल करयाम पुत्र श्री धन्नूलाल करयाम आयु वयस्क निवासी-ग्राम किन्द्रई, तहसील घंसोर, जिला सिवनी म०प्र० 480997 का निवासी हूँ। मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम सुहानी करयाम (Suhani Karyam) है परंतु त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम सोहनी करयाम (Sohani Karayam) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। अब मेरी पुत्री प्रकाश उपरांत अपने सही व वास्तविक नाम सुहानी करयाम (Suhani Karyam) से जानी पहचानी जायेगी एवं उसके सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम सुहानी करयाम (Suhani Karyam) रहेगा।

पुराना नाम सोहनी करयाम (Sohani Karayam)
नया नाम सुहानी करयाम (Suhani Karyam)

## OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL
**Water Work Department**
4th Floor, BMC Head Office, Tulsi Nagar, Bhopal

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following works. The bidder can obtained detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in.
Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT No. | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 09/T.Sec./EE./ Kolar W.W.D./ 2026-27 First Call | 2026_UAD_ 543928_1 | Supply of PAC poly aluminum chloride At Water Treatment Plant Kolar. | 92,76,000.00 | 69,570.00 | 13.11.2026 |
| 2 | 08/T.Sec./EE./ Kolar W.W.D./ 2026-27 First Call | 2026_UAD_ 543879_1 | Supply and Installation Leak Absorption System At Chlorine Control Room Bhopal | 20,21,700.00 | 15,163.00 | 13.11.2026 |

T.N. 903/026/027

Executive Engineer (WWD)
Municipal Corporation, Bhopal

## M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD

**Notice Inviting Tender- MPHIDB/TENDER No. 2026_ MPHID_541602**

Online percentage rate bids are invited for the following work from registered contractors and firms registration criteria :-

| S. No. | System Tender No. | Name of Work | Probable Amount of Contract & EMD & Cost of Tender form | Completion Period (Months) | Date of Purchase & submission of bids | Date of opening of tender |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ MPHID_ 541602 | Providing and Operating of vehicle on rent for Division office, M.P. Housing and Infrastructure Development Board, Vidyarthi Nagar, Guna. | Rs. 7,45,176/- i/c GST & Rs. 15000/- & Rs. 2,360/- i/c GST | 24 Month i/c Rainy & summer season. | Dt. 17.10.2026 10:30 AM to Dt. 29.10.2026 up to 15:00 Hrs. | Envelop-A Dt. 30.10.2026 11:00 AM & Envelop-C Dt. 30.10.2026 15:00 PM |

**Note:-** (1). Interested bidders can view the detailed NIT on website **www.mphousing.in** and **https://www.mptenders.gov.in.** (2). Amendments to NIT, if any would be published on website only, and not in newspapers. (3). EMD as per portal i.c., use only online payment for EMD/ Registration fees and processing fees. No Offline mode of payment/Document should be accepted. (4). Tender Processing can be postponed/Cancelled at any stage without informing of any reason/cause. (5). The Rate quoted by the contractor shall be Inclusive of the GST and inclusive of all other levies, duties, cess, toll, taxes of Central and State Governments, local bodies and authorities.

**Visit us : www.mphousing.in**
**https://www.mptenders.gov.in**
**E-mail : eednhbgun@mp.gov.in**
M.P. Madhyam/128674/2026

/mphidb
/mphidb

**(A.K. Pant, E.E.)**
**Division - Guna**
**Mob. : 94257 67884**

## मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
**हर वोट कीमती, हर निकाय महत्वपूर्ण**

निर्वाचन भवन, 58 अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
Email-mpsec@mp.gov.in Ph.No. 0755-2555527

:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग आयोग कार्यालय में स्थापित विभिन्न कंपनी के प्रिंटर (जैसे- एच.पी., केनन, ब्रदर, सैमसंग,) आदि के लिए कॉर्टेज ड्रम क्रय हेतु जेम पोर्टल के माध्यम निविदा/बिड क्रमांक GEM/2026/B/8109275 दिनांक 13/10/2026 जारी की गई है। बिड का विवरण निम्नानुसार है :-

| S.No | Bid Details | Date & Time |
|---|---|---|
| 01 | Bid published date | Date 13/10/2026 |
| 02 | Bid End Date/Time | Date 03/11/2026 Time 17:00 PM |
| 03 | Bid Opening Date/Time | Date 04/11/2026 Time 17:00 PM |

इच्छुक निविदाकर्ता उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से निर्धारित नियम/शर्तों के तहत निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का संशोधन/सुधार/परिवर्तन होने की सूचना जेम पोर्टल की वेबसाईट पर रहेगी।

(डॉ. सुतेश शाक्या)
उप सचिव
म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल

G-20121/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
चतुर्थ तल, नगर निगम मुख्यालय भवन,
सेकण्ड स्टाप तुलसी नगर, भोपाल - 462003

NIT No.- 1112/HFA/2026 Date : 16-10-2026

**निविदा क्रमांक 2026_UAD_509409_4**

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कोकता (रेरा पंजीयन नं. P-BPL-18-1980) स्थल पर निर्मित शेष कुल 01 एम.आई.जी. (3 बी.एच.के.) आवासों का व्ययन उच्चतम निविदा दर के आधार पर किये जाने हेतु ई-निविदा पद्धति के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाऐं दिनांक 21.10.2026 को 13.30 PM से 23.11.2026 समय 17:30 PM बजे तक आमंत्रित की जा रही हैं, जिसकी तकनीकी निविदा दिनांक 25.11.2026 को समय 10:30 AM बजे खोली जावेंगी। तकनीकी मूल्यांकन उपरांत योग्य निविदाकारों की वित्तीय निविदा खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र, अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होंगी।

उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

नोटः- ऑनलाईन, ई-निविदा में समस्या होने पर ईमेल- bmcmp.hfa@gmail.com पर मेल करें, अथवा मोबाइल नंबर 9424499880 पर संपर्क करें।

जोनल अधिकारी (HFA)
नगर पालिक निगम भोपाल

नि.क्र. 896/026/027

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिजिटल विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 6380



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -6379 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | | म | | प | र | दा | न | शी |
| पू | | क | ल | श | | छ | बी | ल | | त |
| त | ल | | | व | | ता | | | सा | ल |
| | ल | | धा | रा | प्र | वा | ह | | व | |
| म | क | ब | रा | | था | | म | हा | न | ता |
| | | | वा | दा | | मा | स | | | |
| ह | म | रा | ही | | पा | | फ | र | मा | न |
| | यू | | क | हा | नी | का | र | | य | |
| ख | र | | | थी | | र | | | का | न |
| प | | ब | र | खा | | ना | र | द | | य |
| त | र | स | खा | ना | | मा | | म | न | न |

## सूडोकु नवताल - 6390

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6389 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## खबर संक्षेप

### रोल्स-रॉयस ने खोला नया लग्जरी शोरूम

**चेन्नई।** ब्रिटिश लग्जरी कार निर्माता रोल्स-रॉयस मोटर कार्स ने चेन्नई में अपना नया लग्जरी शोरूम शुरू किया है। 15 अक्टूबर 2026 को उद्घाटन के साथ कंपनी ने दक्षिण भारत में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रोल्स-रॉयस मोटर कार्स के सेल्स एंड ब्रांड डायरेक्टर जूलियन जेनकिंस ने कहा कि नया शोरूम कंपनी की भारत के प्रति प्रतिबद्धता और ग्राहकों को विशिष्ट लग्जरी अनुभव देने की सोच को दर्शाता है।

### अब बिना सेटटॉप बॉक्स 500 लाइव टीवी चैनल

**नई दिल्ली।** अब सेटटॉप बॉक्स और डिश एंटीना की अनिवार्यता खत्म करने की दिशा में टाटा प्ले ने नया कदम उठाया है। कंपनी ने टाटा प्ले स्मार्ट ऐप पेश किया है, जिसके जरिए दर्शक इंटरनेट की मदद से 500 से अधिक लाइव टीवी चैनल देख सकेंगे। इसकी सदस्यता 199 रुपये प्रतिमाह से शुरू होगी। टाटा प्ले के प्रबंध निदेशक हरित नागपाल ने कहा कि स्मार्ट टीवी और घरेलू ब्रॉडबैंड के विस्तार से मनोरंजन देखने के तरीके बदल रहे हैं।

### धनवेस्टर बनाएगा 2 लाख महिलाओं को साक्षर

**कोलकाता।** वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी धनवेस्टर उत्तर और पश्चिम भारत में अपनी पहुंच बढ़ाने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने अगले 12 से 18 महीनों में दो लाख से अधिक महिलाओं को वित्तीय साक्षरता से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुष्का सोहम बाथवाल के अनुसार इन कार्यक्रमों में स्कूली छात्राओं से लेकर पेशेवर महिलाओं और उद्यमियों तक को शामिल किया जाता है।

### महिंद्रा फाइनेंस का शुभ उत्सव अभियान लांच

**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने त्योहारी सीजन को देखते हुए 'शुभ उत्सव 2026 त्योहार तरक्की का' अभियान शुरू करने की घोषणा की है। दो महीने तक चलने वाले इस अभियान के तहत ग्राहकों को विभिन्न ऋण श्रेणियों में आकर्षक ऑफर दिए जाएंगे। चुनिंदा कार और ट्रैक्टर लोन पर 100 % प्रोसेसिंग फीस की छूट, बिना ब्याज वाहन ऋण के लाभ और सोने के सिक्के का अवसर शामिल है।

### पीएनबी ने कमाए 5,532 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने सितंबर 2026 में समाप्त दूसरी तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन किया है। बैंक का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 12.8 प्रतिशत बढ़कर 5,532 करोड़ रुपए हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक ने 4,904 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। बैंक की शुद्ध ब्याज आय में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। यह सालाना आधार पर 10.8 प्रतिशत बढ़कर 11,601 करोड़ रुपये पहुंच गई।

### फ्रेंड्स का नया विज्ञापन अभियान लांच

**नई दिल्ली।** नोबेल हाइजीन लिमिटेड के एडल्ट डायपर ब्रांड फ्रेंड्स ने महिलाओं में यूरिन लीकेज और एडल्ट डायपर के इस्तेमाल से जुड़ी झिझक दूर करने के लिए नया टेलीविजन विज्ञापन अभियान 'भरोसे वाली दोस्ती' लांच किया है। इसका उद्देश्य एडल्ट ड्राई पैंट्स के प्रति भरोसा बढ़ाना और महिलाओं को इन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### कपिल के घर पधारेंगे बेगम-नवाब

**इंदौर।** बॉलीवुड और क्रिकेट जगत की मशहूर हस्तियों को अपने शो में बुलाने के बाद 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के सीजन 5 अब रियल-लाइफ कपल करीना कपूर खान और सैफ अली खान का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अतः बॉलीवुड में टिपिकल लव बर्ड्स के तौर पर देखे जाने वाले करीना कपूर और सैफ अली खान की जोड़ी नजर आएगी और कॉमेडी शो में अपने मजेदार अंदाज और हंसी-मजाक से चार चांद लगाएंगे।

---

एमके रिसर्च और स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट की 'सब्सक्राइब' रेटिंग

# जियो आईपीओ पर एनालिस्ट्स बुलिशः लिस्टिंग पर 15 से 20 फीसदी तक प्रीमियम की संभावना

एजेंसी ▶▶ मुंबई




जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रस्तावित आईपीओ को लेकर बाजार विश्लेषकों का रुख सकारात्मक है। एनालिस्ट रिपोर्ट्स में कंपनी की लिस्टिंग पर 15 से 20 प्रतिशत तक प्रीमियम की संभावना जताई गई है। एमके रिसर्च और स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट ने आईपीओ को 'सब्सक्राइब' रेटिंग दी है। विश्लेषकों के मुताबिक, कंपनी की मजबूत बाजार स्थिति, डिजिटल सेवाओं में विस्तार और 5जी पर घटते पूंजीगत खर्च से भविष्य में नकदी प्रवाह बेहतर हो सकता है। हालांकि, वास्तविक लिस्टिंग प्रदर्शन बाजार की परिस्थितियों और निवेशकों की मांग पर निर्भर करेगा। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 की कमाई के आधार पर ऊपरी प्राइस बैंड पर जियो का पी/ई अनुपात करीब 33.3 गुना है, जबकि भारती एयरटेल का 40.7 गुना है। इस आधार पर जियो का वैल्यूएशन एयरटेल से करीब 18 प्रतिशत कम है। एक अन्य आकलन में जियो का पी/ई 33.5 गुना और एयरटेल का 38.9 गुना बताया गया है। हालांकि, कंपनी की भविष्य की वृद्धि की कुछ संभावनाएं मौजूदा कीमत में पहले से शामिल हो सकती हैं।

### 5जी निवेश घटने से नकदी बढ़ने की उम्मीद

एमके रिसर्च के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बीच जियो का पूंजीगत खर्च राजस्व के 48.8 प्रतिशत से घटकर 23.3 प्रतिशत रह गया। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का फ्री कैश फ्लो करीब 32,500 करोड़ रुपए रहा। विश्लेषकों का मानना है कि 5जी नेटवर्क पर भारी निवेश का दौर काफी हद तक पूरा होने से कंपनी के पास भविष्य में अधिक नकदी उपलब्ध हो सकती है। मोबाइल कारोबार के अलावा होम ब्रॉडबैंड, एंटरप्राइज सेवाएं, क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को जियो के संभावित ग्रोथ ड्राइवर माना जा रहा है। एमके रिसर्च ने होम ब्रॉडबैंड और कंपनी की इन-हाउस टेक्नोलॉजी को भविष्य में विस्तार के महत्वपूर्ण अवसर बताया है। 15 अक्टूबर को जियो का प्राइस बैंड सामने आने के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब 3.4 प्रतिशत चढ़ा। जियो की स्वतंत्र लिस्टिंग से रिलायंस के डिजिटल कारोबार का मूल्यांकन स्पष्ट होने और शेयरधारकों के लिए वैल्यू अनलॉकिंग की संभावना है। हालांकि, लिस्टिंग प्रीमियम के अनुमान निश्चित रिटर्न की गारंटी नहीं हैं। निवेश से पहले आईपीओ की शर्तों, वैल्यूएशन और जोखिमों का आकलन जरूरी है।

# राघवेंद्र सिंह ने संभाली मंडी बोर्ड के आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक की कमान

**बोले- पारदर्शिता पर रहेगा जोर, किसानों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए आधुनिक तकनीक का होगा प्रभावी उपयोग**

**अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं की जानकारी ली और योजनाओं की स्थिति जानी**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड को नया नेतृत्व मिल गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने मंडी बोर्ड के आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने बोर्ड की कार्यप्रणाली, विभिन्न गतिविधियों और विभागीय योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों के साथ चर्चा कर अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौजूदा सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में मंडी बोर्ड को आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद राघवेन्द्र सिंह ने विभागीय कामकाज को अधिक सुगम, प्रभावी और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सूचना प्रौद्योगिकी का महत्व लगातार बढ़ रहा है और मंडी बोर्ड को भी इसका प्रभावी उपयोग करते हुए अपनी कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाना होगा। उन्होंने विभागीय गतिविधियों में नई तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देने और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।



उनकी प्राथमिकताओं में विभागीय कामकाज को सरल बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और योजनाओं के प्रभावी संचालन पर ध्यान देना शामिल है। नवागत आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक ने पदभार संभालने के बाद मंडी बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर मंडी बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक अनुराग सक्सेना ने राघवेन्द्र सिंह का स्वागत किया। इस दौरान अपर संचालक अमन पस्तोर एवं संगीता ढोके, संयुक्त संचालक एस.के. कुमरे एवं नितिन कोल्हे, उप संचालक रश्मि कश्यप, अविनाश पाठे एवं सोना जायसवाल, मुख्य प्रोग्रामर संजीव अग्निहोत्री और सहायक संचालक योगेश नागले सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

## 20 को करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट श्रेणी में जगह मिली

# नफोर्ड की शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में शिक्षा 'ओ' अनुसंधान के 38 शोधकर्ता शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

अमेरिका की प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और नीदरलैंड की अकादमिक प्रकाशन एवं सूचना विश्लेषण कंपनी एल्सेवियर की ओर से जारी वर्ष 2026 की दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी के 38 शोधकर्ताओं ने स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शोध उत्कृष्टता और वैज्ञानिक योगदान को दर्शाती है। यह सूची 'करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट' और 'सिंगल-इयर इम्पैक्ट' दो श्रेणियों में तैयार की जाती है। विश्वविद्यालय के 35 शोधकर्ताओं को सिंगल-इयर इम्पैक्ट, जबकि 20 को करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट श्रेणी में जगह मिली है। पहली श्रेणी पिछले कैलेंडर वर्ष के शोध प्रभाव और उद्धरणों को दर्शाती है, जबकि दूसरी शोधकर्ताओं के दीर्घकालिक अकादमिक योगदान को रेखांकित करती है।

### प्रमुख नामों में शामिल

सेंटर फॉर नैनो साइंसेज एंड नैनो टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. कुलमणि परिडा, बायो-फ्यूल्स बायो-प्रोसेसिंग रिसर्च सेंटर के निदेशक प्रो. लाला बिहारी शुक्ला, प्रो. हृदयनाथ थटोई, प्रो. संघमित्रा नायक, प्रो. गौतम रथ और प्रो. रवींद्रनाथ पाढ़ी शामिल हैं। आईटीईआर के चयनित शोधकर्ताओं में प्रो. आरएनपी चौधरी, प्रो. मनोहर मिश्र, प्रो. आचार्य, डॉ. लोपामुद्रा आचार्य, डॉ. सत्यव्रत सुबुद्धि, डॉ. शेखर चंद्र रे, डॉ. सुभाश्री चौधरी, डॉ. संतोष कुमार परिदा, डॉ. राहुल प्रियदर्शी, डॉ. सुसंगिनी नायक, डॉ. सुभाजीत पांडा, डॉ. सुलग्ना पटनायक, डॉ. दीप्ति प्रवा साहू, डॉ. देबब्रत प्रधान और डॉ. सुरेश कुमार पात्रा शामिल हैं।

---

## 'वी' का पहला प्रीपेड फैमिली प्लान पेश

**ग्वालियर ।** दूरसंचार कंपनी वी ने भारत का पहला प्रीपेड फैमिली प्लान पेश किया है। इसके तहत ग्राहक देश में कहीं भी रहते हुए अपने परिवार के सदस्यों के साथ मोबाइल डेटा साझा कर सकेंगे। कंपनी की इस नई पहल का उद्देश्य प्रीपेड ग्राहकों को बेहतर कनेक्टिविटी और रिचार्ज पर बचत की सुविधा देना है। इस प्लान के तहत वी ऐप पर अधिकतम चार सदस्यों का फैमिली ग्रुप बनाया जा सकता है। इसमें एक प्राइमरी और तीन सेकेंडरी सदस्य शामिल होंगे। प्रत्येक सदस्य का अपना प्रीपेड प्लान और वैलिडिटी बरकरार रहेगी। फैमिली ग्रुप के प्रत्येक सदस्य को वी ऐप के माध्यम से किए गए हर रिचार्ज पर 10 प्रतिशत तक की गारंटीड छूट भी मिलेगी। वी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अवनीश खोसला ने कहा कि यह पहल ग्राहकों को डेटा इस्तेमाल करने में अधिक स्वतंत्रता और सुविधा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त (यातायात) नगरीय पुलिस, भोपाल

पुराने कंट्रोल रूम के पीछे, जहाँगीराबाद भोपाल 462008

क्रमांक / पु.उपा/याता/न.पु/भो /2264/2026/ दिनांक 12/10/2026

### खुली नीलामी सूचना

यातायात नगरीय पुलिस भोपाल के अंतर्गत निम्नलिखित निष्प्रयोज्य (स्क्रैप) एवं टूटे सामग्री (लोहा एवं प्लास्टिक) उपलब्ध है, थाना यातायात में जो है, जैसी एवं जिस स्थिति में है की खुली नीलामी थाना यातायात परिसर में दिनांक 27.10.2026 को की जाना है (समय 12:00)

| क्र. | सामग्री | लगभग वजन |
|---|---|---|
| | लोहे की सामग्री | |
| 1. | लोहे के टूटे हुये स्टॉपर | 7000 कि.ग्रा. |
| 2. | लोहे के टूटे हुये यातायात बूथ | 800 कि.ग्रा. |
| 3. | लोहे के टूटे हुये ड्रॉप गेट | 2000 कि.ग्रा. |
| | कुल लगभग बजन | 9800 कि.ग्रा. |
| | प्लास्टिक की सामग्री | |
| 4. | प्लास्टिक के टूटे हुये कोन | 250 कि.ग्रा. |
| 5. | खराब प्लास्टिक सूटकेस | 14 कि.ग्रा. |
| 6. | टूटे हुये फायबर स्टॉपर | 80 कि.ग्रा. |
| 7. | टूटे हुये प्लास्टिक हेलमेट | 25 कि.ग्रा. |
| | कुल लगभग बजन | 369 कि.ग्रा. |

उपरोक्त सामग्री की नीलामी में इच्छुक व्यक्ति/फर्म निम्नलिखित नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए सम्मिलित हो सकते हैं-

1. नीलामी में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति या भागीदारी फर्म का सामग्री को देखकर एवं अवलोकन कर सकते हैं, सामग्री जैसी है जिस स्थिति में है, उस स्थिति से ही प्राप्त करना सफल बोलीकर्ता का दायित्व होगा। 2. फर्म को राज्य शासन द्वारा भोपाल शहर में अधिकृत पात्र और सक्षम फर्म के रूप में पंजीकृत होना चाहिए। फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। साथ फर्म की EMD के साथ आधार कार्ड एवं पंजीयन की छायाप्रति प्रति जमा कराना अनिवार्य है। 3. EMD के रूप में 5000/- रु की राशि डिमांड ड्राफ्ट/चेक के रूप में बंद लिफाफे में जिसमें फर्म का पूर्ण विवरण लिखकर थाना यातायात स्टोर शाखा में दिनांक 24.10.2026 के 17:00 बजे तक जमा करना होगा, नीलामी में भाग लेने वाले फर्म व्यक्ति को EMD सफल निविदाकार को छोड़ने हेतु अन्य फर्म की EMD राशि वापस कर दी जायेगी। 4. सफल बोलीकर्ता को बोली की सम्पूर्ण राशि 1,00,000 रु एवं प्लास्टिक की सामग्री की GST 5,000/- आदेश प्राप्त होने के दिनांक के अंदर अग्रिम डिमांड ड्राफ्ट के रूप में पुलिस उपायुक्त मुख्यालय भोपाल के नाम से बनवाकर जमा कराया जाना अनिवार्य है, शेष राशि का भुगतान सामग्री के पुनः बजन के उपरांत प्रदाय किया जाना होगा। 5. प्रचलित/प्रस्तावित कर संबंधी कानूनों एवं प्रावधानों का पालन करना फर्म का दायित्व होगा। 6. सफल निविदाकार को जब भी आदेश जारी किया जायेगा उसके पश्चात 10 दिन में सम्पूर्ण सामग्री से पूरी तरह निराकृत कराया जाना आवश्यक होगा। 7. बिना कारण बताये निविदा पूर्णतः स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार पुलिस आयुक्त यातायात, नगरीय पुलिस भोपाल को होगा। इस संबंध में कोई भी पत्राचार मान्य नहीं किया जायेगा। 8. कार्य में विवाद होने की स्थिति में उक्त कार्य निष्पादन प्रतिपूर्ति राशि इकाई के खाते में जमा कराये जाने की कार्यवाही करने का अधिकार पुलिस उपायुक्त, यातायात नगरीय पुलिस भोपाल को होगा। 9. निविदा में विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र जिला भोपाल होगा। 10. सामग्री को उठाने एवं परिवहन की समस्त जिम्मेदारी क्रेता की ही होगी। 11. सफल क्रेता को समस्त सामग्री का वजन समिति समस्त सदस्यों की उपस्थिति में कराया जाना अनिवार्य होगा। 12. पुलिस उपायुक्त (यातायात) नगरीय पुलिस भोपाल, उक्त अधिकारी से बिना कोई कारण बताये किसी उद्धृत बोली को मान्य अथवा अमान्य करने हेतु पूर्ण स्वतंत्रता होगी। 13. सफल क्रेता को प्रचलित शासकीय नियमानुसार विक्रय कर अन्य शुल्क तथा स्थानीय कर पृथक से निर्वाह करने होंगे। 14. नीलामी के संबंध में नीलामी अधिकारी द्वारा ही निर्णय लिया जायेगा शेष नियम एवं सामग्री की जानकारी स्टोर शाखा थाना यातायात भोपाल में कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

G-20089/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

पुलिस उपायुक्त यातायात
नगरीय पुलिस भोपाल


---

यूरेनियम पाउडर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

# वजन बढ़ाने सोने में यूरेनियम की मिलावट

**जानकार बोले- यूरेनियम पाउडर के इस्तेमाल से क्वालिटी प्रभावित नहीं होती, बल्कि इसका वजन बढ़ जाता**




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोने की कीमतें ऊंचे स्तर पर होने के बीच आभूषणों की शुद्धता को लेकर एक नई चिंता सामने आई है। सोने में पाउडर की जगह अब एक यूरेनियम का इस्तेमाल होने लगा है। इसे मशीनें भी नहीं पकड़ पा रही हैं। यह यूरेनियम पाउडार स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

सोने में यूरेनियम जैसी भारी धातु मिलाकर वजन बढ़ाने और ग्राहकों को शुद्ध सोने के दाम पर मिलावटी आभूषण बेचने के दावों ने सर्राफा बाजार में सवाल खड़े किए हैं। ज्वेलरी व्यवसाय से जुड़े सराफा कारोबारियों द्वारा दावा है कि मौजूदा समय में सोने में यूरेनियम की मिलावट वाले आभूषणों की बिक्री की जा रही है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक स्थानीय सराफा व्यापारी ने बताया कि यूरेनियम पाउडर के इस्तेमाल से आभूषण की क्वालिटी प्रभावित नहीं होती, बल्कि इसका वजन बढ़ जाता है। मल्टी ब्रांड कंपनियां और कुछ बड़े ज्वेलर्स इस प्रकार के रेडियम पाउडर मिलावटी आभूषणों की बिक्री का ग्राहकों से मुनाफावसूली कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यूरेनियम एक दुर्लभ धातु है, जिसका घनत्व करीब 21.02 ग्राम प्रति घन सेंटीमीटर बताया जाता है। वहीं, शुद्ध सोने का घनत्व लगभग 19.3 ग्राम प्रति घन सेंटीमीटर होता है। दोनों धातुओं के घनत्व में अपेक्षाकृत कम अंतर होने के कारण केवल वजन या आकार देखकर ऐसी मिलावट की पहचान करना मुश्किल हो सकता है।

### सोशल मीडिया पर जागरुकता पोस्टर ने बढ़ाई आशंका

सोशल मीडिया पर प्रसारित जागरुकता पोस्टर में सोने में यूरेनियम पाउडर मिलाकर वजन बढ़ाने की आशंका जताई गई है। दावा है कि इस तरह ग्राहक को शुद्ध सोने के पूरे दाम चुकाने के बाद भी अपेक्षित शुद्धता नहीं मिल सकती। प्रसारित पोस्टर में दावा किया गया है कि सोने में 3 से 5 प्रतिशत तक यूरेनियम मिलाकर धोखाधड़ी की जा सकती है।

### ग्राहकों को सावधानियां बरतनी जरूरी

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का हॉलमार्क और छह अंकों का एचयूआईडी पहचान कोड जांचें। बिल में सोने की शुद्धता, वजन, प्रति ग्राम दर, मेकिंग चार्ज और अन्य शुल्क का विवरण होना चाहिए। विक्रेता की साख और बिल देने की प्रक्रिया की जांच करें।

- आभूषण की शुद्धता को लेकर संदेह हो तो मान्यता प्राप्त जांच केंद्र से परीक्षण कराए।
- अधिक वजन या सामान्य दिखावट को शुद्धता का प्रमाण न मानें।

उद्योग और लॉजिस्टिक्स हब विकसित करने पर जोर

# पहले चरण में निवेश और रोजगार बढ़ाने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जबलपुर – भोपाल – इंदौर इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण में भोपाल और जबलपुर में बड़े उत्पादन केंद्र विकसित करने, निजी निवेश बढ़ाने और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं का विस्तार करने पर जोर दिया जा रहा है। 'कमाल का भोपाल' अभियान के शोध और क्रेडाई के प्रस्तावों के अनुसार, दोनों शहरों में उद्योगों की स्थापना के साथ स्थानीय सप्लायरों को ऑर्डर और युवाओं को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में काम करने की जरूरत है। प्रस्तावित विकास मॉडल में भौंरी की नॉलेज एंड एआई सिटी 'इकाई', भेल की अप्रयुक्त औद्योगिक भूमि पर तकनीक आधारित गतिविधियां और लॉजिस्टिक्स हब को व्यापक आर्थिक रणनीति से जोड़ने की बात है। 'कमाल का भोपाल' अभियान की इनसेप्शन रिपोर्ट 30 जनवरी 2025 को अपर मुख्य सचिव और 1 फरवरी को मुख्य सचिव के सामने प्रस्तुत की गई थी। इसके बाद 6 फरवरी को तत्कालीन मुख्य सचिव ने अधिकारियों को क्रेडाई के साथ शहर की विकास रणनीति तैयार करने और अभियान को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। क्रेडाई अध्यक्ष मनोज सिंह मीक के अनुसार, अभियान के कई विषय मुख्य सचिव स्तर पर मॉनिटरिंग में हैं। 'इकाई', मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग और विकास योजना की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। भेल की अप्रयुक्त औद्योगिक भूमि के उपयोग और लॉजिस्टिक्स हब के प्रस्ताव भी प्रक्रियाधीन हैं। 24 जुलाई 2025 को क्रेडाई ने भेल भूमि पर एआई और नॉलेज इकोनॉमी विकसित करने का प्रस्ताव दिया था। भौंरी की 'इकाई' इससे अलग परियोजना है। भोपाल की हिस्सेदारी करीब 2 प्रतिशत और जबलपुर की 2.2 प्रतिशत रही। इस अवधि में इंदौर का निर्यात भोपाल से लगभग 15.6 गुना अधिक था।

---

## बिजनेस न्यूज

### वीआईटी पूर्व छात्र संघ के इंदौर चैप्टर का उद्घाटन

**इंदौर ।** वीआईटी पूर्व छात्र संघ के इंदौर चैप्टर का हाल ही में उद्घाटन किया गया। यह वीआईटीएए का 65वां चैप्टर है। समारोह का उद्घाटन आईआईटी इंदौर के रजिस्ट्रार सिबा प्रसाद होता ने किया। वीआईटी के संस्थापक एवं चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने इंदौर चैप्टर की शुरुआत को संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक बताया।



उन्होंने कहा कि इससे पूर्व छात्रों को एक मंच पर आने, आपसी संबंध मजबूत करने और अपने संस्थान से जुड़ाव बनाए रखने का अवसर मिलेगा। समारोह में सीबीआई के पूर्व निदेशक एवं वीआईटी भोपाल के वर्तमान सलाहकार ऋषि शुक्ला, वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ. शंकर विश्वनाथन, श्रीमती रमानी बालसुंदरम, वीआईटी भोपाल के कुलपति डॉ. सतीश कुमार मोध, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. श्रीधरन टी.बी., वीआईटीएए के निदेशक डॉ. कार्तिकेयन शिवषणमुगम और सहायक निदेशक डॉ. भाग्यवीरेश्वरन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर 100 से अधिक पूर्व छात्र अपने परिवारों के साथ शामिल हुए।

### एसबीआई कार्ड और इटर्नल का क्रेडिट कार्ड लांच

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज (एसबीआई कार्ड) और इटर्नल लिमिटेड ने संयुक्त रूप से 'इटर्नल एसबीआई कार्ड' लॉन्च करने की घोषणा की है। इस सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ग्राहकों को जोमैटो, ब्लिंकिट, डिस्ट्रिक्ट और बिस्ट्रो जैसी सेवाओं पर विशेष छूट मिलेगी। इसके अलावा, उबर, इक्सिगो, अर्बन कंपनी और अपोलो 24|7 पर पात्र खर्च करने पर नकद वापसी का लाभ भी मिलेगा। कंपनी ने कार्ड के लिए शुरुआती पहुंच की सुविधा शुरू कर दी है। इटर्नल एसबीआई कार्डधारकों को जोमैटो और डिस्ट्रिक्ट पर पात्र लेन-देन के लिए 10 प्रतिशत की तत्काल छूट मिलेगी। वहीं, ब्लिंकिट पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सौंदर्य उत्पादों की खरीदारी पर 10 प्रतिशत तथा अन्य पात्र श्रेणियों में 5 प्रतिशत की तत्काल छूट दी जाएगी। इन प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली छूट की कुल सीमा 2,000 रुपये प्रति माह निर्धारित की गई है। कंपनी के अनुसार, इटर्नल के इन मंचों पर मिलने वाली छूट वहां पहले से उपलब्ध अन्य प्रस्तावों के अतिरिक्त होगी। इस क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अपोलो 24|7, इक्सिगो, उबर और अर्बन कंपनी पर पात्र खर्च करने वाले ग्राहकों को 5 प्रतिशत नकद वापसी मिलेगी। इसकी अधिकतम सीमा 1,000 रुपये प्रति माह होगी। कार्ड में नकद वापसी की राशि स्वतः खाते में जमा होने की सुविधा भी दी गई है।

### भारत के एमआईसीई सेक्टर में विकास की अपार संभावनाएं, मुंबई बनेगा वैश्विक हब

**मुंबई।** भारत में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र की बढ़ती क्षमता के अनुरूप बुनियादी ढांचे के विकास की जरूरत है। देश ने विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर और प्रदर्शनी स्थलों के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं का पूरा लाभ उठाने के लिए अभी और प्रयास करने होंगे। यह बात भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के सचिव एवं प्रबंध निदेशक सुमन बिल्ला ने मुंबई में आयोजित 'एमआईसीई इंडस्ट्री लीडर्स कनेक्ट' कार्यक्रम में कही। इंडियन एग्जीबिशन इंडस्ट्री एसोसिएशन (आईईआईए) की ओर से जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के एमआईसीई सेक्टर की विकास संभावनाओं, बुनियादी ढांचे और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों को आकर्षित करने की रणनीतियों पर चर्चा हुई। एमआईसीई यानी मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंसेस और एग्जीबिशन्स का क्षेत्र व्यावसायिक बैठकों, प्रोत्साहन यात्राओं, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों से जुड़ा है।


## यस बैंक लिमिटेड

YES BANK

पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय : यस बैंक हाउस, ऑफ वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे, सांताक्रुज (पूर्व) मुंबई - 400055
शाखा पता : यस बैंक लिमिटेड, 9-1-1, एमजी रोड़, ट्रेजर आयलेंड के पास, इन्दौर म.प्र. 452001.

### अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई नीलामी बिक्री नोटिस वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ पठित सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानो के तहत**

एतदद्वारा आमतौर पर जनसाधारण तथा विशेष रुप से कर्जदारों तथा गारंटर (ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो कि यस बैंक लिमिटेड यानि सुरक्षित लेनदार, के पास गिरवी रखी गई है/चार्ज की गई है, जिसका **भौतिक कब्जा** सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया है, जिसे ई-नीलामी के माध्यम से **''जैसा है जहॉ है'' ''जैसा है वैसा है'' और ''जो कुछ भी है''** के आधार पर **05/11/2026** को निम्न उल्लेखित ऋणीयों, सह-ऋणीयों, जमानतदारों एवं बंधककर्ताओं से सुरक्षित लेनदार को बकाया देय एवं अनुबंधित दरों पर आगे के ब्याज एवं शुल्कों की वसूली हेतु बेचा जाएगा।

| क्रं. | कर्जदार एवं सह-कर्जदार, जमानतदार का नाम | मांग सूचना दिनांक | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (रु.) | बयाना राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **1. साक्षी राठौर** (ऋणी एवं बंधककर्ता) **2. सरिता राठौर** (सह-ऋणी) | रु. 17,84,637/- दिनांक 25/11/2022 तक | सम्पत्ति का समस्त भाग एवं अंश, फ्लैट नंबर बी-50, तीसरी मंज़िल, प्रियदर्शिनी प्रिस्टीन, जो प्लॉट नंबर 111, ग्राम सुनखेड़ी, वार्ड नंबर 83, तहसील एवं जिला भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल 51.49 वर्गमीटर, **चतुर्:सीमाएँ:** पूर्व: फ्लैट नंबर बी-6, पश्चिम: फ्लैटनंबर ए-06, उत्तर: सड़क, दक्षिण: कॉलोनी रोड | Rs. 15,47,000/- | Rs. 1,54,700/- |

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 05/11/2026, सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक, प्रत्येक 5 मिनट के विस्तार के साथ**
**बोली जमा करने की अंतिम तिथि : 04/11/2026**
**संपत्ति निरीक्षण की तिथि : 02/11/2026**

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट अर्थात् www.yesbank.in पर उपलब्ध लिंक https://www.yesbank.in/about-us/media/auction-property या https://sarfaesi.auctiontiger.net का संदर्भ लें।
निविदा दस्तावेज/ई-बोली कैटलॉग प्राप्त करने, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के निरीक्षण तथा किसी भी प्रकार की जानकारी/प्रश्न के संबंध में कठिनाई होने पर, कृपया यस ब

चिंतन

# एसएसआर से निपट सकते हैं सभी विवाद

लोकतंत्र की मजबूती का आधार निष्पक्ष चुनाव के साथ ऐसी मतदाता सूची तैयार करना भी है, जिसमें हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो और किसी अपात्र व्यक्ति को जगह न मिले। एसआईआर चुनाव प्रक्रिया का अहम हिस्सा है। ऐसे में चुनाव आयोग का मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब समेत 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) कराने का निर्देश अहम माना जा रहा है। एसआईआर पर विवादों के बीच मतदाता सूची को दुरुस्त करने, सभी विवादों को निपटाने और पात्र नागरिकों को उसमें शामिल करने का अवसर देगी। एसएसआर के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, दर्ज विवरण में गलतियां सुधारने और सूची को अद्यतन करने की व्यवस्था है। वर्ष 2027 में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को भी अग्रिम आवेदन का अवसर मिलेगा। नाम हटाने की प्रक्रिया पर निगरानी, रिकॉर्ड सुरक्षित रखने और दावों-आपत्तियों की सूची राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराने जैसे निर्देश जवाबदेही बढ़ा सकते हैं। किसी मतदान केंद्र पर दो प्रतिशत से अधिक नाम हटाए जाने की स्थिति में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी की जांच का प्रावधान भी महत्वपूर्ण है। इससे नाम हटाने की कार्रवाई में मनमानी की आशंका कम करने में मदद मिल सकती है। कुल मिलाकर यह सभी विवादों को निपटाने में अहम भूमिका निभा सकती है। एसआईआर को लेकर विवाद की प्रमुख वजह यह आशंका रही है कि मतदाता सूची को दुरुस्त करने की प्रक्रिया में कहीं पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाएं। बिहार से शुरू हुए विवाद में विपक्ष ने दस्तावेजों की शर्तों, समय-सीमा और बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने पर सवाल उठाए। दूसरी ओर, चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची विश्वसनीय हो और उसमें किसी तरह की गड़बड़ी न रहे। एसएसआर से विवादों का समाधान निकल सकता है, लेकिन केवल आदेश जारी करने से ऐसा नहीं होगा। जिन लोगों के नाम एसआईआर के दौरान सूची में शामिल नहीं हो पाए, उनके लिए आवेदन की प्रक्रिया सरल और सुलभ बनाना जरूरी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, ऐसे लोग फॉर्म-6 भरकर नाम जुड़वाने का आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए लोगों को जरूरी दस्तावेजों और पात्रता संबंधी नियमों की स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी बस्तियों, प्रवासी श्रमिकों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं तक सूचना पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाना भी आवश्यक है। जिनके नाम हटाए गए हैं, उन्हें कारण जानने और अपनी पात्रता साबित करने का पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। मतदान केंद्रों की समीक्षा, एक केंद्र पर सामान्यतः 1,200 से अधिक मतदाता न रखने और मतदाताओं को दो किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करने से बचाने के निर्देश भी स्वागतयोग्य हैं। चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर रहे। राजनीतिक दलों को नियमित जानकारी देना, दावों और आपत्तियों का निष्पक्ष निपटारा करना तथा निर्णयों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना पारदर्शिता बढ़ाएगा। देश में मतदाता सूची की शुद्धता जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना भी है। एसएसआर को एसआईआर से उपजे विवादों के समाधान का माध्यम बनाने के लिए आयोग को नियमों के निष्पक्ष पालन के साथ संवेदनशीलता दिखानी होगी, ताकि सभी पात्रों को उनका हक मिल सके और कोई विवाद न रहे।



मुद्दा
गीता शुक्ला

# कांग्रेस अपनी हार पर आत्ममंथन करे

चुनाव जीतने के लिए जनता का विश्वास जीतना पड़ता है। इसके लिए राजनीतिक दलों को लोगों के बीच जाना होता है, उनकी समस्याएं समझनी होती हैं और अपनी नीतियों पर भरोसा पैदा करना होता है। जब कोई पार्टी लगातार चुनावी चुनौतियों का सामना करती है, तो उसके सामने आत्ममंथन का सवाल भी खड़ा होता है। कांग्रेस आज इसी स्थिति से गुजर रही है। राहुल गांधी लगातार आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी को जनता नहीं, बल्कि चुनाव आयोग चुनाव जितवा रहा है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस की दशकों पुरानी चुनावी गिरावट के लिए केवल चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है?

चुनाव जीतने के लिए जनता का विश्वास जीतना पड़ता है। इसके लिए राजनीतिक दलों को लोगों के बीच जाना होता है, उनकी समस्याएं समझनी होती हैं और अपनी नीतियों पर भरोसा पैदा करना होता है। जब कोई पार्टी लगातार चुनावी चुनौतियों का सामना करती है, तो उसके सामने आत्ममंथन का सवाल भी खड़ा होता है। कांग्रेस आज इसी स्थिति से गुजर रही है। राहुल गांधी लगातार आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी को जनता नहीं, बल्कि चुनाव आयोग चुनाव जितवा रहा है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस की दशकों पुरानी चुनावी गिरावट के लिए केवल चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है?

किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि चुनाव जीतने के लिए जनता का विश्वास जीतना पड़ता है। इसके लिए राजनीतिक दलों को लोगों के बीच जाना होता है, उनकी समस्याएं समझनी होती हैं और अपनी नीतियों पर भरोसा पैदा करना होता है। लेकिन जब कोई पार्टी लगातार चुनावी चुनौतियों का सामना करती है, तो उसके सामने आत्ममंथन का सवाल भी खड़ा होता है। कांग्रेस आज इसी स्थिति से गुजर रही है। राहुल गांधी लगातार आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी को जनता नहीं, बल्कि चुनाव आयोग चुनाव जितवा रहा है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस की दशकों पुरानी चुनावी गिरावट के लिए केवल चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है?

राहुल गांधी के आरोपों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तक निशाने पर हैं। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग सत्तारूढ़ दल के पक्ष में काम कर रहा है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन गंभीर आरोपों के समर्थन में ठोस प्रमाण भी होने चाहिए। राजनीतिक बयानबाजी से किसी आरोप की सत्यता साबित नहीं होती। भाजपा की ओर से कांग्रेस को जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने उसके चुनावी इतिहास का हवाला दिया। उनका सवाल था कि यदि चुनाव आयोग और एसआईआर ही कांग्रेस की पराजय के कारण हैं, तो उन राज्यों में पार्टी की कमजोरी का क्या कारण है, जहां वह लंबे समय से सत्ता से बाहर है? अमित शाह के बयान पर कांग्रेस नेताओं ने अलग-अलग सवाल उठाए। जयराम रमेश ने पूछा कि कितने घुसपैठियों की पहचान हुई और कितनों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए या उन्हें देश से बाहर निकाला गया। पवन खेड़ा ने जंतर-मंतर पर भारी पुलिस बल की तैनाती पर सवाल खड़ा किया। के.सी. वेणुगोपाल ने शाह के बयान को अगले चुनाव के परिणाम की अग्रिम घोषणा बताते हुए भाजपा पर चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाया। इन प्रतिक्रियाओं के बीच कांग्रेस की चुनावी गिरावट पर बहस पीछे छूट गई। एसआईआर और घुसपैठियों से जुड़े सवाल महत्वपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन कांग्रेस को अपनी राजनीतिक कमजोरियों पर भी विचार करना चाहिए। अमित शाह का मुख्य तर्क यही था कि पार्टी अपनी हार के कारणों की समीक्षा करे। कांग्रेस को लोकसभा में अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिले चार दशक से अधिक समय बीत चुका है। वर्ष 1984 के आम चुनाव में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद पैदा हुई असाधारण परिस्थितियों में पार्टी ने 543 निर्वाचित सीटों में से 404 सीटें जीती थीं। उसके बाद कांग्रेस कभी अपने दम पर लोकसभा में बहुमत हासिल नहीं कर सकी। राजीव गांधी के नेतृत्व में पार्टी 1989 और 1991 के चुनावों में भी बहुमत से दूर रही।

सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 2004 और 2009 में वापसी की। 2004 में उसने 145 और 2009 में 206 सीटें जीतीं। सहयोगियों के साथ केंद्र में सरकार भी बनाई। लेकिन इसके बाद पार्टी का प्रदर्शन तेजी से गिरा। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस केवल 44 सीटों पर सिमट गई। 2019 में उसे 52 सीटें मिलीं, जबकि 2024 में उसकी सीटें बढ़कर 99 हो गईं। यह सुधार जरूर था, लेकिन पार्टी बहुमत से बहुत दूर रही। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि कांग्रेस की चुनावी चुनौतियां एसआईआर से बहुत पुरानी हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण को उसकी दशकों की राजनीतिक गिरावट का एकमात्र कारण नहीं माना जा सकता। कभी देश के बड़े हिस्से में सरकार बनाने वाली कांग्रेस आज कई राज्यों में कमजोर स्थिति में है। तमिलनाडु में कांग्रेस का अपना मुख्यमंत्री बने छह दशक हो चुके हैं। पश्चिम बंगाल में भी वह लंबे समय से सत्ता से बाहर है। उत्तर प्रदेश में पार्टी अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं पहुंच सकी है। गुजरात और ओडिशा जैसे राज्यों में भी उसे लंबे समय से सत्ता से बाहर रहना पड़ा है। इन राज्यों की परिस्थितियां अलग-अलग हैं।

कहीं क्षेत्रीय दलों का प्रभाव बढ़ा है, तो कहीं भाजपा ने अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत की है। कांग्रेस के सामने चुनौती यह है कि वह इन बदली हुई परिस्थितियों के अनुरूप अपना संगठन और नेतृत्व तैयार करे। केवल पुराने राजनीतिक गौरव के सहारे जनता का भरोसा वापस नहीं पाया जा सकता। राजनीति केवल प्रदर्शन से नहीं चलती। राजनीतिक विश्लेषक बिक्रम उपाध्याय मानते हैं कि अमित शाह ने कांग्रेस को यह सही नसीहत दी कि दिल्ली में कुछ हजार लोगों की भीड़ जुटाने से चुनाव नहीं जीते जा सकते। राजनीतिक दलों को गांवों, कस्बों और दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचना पड़ता है। जनता की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए काम करना जरूरी है। यह बात कांग्रेस ही नहीं, हर राजनीतिक दल पर लागू होती है। विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। चुनाव आयोग की निष्पक्षता और मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल उठाना भी विपक्ष का अधिकार है। लेकिन विरोध के साथ संगठन मजबूत करना और जनता के बीच लगातार काम करना भी जरूरी है। कांग्रेस की चुनौती यह है कि वह अपनी चुनावी पराजयों की जिम्मेदारी तय करे। क्या पार्टी का संगठन कमजोर हुआ है? क्या उसका नेतृत्व लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतर रहा है? क्या उसकी नीतियां नए मतदाताओं को आकर्षित कर पा रही हैं? इन सवालों पर गंभीर चर्चा के बिना राजनीतिक वापसी कठिन होगी। भाजपा हाल के स्थानीय निकाय और ग्राम समिति चुनावों में अपने प्रदर्शन को जनता के समर्थन के रूप में पेश कर रही है। कांग्रेस को भी इन नतीजों और अपने प्रदर्शन का तथ्यों के आधार पर विश्लेषण करना चाहिए। हर चुनाव के परिणाम को उसके स्थानीय और राजनीतिक संदर्भ में समझना जरूरी है। राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व के सामने दो चुनौतियां हैं। पहली, चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए आरोपों को प्रमाणों के साथ सामने रखना। दूसरी, अपनी चुनावी कमजोरियों को स्वीकार कर संगठन में सुधार करना। ये दोनों काम एक साथ किए जा सकते हैं। लोकतंत्र में किसी भी दल को जीत का स्थायी अधिकार नहीं मिलता। जनता का विश्वास कामकाज, नेतृत्व और नीतियों से अर्जित करना पड़ता है। कांग्रेस यदि अपनी राजनीतिक जमीन वापस पाना चाहती है, तो उसे आरोपों से आगे बढ़कर आत्ममंथन करना होगा। चुनाव आयोग पर सवाल उठाना एक राजनीतिक विकल्प हो सकता है, लेकिन अपनी कमजोरियों को दूर करना उसकी जरूरत है।




( लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. घनश्याम बादल



# देवी की पूजा और स्त्री की दुर्दशा !

नवरात्र चल रहे हैं। मंदिरों में घंटाध्वनि हैं, घरों में दुर्गा सप्तशती पाठ हो रहे हैं, कन्याओं के पांव पखारे जा रहे हैं और मंचों से नारी शक्ति के जयकारे लग रहे हैं। देवी के नौ रूपों की महिमा का बखान तो ठीक है, लेकिन देश में स्त्री की अस्मिता, सुरक्षा और सम्मान के सवाल पर समाज की धीमी आवाज बड़े सवाल खड़े करती है। एक तरफ देवी के सामने सिर झुकाने की होड़ है, दूसरी तरफ जीवित स्त्री को झुकाने, दबाने और चुप कराने का सिलसिला जारी है। सवाल है कि हम शक्ति की आराधना कर रहे हैं या अपने पाखंड को धार्मिक आवरण पहना रहे हैं? विडंबना देखिए कि जिस समय नवरात्र में कन्या पूजन के लिए छोटी बच्चियों को खोजा जाता है, उसी समाज में बच्चियों के यौन शोषण की खबरें हमें बार-बार शर्मसार करती हैं। जिस कन्या को देवी का रूप कहकर भोजन कराया जाता है, उसके लिए घर, स्कूल, सड़क और सार्वजनिक स्थान कितने सुरक्षित हैं? पूजा के दिन उसके पांव धोने वाले हाथ क्या शेष दिनों में उसकी स्वतंत्रता और इच्छा का सम्मान करते हैं? यदि बच्ची को अपनी ही दुनिया में भय के साथ जीना पड़े, तो कन्या पूजन की पवित्रता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। स्त्री के प्रति अपराधों की चर्चा करते समय आंकड़ों की शुद्धता भी जरूरी है। किसी अपराध के बढ़ने या घटने का दावा प्रमाणित आंकड़ों से होना चाहिए। लेकिन आंकड़ों की बहस से वह सच्चाई नहीं मिटती कि यौन हिंसा, घरेलू उत्पीड़न, पीछा करना, सार्वजनिक अपमान और महिलाओं की आवाज दबाने की घटनाएं समाज के सामने गंभीर चुनौती बनी हुई हैं। दर्ज मामलों की संख्या पूरी तस्वीर नहीं बताती; बदनामी, परिवार का दबाव, आर्थिक निर्भरता और पुलिस-न्याय व्यवस्था की लंबी प्रक्रिया अनेक महिलाओं को शिकायत करने से भी रोकती है। यह समस्या केवल घरों तक सीमित नहीं है। जन आंदोलनों में महिला पत्रकारों और आंदोलनकारी महिलाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार, धक्का-मुक्की, मारपीट या दमन की तस्वीरें सामने आती हैं, तो लोकतंत्र का दावा भी कठघरे में खड़ा होता है। किसी आंदोलन से असहमति हो सकती है, उसकी मांगें अनुचित भी हो सकती हैं, लेकिन क्या इससे महिला पत्रकार के काम करने के अधिकार या प्रदर्शनकारी महिला की गरिमा को कुचलने का लाइसेंस मिल जाता है? कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, अपमानित करना नहीं। वर्दी की ताकत का अर्थ नागरिक की आवाज दबाना नहीं, उसके अधिकारों की रक्षा करना है। महिला की स्वतंत्रता का सवाल सत्ता और विपक्ष, दोनों की परीक्षा लेता है। विपक्ष में रहते हुए महिलाओं के सम्मान की दुहाई देना आसान है; सत्ता में आने पर उसी कसौटी पर खरा उतरना कठिन। किसी एक दल, विचारधारा या समुदाय को स्त्री के प्रति समूचे अन्याय का ठेकेदार बताकर बाकी समाज को निर्दोष नहीं ठहराया जा सकता। स्त्री के प्रति भेदभाव की जड़ें परिवार, परंपरा, राजनीति, बाजार और संस्थाओं तक फैली हैं। कहीं उसे परिवार की इज्जत के नाम पर बांधा जाता है, कहीं संस्कृति की रक्षा के नाम पर उसकी पसंद पर पहरा बैठाया जाता है और कहीं उसकी पीड़ा को राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू पर तौला जाता है। इसी पृष्ठभूमि में मेरठ का चर्चित नीले ड्रम वाला हत्याकांड भयावह सवालों के साथ सामने आता है। इस मामले में दो अभियुक्तों को फांसी की सजा सुनाए जाने की खबर ने अपराध की क्रूरता और न्याय की जरूरत पर ध्यान खींचा है।

नवरात्र का मूल संदेश शक्ति की उपासना है। दुर्गा का रूप अन्याय के सामने प्रतिरोध का प्रतीक है, महिषासुर-वध अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का रूपक है और स्त्री के भीतर शक्ति देखने की परंपरा उसे कमजोर मानने की मानसिकता को चुनौती देती है। फिर भी विडंबना यह है कि देवी को सर्वशक्तिमान मानने वाला समाज अपनी बेटी को अक्सर निर्णय लेने में अक्षम समझता है। दुर्गा की तलवार की आराधना होती है, लेकिन स्त्री के आत्मसम्मान की आवाज उठे तो उसे परिवार तोड़ने वाली, संस्कारहीन या विद्रोही कह दिया जाता है। देवी को शक्ति का अधिकार है, स्त्री को क्यों नहीं? धर्म का मूल्य कर्म से तय होता है, कर्मकांड की भव्यता से नहीं। यदि नवरात्र के नौ दिनों में हम देवी के नौ रूपों की पूजा करें, लेकिन वर्ष के बाकी दिनों में स्त्री की इच्छा, सहमति, शिक्षा, संपत्ति, रोजगार और स्वतंत्र निर्णय के अधिकारों की उपेक्षा करें, तो हमारी भक्ति अधूरी ही नहीं, आत्मवंचना भी है। कन्या पूजन का सबसे बड़ा अर्थ किसी बच्ची के पांव धोना नहीं, यह सुनिश्चित करना है कि उसके सपनों पर पहरा न हो, उसके शरीर पर उसकी सहमति के बिना कोई अधिकार न जमाए और अन्याय होने पर उसे चुप रहने के लिए मजबूर न किया जाए।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

# लक्ष्मी कहां निवास करती हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे, ब्राह्मणों की रक्षा करते थे, पर अब इनके ये गुण नष्ट होते जा रहे हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### कहां खो गए मिट्टी के दीये

कभी दिवाली मिट्टी के दीयों की सौंधी महक, घर में बनते पकवानों की मिठास, आंगन के मांडणें, रिश्तों के अपनत्व और लोक परंपराओं की जीवंतता का पर्व हुआ करती थी। आज बिजली की रंग-बिरंगी लड़ियां हैं, महंगे उपहार हैं, मिठाइयों के आकर्षक डिब्बे हैं, पटाखों का शोर है और इंटरनेट पर शुभकामनाओं की भरमार है। सब कुछ है, लेकिन क्या वह पहले जैसा उल्लास, वह आत्मीयता और वह सुकून भी है? आधुनिकता की चकाचौंध में कहीं हम दिवाली की आत्मा तो नहीं खोते जा रहे हैं? दिवाली केवल अमावस्या की रात को रोशन करने का पर्व नहीं है। यह अंधकार पर प्रकाश, निराशा पर आशा और दूरी पर अपनत्व की विजय का प्रतीक है। यह वह अवसर है जब घरों के साथ रिश्तों की भी सफाई होती थी, मन के मैल दूर किए जाते थे और रूठों को मनाया जाता था। - **सरिता**, महेंद्रगढ़

## ट्रेंड

### सबका साथ-सबका विकास



'सबका साथ-सबका विकास' की भावना के अनुरूप, भारतीय जनता पार्टी ने शिक्षा, विकास, कल्याण, रोजगार, महिला सुरक्षा और दंगाइयों से निपटने के मामलों में समान लगन के साथ काम किया है।
- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, नई दिल्ली

### गुमराह कर रहे कांग्रेसी



कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सत्ता की अपनी लालसा के चलते देश में अराजकता और अस्थिरता का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। झूठे आरोपों, भ्रामक बयानों और बेबुनियाद मुद्दों के जरिए जनता को गुमराह करना ही उनकी राजनीति का आधार बन गया है।
- **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

### नरेंद्र मोदी का भाषण



देश के हर नागरिक को 6 जून 2011 को दिया गया नरेंद्र मोदी का भाषण सुनना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उनके हाथ बंधे न होते, तो वे केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ देते। यह अराजकता की पराकाष्ठा थी।
- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

### राष्ट्रव्यापी अभियान



आज मुझे 'भारत यात्रा' के समापन की याद आ रही है, जो बच्चों के यौन शोषण और तस्करी के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान था। 2017 में हुई इस यात्रा के दौरान 22 राज्यों में 11,000 किलोमीटर की दूरी तय की गई।
- **कैलाश सत्यार्थी,** नोबेल पुरस्कार विजेता

## करंट अफेयर

# अंग प्रत्यारोपण की दवाओं के लिए भारत, जर्मनी आए साथ




भारत की कंपनी 'विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड' और जर्मनी की कंपनी 'नियोवी बायोटेक जीएमबीएच' अंग प्रतिरोपण में इस्तेमाल होने वाली दवा सहित 'इम्युनोग्लोबुलिन' उत्पादों के निर्माण एवं व्यावसायिक बिक्री के लिए मिलकर काम करेंगी और इसके तहत संबंधित प्रौद्योगिकी भी भारत को हस्तांतरित की जाएगी। बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। 'इम्युनोग्लोबुलिन' एक प्रकार का प्रोटीन है, जिसे प्रतिरक्षी (एंटीबॉडी) भी कहा जाता है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली का हिस्सा है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। दूतावास ने बताया कि उसने 13 अक्टूबर को आयोजित भारत-जर्मनी स्वास्थ्य नेतृत्व संवाद के दौरान 'नियोवी बायोटेक जीएमबीएच' और 'विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड' के बीच समझौते में मदद की। इस सहयोग के तहत 'इम्युनोग्लोबुलिन' उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। इनमें 'एंटी-थाइमोसाइट ग्लोबुलिन' भी शामिल है, जिसका इस्तेमाल मनुष्यों में अंग प्रतिरोपण और रक्त संबंधी कुछ विकारों के इलाज में किया जाता है। भारतीय दूतावास ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास ने 13 अक्टूबर, 2026 को आयोजित भारत-जर्मनी स्वास्थ्य नेतृत्व संवाद के दौरान जर्मनी की नियोवी बायोटेक जीएमबीएच और भारत की विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड के बीच गोपनीयता समझौते के आदान-प्रदान में मदद की।'

## ऑफ बीट

# स्काईरूट की मदद से अमेरिकी कंपनी रात में 'धूप' बेचेगी



जरा सोचिए, क्या रात के घने अंधेरे में भी धरती के किसी खास हिस्से को सूरज की रोशनी से जगमगाया जा सकता है? एक अमेरिकी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी इस कल्पना को हकीकत में बदलने की तैयारी कर रही है और वह भी भारतीय कंपनी की मदद से। कैलिफोर्निया स्थित स्टार्ट-अप 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' ने अंतरिक्ष में विशाल दर्पण स्थापित कर पृथ्वी पर मांग के अनुरूप 'धूप' बेचने की अनोखी योजना बनाई है। इस महत्वाकांक्षी मिशन के लिए कंपनी ने भारत की निजी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी 'स्काईरूट एयरोस्पेस' की प्रक्षेपण सेवाएं लेने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' कंपनी उपग्रहों का एक ऐसा समूह तैयार कर रही है, जो रात के समय आपदा प्रभावित क्षेत्रों में खोज और बचाव कार्यों के लिए तत्काल रोशनी मुहैया करा सकेगा। इससे सौर ऊर्जा संयंत्रों में बिजली उत्पादन की अवधि भी बढ़ाई जा सकेगी। कंपनी ने अपने दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए हैदराबाद स्थित 'स्काईरूट एयरोस्पेस' के साथ अनुबंध किया है। इन उपग्रहों को स्काईरूट के 'विक्रम' रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा। 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' ने एक बयान में कहा, ''अमेरिका में तय हमारे अन्य प्रक्षेपण अभियानों के साथ-साथ इन दो प्रक्षेपण से हमें एक निश्चित समयसीमा और अतिरिक्त क्षमता मिलेगी।''

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

दिल्ली के कनॉट प्लेस में 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में मचा बवाल

# नोटिस देने के बावजूद सीजेपी ने किया प्रदर्शन, देश की सुरक्षा को किया नजरअंदाज, पार्टी नेता दीपके को पुलिस ने हिरासत में लिया

सीजेपी के नेता दीपके को कनॉट प्लेस में संगठन के प्रस्तावित 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में भाग लेने के लिए घर से निकलते समय हिरासत में ले लिया गया, नोटिस पर किया बवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- पुलिस ने करीब 150 आंदोलनकर्ताओं को हिरासत में लिया, छोड़ने की मांग
- पुलिस की नोटिस पर ही भड़क गए सीजेपी नेता अभिजीत दीपके, पुलिस पर ही उठाए सवाल

'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के नेता अभिजीत दीपके को कनॉट प्लेस में संगठन के प्रस्तावित 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में भाग लेने के लिए घर से निकलते समय हिरासत में ले लिया गया। इससे पहले दिन में, दिल्ली पुलिस के 20 से अधिक पुलिसकर्मी झंडेवालान स्थित दीपके के आवास पर पहुंचे और उन्हें एक नोटिस थमाया, जिसमें उनसे ऐसा कोई भी कदम उठाने से बचने का निर्देश दिया गया जिससे नागरिकों, व्यापारियों, यात्रियों, मरीजों और अन्य लोगों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पुलिस की यह कार्रवाई प्रदर्शन से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच हुई है।



दीपके को गिरफ्तार करती दिल्ली पुलिस

## दीपके को प्रदर्शन नहीं करने का दिया था नोटिस

दीपके के दिल्ली स्थित आवास पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस के 20 से अधिक जवान पहुंचे। पुलिस ने उन्हें कनॉट प्लेस में प्रस्तावित प्रदर्शन नहीं करने का नोटिस दिया। दिपके ने शुक्रवार शाम 5 बजे कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में 'लहरा दो तिरंगा' मार्च आयोजित करने का आह्वान किया है।



### दीपके बोले- नोटिस में जो मन में आए वो लिखे जा रहे

दीपके को पुलिस ने शुक्रवार को नोटिस थमा दिया है। पुलिस ने उन्हें मार्च नहीं निकालने की चेतावनी दी है। पुलिस की टीमें उस घर पर पहुंचीं, जहां पर दीपके रह रहे हैं। पुलिस के अधिकारी ने दीपके को नोटिस दिया और कहा कि इस समय कनॉट प्लेस के आसपास के इलाके में बीएनएस की धारा 163 लागू है। अगर सीजेपी इस धारा का उल्लंघन करती है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनडीएमसी ने तिरंगा यात्रा के लिए सीजेपी को अनुमति नहीं दी है। दीपके भड़क गए और पूछने लगे कि ये नोटिस होती है? जो मन में आए, वो लिखे जा रहे हो। कानून-व्यवस्था बनाए रखने दिल्ली पुलिस के 6,000 से अधिक जवान और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 220 कंपनियां तैनात की गई थीं।

200 फीट लंबा राष्ट्रीय ध्वज लेकर सड़कों पर उतरी आप, बोले भारद्वाज

## राष्ट्रपति भवन के पास निकाला 'तिरंगा मार्च', क्यों रोक रहे ?

कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में प्रस्तावित 'लहरा दो तिरंगा' मार्च से पहले आप ने राष्ट्रपति भवन के पास तिरंगा मार्च निकाला और कहा कि यह तय करना केंद्र सरकार का काम नहीं है कि जनता राष्ट्रीय ध्वज कहां फहराए। भारद्वाज ने हाथों में तिरंगा लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस की मौजूदगी में नॉर्थ एवेन्यू में मार्च निकाला। भारद्वाज ने कहा कि सरकार और पुलिस यह तय नहीं कर सकती कि नागरिक राष्ट्रीय ध्वज कहां फहराएं? यह उनका काम नहीं है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तिरंगा रैली निकाली।



इस दौरान पार्टी के नेता और कार्यकर्ता 200 फीट लंबा तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे। रैली में बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक भी शामिल हुए।

### व्यापारियों ने सरकार और सुप्रीम कोर्ट से लगाई गुहार

प्रदर्शनों पर रोक लगे

दिल्ली में लगातार हो रहे प्रदर्शनों और आंदोलनों के कारण त्योहारी सीजन में बाजारों को करोड़ों रुपएका नुकसान हुआ है, जिससे परेशान होकर व्यापारियों ने प्रशासन और सरकार से कड़ी अपील की है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री और विभिन्न व्यापार संघों के अनुसार, प्रदर्शनों और बाजार बंद रहने से दिल्ली के व्यापार को 2,000 - 3,000 करोड़ तक का भारी नुकसान हुआ है। व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्य न्यायाधीश और नेताओं को पत्र लिखकर मांग की है कि प्रमुख व्यावसायिक इलाकों में विरोध प्रदर्शनों और रैलियों पर तुरंत रोक लगाई जाए।

सुप्रीम कोर्ट सख्त

## सीजेआई पर टिप्पणी करने पर राउत और वागले को अवमानना नोटिस

सीजेई पर की गई टिप्पणियों को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत और पत्रकार निखिल वागले के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी। अदालत ने न्यायपालिका पर की गई टिप्पणियों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इस तरह के हमले बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने अवमानना याचिका दायर की है।



### मैं माफी मांगता हूं,

एसआईआर से जुड़ी कानूनी चुनौती में शामिल राउत ने बड़ा बयान दिया है। राउत ने कहा है कि न्याय चाहने वालों के लिए सुप्रीम कोर्ट ही आखिरी उम्मीद है। अगर उनकी किसी बात या हरकत को अनुचित माना जाता है, तो वे सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगने के लिए तैयार हैं।

केरलम में कांग्रेस का आंदोलन

## सीईसी की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर जताया विरोध और टॉयलेट में बहाई 'राख'

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम के पलक्कड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीईसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बाकायदा सीईसी का चिता सजाकर, माला चढ़ाई गई तस्वीर रखकर अंतिम संस्कार से जुड़े रीति-रिवाजों का मंचन किया और बची हुई राख को एक शौचालय में बहा दिया। यह प्रदर्शन पलक्कड़ शहर के स्टेडियम बस स्टैंड के पास ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किया गया था।



### राख को शौचालय में बहाने पर बढ़ा विवाद

इस विरोध प्रदर्शन का सबसे विवादित पहलू चिता जलने के बाद सामने आया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने वहां से राख एकत्र की और उसे मुख्य चुनाव आयुक्त का विरोध जताते हुए एक शौचालय में बहा दिया। इससे कई सवाल उठे हैं।

### निर्वाचन आयोग 30 को टीएमसी के दावे पर सुनवाई करेगा



निर्वाचन आयोग ने टीएमसी के प्रतिद्वंद्वी गुटों को 30 अक्टूबर को सुनवाई के लिए बुलाया है। पश्चिम बंगाल के उपचुनावों में तृणमूल कांग्रेस के चुनाव चिह्न के इस्तेमाल पर रोक लगाए जाने के बाद यह पहली सुनवाई होगी।

## खबर संक्षेप

### पूर्व आप पार्षद ताहिर को 2 साल की सजा-जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने 2020 में दिल्ली दंगे से जुड़े एक मामले में पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन को दंगे के लिए उकसाने के अपराध में 2 साल की जेल और 10,000 जुर्माने की सजा सुनाई है। कड़कड़डूमा कोर्ट के एडिशनल सेशन जज ने यह फैसला सुनाया।



### बुलंदशहर में वैन पेड़ से टकराई, 5 की मौत

**बुलंदशहर।** कासगंज से नरौरा के सर्वमंगला मां बेला भवानी सिद्धपीठ बेलोन के दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं की ईको वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में एक साल की बच्ची, उसके पिता और दादा सहित 5 लोगों की जान चली गई।



### आंध्र में डूबने से 5 महिलाओं की मौत

**पेनुकोंडा।** आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले में पेनुकोंडा के पास बने गोल्लापल्ली जलाशय में घूमने गईं 5 महिलाएं गहरे पानी में समा गईं। जान गंवाने वाली महिलाएं आपस में पड़ोसी और रिश्तेदार थीं, जो दशहरा की छुट्टियों का आनंद लेने निकली थीं।



राजनाथ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस और सहयोगियों पर बोला हमला

# दशकों से चुनाव हार रहे ये दल भारत विरोधी तत्वों के हाथों खेल रहे, अराजकता फैला रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ लखनऊ

### देश में बांग्लादेश जैसी सत्ता परिवर्तन की साजिश रच रहे

**4 बड़े अक्षम्य अपराध किए**

1. 1975 का आपातकाल
2. 1984 के सिख विरोधी दंगे
3. अयोध्या सेवकों पर गोलीबारी
4. वर्तमान में संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर हमले करना

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोला है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर जाने-अनजाने भारत विरोधी ताकतों के हाथों में 'खेलते' नजर आने का आरोप लगाया और कहा कि हिंसा और अराजकता की आग में देश को झोंककर 'बांग्लादेश जैसी स्थिति' बनाने का ख्वाब देख रही कांग्रेस ने अब अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के नाम का इस्तेमाल करने का सारा नैतिक अधिकार खो दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है। स्वाभाविक है कि तमाम शक्तियों को भारत का यह उभार रास नहीं आ रहा होगा। सिंह ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश को यह समझने की आवश्यकता है कि दशकों से चुनाव हार रहे राजनीतिक दल जाने या अनजाने में आज इन (भारत विरोधी) शक्तियों के हाथों में खेलते हुए नजर आ रहे हैं।

**देश में हिंसा फैला रहे**



**कांग्रेस और सहयोगी जबरन विरोध प्रदर्शन करवा रहे**

राजनाथ ने कांग्रेस और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस पर देश में अस्थिरता और अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल युवाओं को आगे करके चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करवा रहे हैं और देश में बांग्लादेश जैसी 'रिजीम चेंज' (सत्ता परिवर्तन) की साजिश रच रहे हैं।

**कांग्रेस अपने दम पर कभी चुनाव नहीं जीती, रायबरेली उदाहरण**

उन्होंने कहा कि जब से वोटर आईडी व्यवस्था लागू हुई है, कांग्रेस अपने दम पर लोकसभा में कभी बहुमत की सरकार नहीं बना पाई है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या वे सपा के बिना रायबरेली जीतेंगे?

प्रशांत भूषण का पुराना वीडियो शेयर कर रिजिजू बोले

### 'रिजीम चेंज' वालों को कभी माफ न करें, गद्दारों को...



एसआईआर को लेकर और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ देश में चल रहे कांग्रेस के प्रदर्शन के बीच देश में 'रिजीम चेंज' की बहस अब और तीखी हो गई है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण का पुराना वीडियो शेयर करते हुए लोगों से अपील की कि वे उन लोगों को कभी माफ न करें जिन्हें उन्होंने 'गद्दार' कहा। दोस्तों को एक बार माफ करें पर ऐसे लोगों को कभी माफ न करें।

प्रधान का राहुल पर कटाक्ष

### कांग्रेस स्वार्थ के लिए लोगों को परेशान कर रही

राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हार का शतक लगा चुके नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार जनता के जनादेश को अपमानित करते हैं। चुनावी प्रक्रिया से मनचाहा परिणाम न मिलने पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने की कांग्रेस की कोशिश और राजनीतिक स्वार्थ के लिए आए दिन जनता को परेशान करना इनका हमेशा से उद्देश्य रहा है।



ईरानी ने भी बोला हमला

### राहुल और विपक्ष बिना सबूत हल्ला कर रहे, आगामी चुनाव की लड़ाई लड़ रहे

भाजपा की नेता स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी और विपक्षी दलों द्वारा ईसीआई पर लगाए गए आरोपों और एसआईआर)के विरोध को पूरी तरह बेबुनियाद बताया है। च ईरानी ने कहा कि कांग्रेस आज भारत के संवैधानिक संस्थानों और चुनाव आयोग पर बिना किसी ठोस सबूत के हमले कर रही है। निरर्थक हल्ला कर रही है।



मेरठ का सर्पदंश हत्याकांड

## रविता और अमरदीप को फांसी अमित को बिस्तर पर छोड़ा था



अमित



रविता



अमरदीप

एजेंसी ▶▶ मेरठ

यहां के बहसूमा क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात निवासी अमित कश्यप उर्फ मिक्की कश्यप हत्याकांड में अदालत ने उसकी पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। चर्चित सर्पदंश हत्याकांड में दोनों को पहले ही हत्या और साक्ष्य मिटाने का दोषी करार दिया गया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-12) जयवीर सिंह नागर की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। अमित की हत्या को सांप के काटने से हुई मौत दिखाने की कोशिश की गई थी। परिवार को भी यही बताया गया कि अमित की मौत सर्पदंश से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच में हत्या की बात सामने आई।

### अदालत ने किया मनुस्मृति का जिक्र

सजा सुनाने से पहले न्यायाधीश ने मनुस्मृति का जिक्र करते हुए कहा कि अधर्म कभी धर्म से नहीं जीत सकता। अदालत की टिप्पणी में सावित्री का भी उल्लेख किया गया, जो यमराज से भिड़ गई थीं। हत्या करके उसको अन्य रूप दिया गया।

मद्रास हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## 128 जगहों पर तमिलनाडु में पथ संचालन की अनुमति दी

**चेन्नई।** तमिलनाडु में आरएसएस को 128 जगहों पर पथ संचालन की अनुमति मिल गई है। मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु पुलिस की आलोचना की।



हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस बार-बार उन आधारों पर अनुमति देने से इनकार कर रहे थे जिन्हें अदालतें पहले ही खारिज कर चुकी हैं। हाईकोर्ट ने कहा था कि जब जम्मू कश्मीर जैसे राज्य में संघ का पथ संचालन हो सकता है तो तमिलनाडु में क्यों नहीं? हाई कोर्ट ने पथ संचलन मामले में फैसला देते हुए तमिलनाडु पुलिस को जमकर सुनाया। जस्टिस वी. लक्ष्मी नारायणन की सिंगल बेंच ने सरकार के खिलाफ बड़ी टिप्पणी भी की।

गृह मंत्री शाह का मान सरकार पर निशाना

राज्य के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लें

## पंजाब ड्रग्स, गैंगस्टरवाद और अपराध से जूझ रहा,जवाब दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पंजाब में ड्रग तस्करी, गैंगस्टरवाद और संगठित अपराध के बढ़ते खतरे पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने भगवंत मान सरकार से राज्य के लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए। गृह मंत्रालय हाल की घटनाओं पर राज्य सरकार से जवाब मांगेगा। एक्स पर शाह ने लिखा, पंजाब आज ड्रग्स, गैंगस्टरवाद और संगठित अपराध के बढ़ते खतरों से जूझ रहा है। भगवंत मान सरकार के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर पंजाब के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा? शाह ने दिरबा और मानसा कीघटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### मुख्यमंत्री मान को सीधा संदेश

मान को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, भगवंत मान, पंजाब की जनता प्रचार नहीं चाहती। वे जवाब चाहते हैं। घोषणाएं नहीं, बल्कि परिणाम चाहते हैं। ड्रग नेटवर्क के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई चाहते हैं और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जांच चाहते हैं। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है – नशीले पदार्थों के कारोबार पर प्रहार करना, युवाओं के भविष्य की रक्षा करना, अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना और ऐसा कानून का शासन स्थापित करना जिसमें कोई नागरिक डर के साये में न जीए।



व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए राहतभरी खबर

# प्राइवेट कॉलेजों में मनमानी फीस बढ़ोतरी नहीं होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निजी संस्थानों में इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए फीस से जुड़ा एक अहम मामला सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दाखिले के बाद फीस संरचना में बदलाव केवल विशेष परिस्थितियों में ही किया जाना चाहिए। प्रवेश के समय तय फीस से अधिक भुगतान करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। बीच में फीस बढ़ने से छात्रों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ सकता है।

**कोर्ट ने कहा**
बीच में कोई शुल्क नहीं बढ़ाया जाना चाहिए, यह गलत

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दाखिले के बाद नहीं बढ़ेगी फीस



### पालकों के बजट पर ध्यान देना होगा

कोर्ट ने फीस में पारदर्शिता और निश्चितता की जरूरत पर जोर दिया। फीस अधिकांश परिवारों की आय और बचत का बड़ा हिस्सा होती है। माता-पिता बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए अपनी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर योजना बनाते हैं। वे फीस का इंतजाम करते हैं कि पढ़ाई पूरी करने के बाद उनके बच्चों को बेहतर रोजगार और करियर के अवसर मिलेंगे।

बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर बोला कोर्ट

### केंद्र सरकार से 3 दिसंबर तक मांगा जवाब

बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें ऑनलाइन खतरों से बचाने सख्त नियम बनाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इअगली सुनवाई 3 दिसंबर को होगी।यह याचिका एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल और उसके निदेशक ने दायर की है।

**कई समस्याएं पैदा हो रहीं**

याचिकाकर्ताओं ने बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को लेकर गहरी चिंता जताई है। इसके इस्तेमाल से बच्चों में डिप्रेशन, घबराहट, चिंता, भावनात्मक परेशानी और कम आत्मसम्मान कारण बन सकता है।

## उपराष्ट्रपति ने भारतीय नौसेना के पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय पोत आईएनएस 'समर्थक' का किया शुभारंभ

# कारवार समुद्री विरासत और समुद्री भविष्य दोनों का प्रतीक

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को कर्नाटक के कारवार में भारतीय नौसेना के पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय पोत आईएनएस समर्थक का शुभारंभ किया। यह शुभारंभ रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता और उन्नत स्वदेशी नौसैनिक क्षमताओं के विकास की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**75% से अधिक स्वदेशी सामग्री से युक्त है युद्धपोत आईएनएस समर्थक**

### परीक्षण व मूल्यांकन के लिए बहुमुखी मंच के रूप में करेगा कार्य

उपराष्ट्रपति ने आईएनएस समर्थक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पोत अगली पीढ़ी के हथियारों, सेंसरों और उभरती प्रौद्योगिकियों के परीक्षण और मूल्यांकन के लिए एक बहुमुखी मंच के रूप में कार्य करेगा। इसकी क्षमताएं समुद्री निगरानी और टोही, अपतटीय गश्त, लक्ष्य प्रक्षेपण और पुनर्प्राप्ति, मानवरहित प्रणालियों से जुड़े अभियानों और मानवीय सहायता एवं आपदा राहत में भी सहायक होंगी। ऐसा मंच नौसेना को उभरते प्रौद्योगिकीय विकासों के साथ तेजी से तालमेल बिठाने और स्वदेशी नवाचार को परिचालन क्षमताओं में बदलने में सक्षम बनाएगा। सीपी राधाकृष्णन ने कारवार के रणनीतिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा गहरा प्राकृतिक बंदरगाह और अरब सागर से निकटता इसे भारत की समुद्री सुरक्षा संरचना का एक महत्वपूर्ण घटक बनाती है।

### उपराष्ट्रपति ने की सहायक उद्योगों के प्रयासों की सराहना

उपराष्ट्रपति ने भारत के रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने में भारतीय नौसेना, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी शिपयार्डों, डीआरडीओ, शिक्षाविदों, एमएसएमई और स्टार्ट-अप्स के बीच बढ़ती साझेदारी को भी रेखांकित किया। उन्होंने परियोजना में लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के योगदान का उल्लेख करते हुए, स्वदेशी नौसैनिक क्षमताओं के निर्माण में नौसेना डिजाइनरों, उत्पादन अधिकारियों, शिपयार्ड पेशेवरों, इंजीनियरों, तकनीशियनों, आपूर्तिकर्ताओं और सहायक उद्योगों के प्रयासों की सराहना की।



**विकसित और आत्मनिर्भर भारत के विजन में योगदान**

*रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता अब केवल एक आकांक्षा नहीं बल्कि एक उभरती हुई वास्तविकता है, जो भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा व्यक्त किए गए विकसित और आत्मनिर्भर भारत के विजन में योगदान देती है। उपराष्ट्रपति ने भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को रेखांकित करते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज और चोल वंश की नौसैनिक परंपराओं को याद किया, जिन्होंने हिंद महासागर और दक्षिण पूर्व एशिया में भारत के समुद्री प्रभाव का विस्तार किया।*

## खबर संक्षेप

### 30 हजार भारतीय मजदूरों ने अमेरिका में काम छोड़ा

**कैलिफोनिया।** अमेरिका में करीब 30 हजार भारतीय मजदूरों को खेती का काम छोड़ना पड़ा है। इनमें से कई के पास अमेरिका में रहने और काम करने के पूरे कागजात नहीं हैं। ऐसे में इमिग्रेशन एजेंसी के छापों और पकड़े जाने के डर से मजदूर काम करने से बच रहे हैं। इससे फल और सब्जियों के दाम 30% से 32% तक बढ़ सकते हैं।




### भारत-मंगोलिया में रक्षा सहयोग की प्रतिबद्धता

**उलानबटार ।** भारत व मंगोलिया ने अपने लंबे समय से चले आ रहे रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच 14वीं संयुक्त कार्य समूह की बैठक राजधानी उलानबटार में हुई। बैठक में मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा की गई और आपसी सहमति वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई।



### एफ-16 वाले फॉर्मूले से मजबूत होगी वायुसेना

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के पास स्वीकृत 42 स्क्वाड्रन की तुलना में इस समय सिर्फ 29 स्क्वाड्रन ही बचे हैं। आसमान में घटते फाइटर जेट्स को लेकर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने साफ कर दिया है कि अगले कुछ वर्षों तक भारत को हर साल 36 से 40 नए लड़ाकू विमानों की सख्त जरूरत है ताकि इस घाटे की भरपाई की जा सके।



### जैविक ताड़ के गुड़ का पाउडर किया निर्यात

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु से बुल्गारिया को एपीडा की मदद से 1.755 मीट्रिक टन जैविक ताड़ के गुड़ पाउडर निर्यात किया गया है। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम और यूरोपीय संघ से प्रमाणित इस जैविक उत्पाद की खेप कल तमिलनाडु के इरोड जिले से बुल्गारिया के वारना शहर के लिए रवाना की गई।




## गलतफहमी को चर्चा से दूर करेंगे: क्वात्रा

# एसआईआर पर सवालिया निशान लगाने वाली अमेरिकी सांसद का हस्तक्षेप अस्वीकार्य



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा मतदाता सूचियों को सटीक, पूर्ण और त्रुटिरहित बनाने के लिए की गई एसआईआर की व्यापक प्रक्रिया पर प्रश्नचिन्ह लगाने वाली अमेरिका की भारतीय मूल की सांसद प्रमिला जयपाल को भारत ने दो टूक अंदाज में करारा जवाब दिया है।

**■ लोकतंत्र की निर्वाचन प्रक्रिया में हस्तक्षेप न किया जाए**

जिस में वाशिंगटन डीसी में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने मोर्चा संभालते हुए कहा कि हमारे देश के अंदरूनी मामलों में किसी भी तरह का कोई हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। अगर विषय को लेकर अमेरिकी सांसद को कोई गलतफहमी या असमंजस है। तो उसे दूर करने के लिए हम रचनात्मक संवाद के लिए हमेशा तैयार हैं। बताते चलें कि ये पूरा प्रकरण एक ऐसे समय में सामने आया है।

### ▶▶ प्रमिला ने एक्स पोस्ट से जताई नाराजगी

प्रमिला जयपाल अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी से सांसद हैं और उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भारत में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समूची प्रक्रिया और मतदाता सूची से कुल करीब 13 करोड़ लोगों का नाम हटाए जाने को लेकर गंभीर चिंता जताई है। साथ ही यह भी कहा कि यह मामला अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा लोकतंत्र और मतदाताओं के मतदान अधिकारों को सीमित करने के लिए अपनाए जा रहे हथकंडों से मेल खाता है। प्रमिला के मुताबिक, मैं उन लोगों के समर्थन में हूं, जो इस मुद्दे के विरोध में भारत में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय राजदूत की तीखी प्रतिक्रिया क्वात्रा ने एक्स पोस्ट के जरिए अमेरिकी सांसद को दिए जवाब में उन्हें स्पष्ट किया कि भारत में लोकतंत्र का जीवंत स्वरूप मौजूद है। साथ ही मजबूत, स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं भी हैं। वो भारत ही है, जहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का लंबा इतिहास रहा है। मैं, अमेरिकी कांग्रेस की महिला सांसद के इस मामले पर उनके सभी शक-सूबों को कारात्मक और रचनात्मक बातचीत से दूर करने के लिए हमेशा तैयार हूं। जयपाल द्वारा टीका-टिप्पणियां नई दिल्ली के लिए अस्वीकार्य हैं।

### ट्रंप ने की ज्ञानेश कुमार की तारीफ

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसी साल अगस्त महीने में ट्रूथ सोशल पर की गई अपनी एक पोस्ट में भारत की चुनाव प्रणाली और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तारीफ करते हुए कहा था कि अमेरिका में भी मतदान की प्रक्रिया में बदलाव की दरकार है। ज्ञानेश ने अमेरिकी प्रशासन से पूछा था कि उनका देश किस तरह से बिना किसी वैध फोटो आईडी (के चुनाव करा सकता है? भारत के चुनावों की प्रशंसा करते हुए ट्रंप ने जोर दिया कि अमेरिका में हमें अब सेव अमेरिका एक्ट को पास कराने की जरूरत है।

## अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो का भारत दौरा आज से

# रिलायंस इंडस्ट्री के जामनगर रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स पर है अब अमेरिका की नजर

**तेल की किल्लत से जूझ रहे अमेरिका ने मांगी अंबानी से मदद?**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो भारत दौरे पर गुजरात के जामनगर में स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज की रिफाइनरी का दौरा करेंगे। यह रिफाइनरी दुनिया की सबसे बड़ी सिंगल-साइट ऑयल रिफाइनरी है।

अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के इस विशाल रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स पर अब अमेरिका की नजर है। रूबियो का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा सहयोग, कारोबार और ट्रेड डील को लेकर बातचीत अहम बनी हुई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने 12 को घोषणा की थी कि रुबियो 17 से 22 अक्टूबर के बीच उज्बेकिस्तान के समरकंद और वहां से भारत में मुंबई और जामनगर की यात्रा करेंगे। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के मुताबिक रूबियों अपने भारत दौरे के दौरान रिलायंस के लोगों से भी मुलाकात करेंगे।

उनकी कार्यक्रम मुंबई और जामनगर का है। इस यात्रा में ऊर्जा सहयोग बढ़ाने और दोनों देशों के बीच कारोबारी रिश्तों को मजबूत करने पर जोर रहने की उम्मीद है।

> अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के भारत दौरे से दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग बढ़ाने और कारोबारी रिश्तों को मजबूत होने की उम्मीद

**विदेश मंत्री मार्को का मुंबई और जामनगर जाने का है कार्यक्रम**

**भारत-अमेरिका ऊर्जा सहयोग, व्यापार पर रहेगा जोर**

**डीजल की बढ़ती कीमतें बनी अमेरिका के लिए चिंता का विषय**

### मार्को रुबियो के भारत दौरे पर राहुल गांधी ने कसा तंज

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के भारत यात्रा व उनके मुंबई और गुजरात के जामनगर का दौरा करने को लेकर लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मिस्टर रुबियो ने अपने कर्मचारी को मुंबई बुलाया है। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी, विदेश मंत्रालय में आपके अधिकारी इस बात को लेकर उलझन में हैं कि आखिर चल क्या रहा है। शायद आप ही उन्हें समझा दें। या फिर, अगर आप चाहें तो मैं भी समझा सकता हूं।

### भारत-अमेरिका के ऊर्जा रिश्तों के लिहाज से अहम

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने चेतावनी दी है कि डीजल बाजार में आ रही रुकावटों के कारण अगले साल भी कीमतें ऊंची बनी रह सकती हैं। डीजल की कीमतों को कम करने के लिए - जिसका असर अमेरिकी ट्रक ड्राइवरों, किसानों और माल भेजने वालों पर पड़ता है - अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में रूस पर लगे प्रतिबंधों को कुछ समय के लिए रोक दिया, ताकि वैश्विक बाजार में मॉस्को से सप्लाई आ सके।

**मुंबई में मिलेंगे रूबियो और जयशंकर, यूएई के विदेश मंत्री भी आएंगे**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर 20 अक्टूबर को मुंबई में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मिलेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी जानकारी दी। जयशंकर इस दौरान अमेरिका की स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में वह मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में यूएई के विदेश मंत्री भी आएंगे।

**14 लाख बैरल रोजाना कच्चा तेल प्रोसेस करने की क्षमता**

गुजरात के जामनगर में स्थित रिलायंस का रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स आकार और क्षमता, दोनों के लिहाज से बेहद खास है। कंपनी की आधिकारिक जानकारी के मुताबिक यहां रोजाना करीब 14 लाख बैरल कच्चे तेल को प्रोसेस करने की क्षमता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे जटिल सिंगल-साइट रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स है। एक ही जगह पर इतने बड़े पैमाने पर कच्चे तेल को प्रोसेस करके पेट्रोलियम उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। यहां कच्चे तेल से पेट्रोल, डीजल और अन्य रिफाइंड उत्पाद बनाने के साथ पेट्रोकेमिकल कारोबार के लिए भी बड़े स्तर पर उत्पादन से जुड़ी सुविधाएं मौजूद हैं।

**7,500 एकड़ में फैला है विशाल कॉम्प्लेक्स**



जामनगर रिफाइनरी सिर्फ तेल प्रोसेस करने वाली फैक्ट्री नहीं, बल्कि एक विशाल औद्योगिक परिसर है। सबसे बड़ी बात है इसका क्षेत्रफल करीब 7,500 एकड़ बताया गया है। इतने बड़े क्षेत्र में रिफाइनिंग के साथ पेट्रोकेमिकल उत्पादन और इससे जुड़ा बुनियादी ढांचा मौजूद है।

## बोले राजदूत हरीश, मध्य-पूर्व में बढ़ता संघर्ष चिंता का विषय

# यूएन के मंच से सऊदी अरब के साथ भारत वैश्विक तनाव खत्म करने की अपील की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



बीते लगभग 8 महीने से पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी के इलाके में चल रही भीषण जंग के बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मंच से पूरी एकजुटता के साथ सऊदी अरब का समर्थन करते हुए कहा है कि मध्य-पूर्व में होता संघर्ष का विस्तार, बढ़ती शत्रुता और बुनियादी नागरिक ढांचों (सऊदी के हवाई अड्डों पर हुए हमले शामिल हैं), व्यापारिक जहाजों, नाविकों पर लगातार होते हमले नई दिल्ली के लिए बेहद चिंताजनक हैं। हम ऐसी किसी भी कार्रवाई की पुरजोर अंदाज में निंदा करते हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी हमारी ये अपील है कि युद्ध के तनावपूर्ण हालात के बीच सभी पक्ष संयम बरतें। यह जानकारी यूएन में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बीते गुरुवार देर रात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मध्य पूर्व की स्थिति पर आयोजित की गई एक परिचर्चा में दी है। क्षेत्र की शांति में भारत का बड़ा हित

उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता में भारत का बहुत बड़ा हित जुड़ा हुआ है। वहां की आम जनता को भी स्थायी शांति के साथ सामान्य जीवन की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। शांति का अर्थ महज युद्ध की समाप्ति तक सीमित नहीं है। बल्कि यहां पर असल मुद्दा क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा, स्थिरता को अनिवार्य रूप से मजबूत बनाना है। भारत इस बाबत अपना योगदान देने से कभी भी नहीं हिचकेगा।

### अमेरिकी सेना कर सकती है स्टारलिंक पर नियंत्रण

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच बीते साढ़े चार साल से जारी जंग अब निर्णायक मोड़ पर है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में मध्यावधि चुनाव को ध्यान में रखते हुए रूस से अमेरिका को ईंधन की सप्लाई करने की छूट दे दी। इतना ही नहीं उन्होंने यूक्रेन को रूस की तेल रिफाइनरियों को निशाना न बनाने की नसीहत भी दे डाली। लेकिन यूक्रेन ने इसे न मानने के संकेत दिए हैं और राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस के हमलों की स्थिति में वह भी पलटवार जारी रखेगा। हालांकि, इस बीच यूक्रेन के सामने एक नई समस्या खड़ी हो गई है। यूक्रेनी सेना की शिकायत है कि उसे एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक की तरफ से मिलने वाली इंटरनेट सेवा में रुकावटें आनी शुरू हो गई हैं, जिससे उसके सैन्य अभियान में खासी दिक्कतें आ रही हैं।



# सऊदी अरब में भारत के राजदूत संभालेंगे यमन से जुड़ी हुई राजनयिक जिम्मेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को अधिकारिक बयान जारी कर बताया कि सऊदी अरब में भारत के मौजूदा राजदूत विपुल को यमन गणराज्य में भारत के कूटनीतिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए अधिकृत किया गया है।

**नेपाल के लिए विदेश मंत्रालय का ऐलान, सुधाकर दलेला होंगे अगले राजदूत**

जबकि नेपाल में भारत के अगले राजदूत के रूप में वरिष्ठ राजनयिक सुधाकर दलेला की नियुक्ति की गई है। दलेला वर्ष 1993 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी हैं। वर्तमान में वह मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्यरत हैं। जल्द ही वह अपनी नई जिम्मेदारी को संभालेंगे। वहीं, यमन को लेकर आईएफएस अधिकारी विपुल को सौंपी गई कमान के तहत वह सऊदी अरब के रियाद से ही खाड़ी के इस अन्य देश से जुड़ी हुई भारत की तमाम राजनयिक गतिविधियों का संचालन करेंगे। जल्द ही वह अपने कामकाज की शुरुआत करेंगे।

मालूम हो कि यमन में जारी आंतरिक संघर्ष, अस्थिरता की वजह से नई दिल्ली द्वारा वहां पर तैनात किए जाने वाले राजदूत आमतौर पर सऊदी अरब से ही अपना कामकाज करते हैं। दोनों देशों की सीमाएं लगी हुई हैं।

## अमित शाह ने एनएसजी स्थापना दिवस पर जवानों को दी बधाई, कहा

**बल के कर्मियों को उनके अटूट साहस के लिए किया सलाम**

# राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को साहस और दृढ़ता के साथ नाकाम किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के स्थापना दिवस पर बल के जवानों और अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को साहस और दृढ़ता के साथ नाकाम किया है। गृह मंत्री ने बल के जवानों की पेशेवर दक्षता, बहादुरी और देश की सुरक्षा के लिए किए गए बलिदानों की सराहना की। अमित शाह ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को साहस और दृढ़ता के साथ नाकाम किया ने तूफान जैसी ताकत के साथ देश के सामने आने वाले आतंकवादी खतरों को ध्वस्त किया है। उन्होंने बल के कर्मियों को उनके अटूट साहस और अनुशासित कार्यशैली के लिए सलाम किया। उनका संदेश राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को साहस और दृढ़ता के साथ नाकाम किया की भूमिका को रेखांकित करता है।



**सटीक योजना, विशेष प्रशिक्षण और समन्वय अहम**

अमित शाह ने कहा कि एनएसजी ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को नाकाम करने में साहस दिखाया है। उनका संदेश बल की उस भूमिका पर केंद्रित रहा, जिसमें आतंकवादी हमलों से निपटना और महत्वपूर्ण सुरक्षा परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई करना शामिल है। ऐसे अभियानों में सटीक योजना, विशेष प्रशिक्षण और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय महत्वपूर्ण होता है।

### जवानों की प्रतिबद्धता की गृह मंत्री ने की प्रशंसा

गृह मंत्री अमित शाह ने एनएसजी के स्थापना दिवस पर बल के सभी कर्मियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में देश की सुरक्षा के लिए एनएसजी के योगदान को याद किया और जवानों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। एनएसजी भारत का विशेष आतंकवाद विरोधी बल है, जिसे गंभीर सुरक्षा चुनौतियों और उच्च जोखिम वाले अभियानों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

### साहस और पेशेवर दक्षता की सराहना

गृह मंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को साहस और दृढ़ता के साथ नाकाम किया कर्मियों के साहस, पेशेवर दक्षता और समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने बल के जवानों की कार्यशैली को देश की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया। विशेष अभियान चलाने वाले कर्मियों को कठिन परिस्थितियों में तेजी से निर्णय लेने, जोखिम का आकलन करने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

### जवानों का बलिदान किया याद

अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने भारत के खिलाफ आतंकवादी खतरों को साहस और दृढ़ता के साथ नाकाम किया के जवानों के बलिदान को भी सम्मान दिया। देश की सुरक्षा के लिए काम करने वाले कर्मियों को कई बार गंभीर जोखिमों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनका समर्पण राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गृह मंत्री का संदेश उन कर्मियों के योगदान को सम्मानित करता है, जिन्होंने आतंकवाद और अन्य गंभीर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए अपनी सेवाएं दी हैं।

**बांग्लादेश में हिंदू छात्रों ने किया विरोध**

# यूनिवर्सिटी में मंदिर के पास गोमांस पकाने पर विवाद

एजेंसी ▶▶ ढाका

जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के इस्लामिक हिस्ट्री एंड कल्चर विभाग के 17वें बैच के छात्रों ने 12 अक्टूबर को कैंपस में गोमांस की खिचड़ी बनाने का कार्यक्रम रखा। मंदिर समिति के सदस्य सचिव जॉय साहा ने बताया कि गोमांस की खिचड़ी बनते देख कुछ हिंदू छात्रों ने विरोध किया। मामला बढ़ने पर यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर ने हस्तक्षेप किया। इसके बाद आयोजकों ने मंदिर से कुछ दूरी पर खाना बनाया। आयोजकों ने कहा उनका किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था।



### प्रशासन ने दूसरे नोटिस में दी आयोजन की छूट

छात्रों के विरोध के बाद विवि प्रशासन ने दूसरा नोटिस जारी कर अपनी स्थिति साफ की। इसमें कहा गया कि 12 अक्टूबर को खिचड़ी बनाने को लेकर हुआ विवाद प्रॉक्टर के हस्तक्षेप से उसी दिन सुलझा लिया गया था। अगले दिन संबंधित पक्षों के बीच बातचीत से भी मामला निपट गया था।

# मुरैना के दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव, बच्चों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनविश्वास अभियान अंतर्गत मुरैना जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में दिव्यांगजनों के उपचार, पुनर्वास एवं समग्र विकास के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र में संचालित न्यूरोलॉजिकल पुनर्वास कक्ष, बाल पुनर्वास कक्ष, शिशु एवं बाल चिकित्सा उपचार कक्ष तथा विद्युत चिकित्सा कक्ष सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही उपचार एवं चिकित्सा सुविधाओं, पुनर्वास की व्यवस्थाओं तथा उनकी प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री के स्कूल पहुंचने पर विद्यार्थियों और अध्यापकों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. सुदाम खाड़े, संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, कलेक्टर मुरैना लोकेश कुमार जांगिड़, पुलिस अधीक्षक मुरैना धर्मराज मीणा सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**ट्राइसाइकिल व्हील चेयर समेत सहायक उपकरण वितरित, बच्चों ने हाथों से बनाई गौशाला पेंटिंग की भेंट**



जनविश्वास अभियान के तहत दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र के बच्चों के बीच सीएम।

### दिव्यांग बच्चों से आत्मीय संवाद कर बढ़ाया उत्साह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र में उपस्थित दिव्यांग बच्चों से आत्मीय संवाद किया। उनके अनुभवों एवं गतिविधियों के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री को दिव्यांग बच्चों ने अपने हाथों से बनाई गई गौशाला की पेंटिंग भेंट की। एक बच्चे ने विभिन्न राष्ट्रीय प्रतीकों को सांकेतिक चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए उनके बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बच्चों की रचनात्मकता, प्रतिभा एवं आत्मविश्वास की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों के साथ आत्मीयता से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण भी वितरित किए। इनमें ट्राइसाइकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, छड़ी, घुटने के सहायक पट्टे, दृष्टिबाधितजनों के लिए विशेष छड़ी, कॉलर बेल्ट एवं श्रवण यंत्र शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री ने किया उत्कृष्ट विद्यालय मुरैना का निरीक्षण

सीएम ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत मुरैना के उत्कृष्ट विद्यालय क्र.-1 में पहुँचकर विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से विज्ञान और गुरुत्वाकर्षण के संबंध में संवाद किया। इसके साथ ही विद्यालय में स्थापित प्रयोगशाला का निरीक्षण कर प्रयोगशाला के बारे में भी विद्यार्थियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की कक्षा में पहुंचकर बच्चों से विज्ञान विषय के संबंध में संवाद किया। उन्होंने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं का भी अवलोकन किया।

## खबर संक्षेप

### जीएमसी में फैकल्टी सदस्यों दिया स्किल लैब एवं सिमुलेशन प्रशिक्षण

**भोपाल।** आधुनिक चिकित्सा शिक्षा में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में व्यावहारिक दक्षता एवं रोगी सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक कौशल विकसित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह बात गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में मेडिकल एजुकेशन यूनिट द्वारा फैकल्टी सदस्यों के लिए स्किल लैब एवं सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीन डॉ कविता एन सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में स्किल लैब का विशेष महत्व है। इसके माध्यम से स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी मरीजों पर किसी प्रक्रिया को करने से पूर्व नियंत्रित एवं सुरक्षित वातावरण में बार-बार अभ्यास कर सकते हैं।

### भावांतर योजना के लिए पंजीयन अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ाई

**भोपाल।** राज्य शासन ने किसानों के व्यापक हित में ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन के पंजीयन की अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। भारत सरकार की भावांतर योजना में खरी 2026 में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अवधि 3 से 17 अक्टूबर तक निर्धारित थी। इस संबंध में सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए गए हैं। उन्हें पंजीकृत कृषकों का सत्यापन भी इस अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## दीपावली से पहले आयोजित होगा चंबल संभाग स्तरीय औद्योगिक सम्मेलन

# औद्योगिक विकास को गति देने और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- चंबल एक्सप्रेस-वे के आसपास नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की संभावनाओं पर हुई चर्चा
- जनविश्वास अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य शासन प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्योगों की स्थापना एवं विस्तार के लिए शासन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि दीपावली से पहले चंबल संभाग स्तरीय औद्योगिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इससे क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं को विस्तार देने और नए उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को जनविश्वास अभियान के तहत मुरैना में आयोजित उद्यम संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों से संवाद कर क्षेत्र में औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार सृजन, निर्यात तथा उद्योगों के विस्तार से जुड़े विषयों पर चर्चा की। संवाद में 20 उद्यमी शामिल हुए। शासन से प्राप्त सहयोग, उपलब्ध सुविधाओं तथा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय के संबंध में अपने अनुभव साझा किए।




मुरैना में उद्यम संवाद कार्यक्रम में सीएम शामिल हुए।

### बायोरा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की पहल की भी सराहना की

मुख्यमंत्री ने मै. बायोरा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की पहल की भी सराहना की। यह कंपनी बायोमास पैलेट्स का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की औद्योगिक इकाइयां फसल अवशेषों के बेहतर उपयोग और पराली प्रबंधन को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कृषि अपशिष्ट से बायोमास पैलेट्स एवं बायोचार का निर्माण कर अपशिष्ट का उपयोगी संसाधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### दीपावली तक उत्पादन प्रारंभ करने की तैयारी

उद्यम संवाद में सिनोरिया फार्मा के उद्यमी कपिल सत्यवानी ने बताया कि उनकी इकाई का भूमि-पूजन मुख्यमंत्री की ओर से वर्ष 2024 में वर्चुअली किया गया था। इकाई में चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा संबंधी उपकरणों का निर्माण किया जाएगा। निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और दीपावली तक उत्पादन प्रारंभ करने की तैयारी है। इस इकाई में लगभग 6 करोड़ का निवेश किया है। सीएम ने इकाई की स्थापना एवं उत्पादन प्रारंभ करने की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए उद्यमी को बधाई दी।

**स्थानीय स्तर पर बढ़ेंगे रोजगार के अवसर**

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पोरसा और सबलगढ़ सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार की संभावना है। उद्योगों की स्थापना से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास का लाभ सभी क्षेत्रों तक पहुंचना चाहिए, ताकि स्थानीय युवाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें और समग्र क्षेत्रीय विकास को गति मिले।

### प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की दिशा में प्रभावी पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मै. एजीआई ग्रीन पैक की ग्लास विनिर्माण इकाई की सराहना करते हुए कहा कि ग्लास उद्योग को प्रोत्साहित कर प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की दिशा में प्रभावी पहल की जा सकती है। मप्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने तथा उद्योगों में इनके उपयोग की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संवाद में बटेश्वर इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के संजीव कुचिया, मै. योगराज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के पुनीत बंसल, मै. एजीआई ग्रीन पैक के पी. गिरिधर, मै. फ्यूमा लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के शुभम सिंह, मै. अन्नपूर्णा दाल मिल के संजय शर्मा, मै. बायोरा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के आशीष गुप्ता, मै. सिंघसा मेडीकेयर के विश्वजीत सिंह तथा मै. सिनोरिया फार्मा के कपिल सत्यवानी सहित अन्य उद्यमियों से चर्चा की।

## उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने दिए निर्देश

# हेल्थ सेक्टर के एलाइड और हेल्थकेयर कोर्स इसी सत्र से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रदेश में एलाइड एंड हेल्थकेयर पाठ्यक्रम सत्र 2026-27 से शुरू करने के निर्देश दिए हैं। वल्लभ भवन में बैठक में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन जरूरी है। राष्ट्रीय आयोग के अंतरिम दिशा-निर्देशों के अनुरूप अनुमोदित पाठ्यक्रम तत्काल शुरू किए जाएं और संबद्धता-प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूरी हो। वहीं भौतिक चिकित्सक कल्याण संघ ने मांग की है कि सभी सरकारी-निजी संस्थानों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में 'पैरामेडिकल' शब्द का उपयोग बंद किया जाए। साइन बोर्ड, भर्ती विज्ञापन और प्रमाणपत्रों में एनसीएएचपी अधिनियम 2021 के अनुरूप शब्दावली लागू की जाए।

## ग्वालियर में संगीत विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

# कला-संस्कृति से ही भारत का उत्थान, इसे विद्यार्थी विश्व पटल पर ले जाएं : राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों से भारत की कला, संस्कृति और संगीत को विश्व पटल पर नई ऊंचाई तक ले जाने का आह्वान किया। वे शुक्रवार को राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और उपाधियां प्रदान कीं।उन्होंने कहा कि शास्त्रीय संगीत मनोरंजन नहीं, आत्मा को निर्मल करने वाला साधन है और कला-संस्कृति राष्ट्र की नींव है। संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेन्द्र लोधी ने जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर पं. अजय पोहनकर ने भजन-ठुमरी प्रस्तुत की।

## कानों-कान



### बारिश थमने के बाद खनिज दफ्तर में माफिया का डेरा

बारिश के दौरान बंद पड़ी खदानों का काम फिर शुरू होने वाला है। अवैध उत्खनन करने वाले भी बारिश थमने के साथ ही सक्रिय हो गए हैं। सुबह 11 बजते ही अब खनिज विभाग के आसपास खनिज माफिया के वाहनों की भीड़ जुट रही है। हैरत की बात तो यह है कि अब अपनी सीट से गायब रहने वाले साहब भी पिछले कुछ दिनों से पाबंदी के साथ बैठ रहे हैं। इसके पहले वह लंच पर घर जाते थे, लेकिन कुछ दिनों से लंच भी दफ्तर में आ रहा है। पता चला है कि खनिज माफिया अब खुदाई की अस्थाई परमिशन लेकर अवैध उत्खनन का कारोबार शुरु करेंगे, जिससे साहब और इन लोगों की दीवाली अच्छे से मन सके।

### साहब का चिंतन मनन नहीं हो रहा कम...

कलेक्टोरेट के बड़े साहब के नीचे बैठने वाले एक साहब का चिंतन मनन खत्म नहीं हो रहा है। रोजाना कोई न कोई मुद्दा साहब के सामने आ जाता है। मुद्दे भी ऐसे आ रहे हैं, जिनका निराकरण असंभव जैसा हो रहा है। ऐसे में साहब का समझ नहीं आ रहा कि क्या किया जाए। साहब पिछले लंबे समय से कब्रिस्तान की जमीन को लेकर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं, दरअसल इस मसले में दोनों पक्ष अड़े हुए हैं, जिसकी वजह से इस मसले का हल निकालना मुश्किल हो रहा है।

### शिकायत बिग बॉस से, गुस्सा छोटे कर्मचारियों पर!

भोपाल रेल मंडल में इन दिनों छोटे कर्मचारियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। चर्चा है कि एसी चेंबर में बैठे बड़े साहब टारगेट पूरा करने का ऐसा दबाव बना रहे हैं कि कर्मचारी परेशान हैं। आरोप है कि टारगेट पूरा न होने पर खरी-खोटी भी सुननी पड़ती है। परेशान कर्मचारियों ने जब पिछले दिनों दौरे पर आए जोन के बिग बॉस के सामने अपना दुखड़ा रोया, तो लगा था कि शायद अब राहत मिलेगी। लेकिन हुआ उलटा! शिकायत का पता चलते ही बड़े साहब का पारा चढ़ गया। अब चर्चा है कि शिकायत से राहत तो नहीं मिली, उलटे कर्मचारियों की शामत और आ गई। यानी फरियाद ऊपर तक पहुंची, लेकिन उसकी कीमत नीचे वालों को चुकानी पड़ रही है!

### सुगम परिवहन सेवा की बसों की भी जांच करें सर

परिवहन अमले की ओर से पिछले दिनों से अलग-अलग रूटों पर बसों की जांच की गई। इस दौरान प्राइवेट बस संचालकों की बसे नियम विरोध मिलने पर कार्रवाई की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के रूप में संचालित बसों को आरटीओ अमले द्वारा नहीं रोका गया। इससे अन्य मोटर मालिक विरोध करने लगे। उन्होंने आरटीओ अमले शामिल जांच अधिकारियों से उन बसों को रोककर जांच करने का निवेदन किया। लेकिन अमले ने जाने दिया। इसको लेकर अब प्राइवेट बस संचालक विरोध की रणनीति बनाने लगे थे। जिसकी भनक लगते ही अमले की ओर से अभी जांच बंद कर दी गई।

**वहीद खान/कपिलदेव श्रीवास्तव**

# प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती से किसानों के साथ आम जनता हो रही बेहाल: पटवारी

**संकट को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि प्रदेश का किसान गंभीर बिजली संकट का सामना कर रहा है। सरकार ने किसानों को खेती और सिंचाई के लिए प्रतिदिन 10 घंटे बिजली देने का वादा किया था, लेकिन प्रदेश के कई क्षेत्रों में किसानों को मुश्किल से 2 घंटे ही बिजली मिल पा रही है।

ऐसे में किसान अपनी फसलों की सिंचाई कैसे करेगा और खेती का काम कैसे पूरा कर पाएगा? पटवारी ने कहा कि बिजली संकट का असर केवल किसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि आम जनता भी अघोषित बिजली कटौती से परेशान है। प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में 10-10 घंटे तक बिजली गुल रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं। कहीं किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है, तो कहीं घरेलू उपभोक्ता गर्मी और दैनिक जरूरतों के बीच बिजली के अभाव में परेशान हो रहे हैं। बिजली की अनियमित आपूर्ति ने ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

### किसानों को सिंचाई के लिए मिले बिजली

पटवारी ने प्रदेश सरकार से मांग की कि बिजली संकट को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। जरूरत के अनुसार अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था की जाए और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रबंधन किया जाए, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए निर्धारित समय के मुताबिक बिजली मिल सके। साथ ही, घरेलू उपभोक्ताओं को नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा अनिवार्य परिस्थितियों में होने वाली कटौती की पूर्व सूचना देकर उसके कारणों की जानकारी सार्वजनिक की जाए।

## भाजपा संगठन महामंत्री ने छिंदवाड़ा में वरिष्ठजनों की बैठक ली

# छिंदवाड़ा में संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर बोले- वरिष्ठजनों का अनुभव पार्टी की अमूल्य धरोहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने शुक्रवार को छिंदवाड़ा जिला कार्यालय में वरिष्ठजनों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने निर्माणाधीन भाजपा कार्यालय का निरीक्षण भी किया।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठजनों का अनुभव, मार्गदर्शन और संगठन के प्रति उनका समर्पण पार्टी की अमूल्य धरोहर है। वरिष्ठजनों ने अपने लंबे राजनीतिक एवं संगठनात्मक अनुभव, निरंतर परिश्रम और समर्पण से संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि उनके अनुभवों से संगठन को नई दिशा मिलती है। किसी भी संगठन की मजबूती उसके समर्पित कार्यकर्ताओं, अनुभवी मार्गदर्शकों और आपसी समन्वय पर निर्भर करती है। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन संगठन की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के साथ ही नई पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को संगठन की परंपराओं, विचारधारा और कार्यशैली से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बैठक में पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, जिला प्रभारी आदित्य बबला शुक्ला, सांसद विवेक बंटी साहू आदि मौजूद थे।

### संवाद और सहयोग से मिलती है नई ऊर्जा

संगठन मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि भाजपा में वरिष्ठजनों का सम्मान और उनके अनुभवों का लाभ लेना संगठनात्मक कार्यसंस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वरिष्ठजनों और युवा कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद, आपसी सहयोग एवं समन्वय से संगठन को नई ऊर्जा मिलती है। संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं का एकजुट होकर कार्य करना आवश्यक है। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों से संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने वरिष्ठजनों के अनुभवों, विचारों एवं सुझावों को सुना और संगठन की गतिविधियों तथा कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## शिक्षकों और अधिकारियों की मौजूदगी में किया पदभार ग्रहण

# बीयू के नए कुलगुरु बेदिया ने संभाला कार्यभार, नई ऊर्जा के साथ विवि को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का लिया संकल्प

**विश्वविद्यालय के विकास में सहयोग का दिया आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**कहा - नवरात्रि शक्ति की प्रेरणा है, सामूहिक प्रयास से होगा शैक्षणिक उन्नयन**

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलगुरु प्रोफेसर दीनदयाल बेदिया ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर कुलगुरु कार्यालय में विवि के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद विवि शिक्षक संघ द्वारा नवनियुक्त कुलगुरु का स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के विकास एवं शैक्षणिक उन्नयन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। नवागत कुलगुरु बेदिया ने कहा कि वर्तमान में मां दुर्गा की आराधना का पावन समय चल रहा है। मां दुर्गा शक्ति की प्रतीक हैं और उनसे हमें ऊर्जा, साहस तथा सकारात्मकता की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि हम सभी को नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ मिलकर विवि परिवार को आगे बढ़ाना है तथा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने हैं। उन्होंने विवि परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी ने मुझे अपने परिवार में स्वीकार किया है, इसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि यदि ईश्वर ने हमें कोई दायित्व और अवसर प्रदान किया है, तो यह हमारा कर्तव्य है कि हम लोगों की अपेक्षाओं पर खरे उतरें तथा उनकी समस्याओं का समाधान करने का हरसंभव प्रयास करें।



बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलगुरु प्रो. दीनदयाल बेदिया ने कार्यभार ग्रहण किया। शिक्षक संघ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

### शिक्षक संघ ने दिया सहयोग का आश्वासन

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की अध्यक्ष प्रोफेसर मोना पुरोहित ने शॉल एवं श्रीफल भेंट कर नवनियुक्त कुलगुरु का स्वागत किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कुलगुरु के मार्गदर्शन में विवि अकादमिक उत्कृष्टता, शोध, नवाचार तथा संस्थागत विकास के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा। शिक्षक संघ की ओर से विवि के हित में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया गया। इस अवसर पर विवि के पूर्व कुलगुरु प्रोफेसर विवेक शर्मा एवं डॉ. एस.के. खटीक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एसबी सिंह सहित विवि के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भोपाल में बनेगा 8 हजार क्षमता वाला मेगा कन्वेंशन सेंटर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय एमआईसीई पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। मुंबई में आयोजित एमआईसीई इंडस्ट्री लीडर्स कनेक्ट कार्यक्रम में टूरिज्म बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय बेडेकर ने बताया कि भोपाल के सतगढ़ी में 172 एकड़ में 6 से 8 हजार क्षमता वाला कन्वेंशन सेंटर प्रस्तावित है। इंदौर और खजुराहो में पहले से बड़े सेंटर संचालित हैं। पर्यटन नीति 2025 के तहत 500 क्षमता वाले प्रोजेक्ट पर 10 करोड़ तक सब्सिडी और ग्रीन इवेंट पर 1 लाख तक प्रतिपूर्ति मिलेगी। आयोजकों के लिए सिटी एमआईसीई प्रमोशन ब्यूरो से सिंगल विंडो सुविधा दी जाएगी। सम्मेलन में पश्चिमी भारत को वैश्विक एमआईसीई पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने के विषय पर गहन पैनल चर्चा हुई।



अशोका गार्डन स्थित मां दुर्गा धाम मंदिर।

# मां दुर्गा धाम से जुड़ी है भक्तों की गहरी आस्था, मनोकामना लेकर आते हैं भक्त, मुराद पूरी होने पर मां को चढ़ाते हैं सोने का सिंहासन

## 25 साल पहले संवरा मां दुर्गा धाम, अब नवरात्र में उमड़ते हैं हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के अशोका गार्डन स्थित मां दुर्गा धाम मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां सामान्य दिनों में भी भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन नवरात्र के दौरान मंदिर में विशेष रौनक रहती है। मान्यता है कि सच्चे मन से माता रानी की पांच परिक्रमा करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। संतान प्राप्ति की कामना लेकर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में मां दुर्गा और काली के साथ भगवान हनुमान, श्रीगणेश, मंशापूर्ण माता, भोलेनाथ और राम-जानकी सहित अन्य देवी-देवता विराजमान हैं। मंदिर का इतिहास पुराना है, जबकि करीब 25 साल पहले इसे व्यवस्थित रूप से विकसित किया गया था। इसके बाद से मंदिर का लगातार विस्तार किया जा रहा है।

शक्ति रूपेण संस्थिता
देवी मंदिरों की परिक्रमा



मंदिर में विराजी मां दुर्गा।

### महाआरती में शामिल होने की भी मान्यता

मंदिर के पुजारी पंडित वेदांत तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं में मान्यता है कि सच्चे मन से



पांच परिक्रमा करने और अष्टमी पर होने वाली महाआरती में शामिल होने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने पर माता रानी को सोने- चांदी का सिंहासन और छत्र भी अर्पित कर चुके हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर में अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाती है।

### माता के दरबार में मन की बात कहते हैं भक्त

श्रद्धालु ऋषिराज दीक्षित ने बताया कि वे



किसी भी परेशानी के समय माता रानी के चरणों में अपनी बात रखते हैं। उनका मानना है कि मां अपने भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं और दुखों से उबरने की शक्ति प्रदान करती हैं।

### मुश्किल समय में आगे बढ़ने का मिलता है हौसला



श्रद्धालु नंदकिशोर मालवीय ने बताया कि माता रानी के प्रति उनकी गहरी आस्था है। मां के आशीर्वाद से उन्हें जीवन में नई उम्मीद मिलती है और मुश्किल समय में आगे बढ़ने का हौसला मिलता है।

## टीटी नगर-भेल की कालीबाड़ियों में झांकियां सजीं, कोलाबेऊ पूजा में रिद्धि-सिद्धि का प्रतीक बना केले का पेड़

# नवपत्रिका स्नान से जागीं देवी, कालीबाड़ियों में गूंजा बंगाली संस्कृति दुर्गा उत्सव का उल्लास



टीटी नगर कालीबाड़ी में पूजन के बाद धुनुची नृत्य करतीं बंगाली महिलाएं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शारदीय नवरात्र की धूम शहर भर में है। बंगाली दुर्गा पूजा की शुरुआत के साथ ही नवरात्र की रंगत और भी बढ़ गई है। पांच दिवसीय बंगाली दुर्गा उत्सव के दौरान बंगाली समाज की टीटी नगर, भेल सहित शहर की सभी कालीबाड़ियां शुक्रवार को धूमधाम से नवपत्रिका स्नान पूजन से की गई। साथ ही आकर्षक झांकियां भी सजाईं। इस दौरान कालीबाड़ियों में धार्मिक और बंगाली संस्कृति पर आधारित सांकृतिक कार्यक्रम भी देर रात तक चलते रहे।

### पृथ्वी लोक में रहकर लोगों के कष्ट हरती हैं मां

कोलकाता से मां दुर्गा की विशेष रूप से पूजा-अर्चना करने पहुंचे पंडितों का कहना है कि मान्यता है कि नवपत्रिका पूजन के बाद देवी नींद से जागती हैं और पृथ्वी लोक में रहकर लोगों के कष्ट को हरती हैं।

### मां का किया आह्वान

एसोसिएशन टीटी नगर कालीबाड़ी में कोलकाता से आए मुख्य पुरोहित ने बताया कि दुर्गा पूजा में कोलाबेऊ केले के पेड़े को का विशेष महत्व है। इसके भगवान गणेश की पत्नी रिद्धि-सिद्धि का प्रतीक मानकर पूजा की जाती है। मंडप में गणेश की प्रतिमा के दाहिने और स्थापित किया गया। माता का आव्हान कर उन्हें जागृत किया गया।

## दक्षिणा के साथ बांटी शैक्षणिक सामग्री

# शीतला माता मंदिर में 501 कन्याओं का पूजन, चुनरी ओढ़ाकर सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर टीला जमालपुरा स्थित शॉपिंग सेंटर के शीतला माता मंदिर में शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल की ओर से भव्य कन्या पूजन एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान 501 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया और उपहार देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। संस्था के अध्यक्ष हरि जोशी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मां शीतला के दरबार में दीप प्रज्वलित कर, पुष्पमाला अर्पित करने और पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद कन्याओं के चरण धोकर उनका पूजन किया गया। कार्यक्रम में भोपाल सांसद आलोक शर्मा, वार्ड-13 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य मनोज राठौर सहित समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहे।




गरबा करोंद

## अरेटे वेंचर्स के गौरव शाह ने स्टार्टअप के गुर बताए

# उत्कृष्टता संस्थान में इल्युमिनेट वर्कशॉप में आईआईटी बॉम्बे के सहयोग से नवाचार-उद्यमिता पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के उद्गम इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा शुक्रवार को आईआईटी बॉम्बे के सहयोग से इल्युमिनेट नामक एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का विषय नवाचार एवं उद्यमिता रहा, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमशील सोच विकसित करना तथा स्टार्टअप और नवाचार की संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यशाला में अरेटे वेंचर्स के मैनेजिंग पार्टनर एवं प्राइवेट इक्विटी तथा वेंचर कैपिटल विशेषज्ञ गौरव शाह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों तथा स्टार्टअप विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल के संरक्षण में तथा उद्गम की नोडल अधिकारी डॉ. निधि चौहान के संयोजन में किया गया।



# एशियाई बाल चिकित्सा सम्मेलन में शामिल हुईं एम्स की डॉ. भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल की डॉ. भावना ढींगरा ने बेंगलुरु में हुए चौथे एशियाई बाल चिकित्सा नैतिकता सम्मेलन में भाग लिया और आयोजन समिति की सदस्य रहीं। डॉ. ढींगरा ने गंभीर या लाइलाज बीमारी से जूझ रहे बच्चों के इलाज से जुड़े नैतिक मुद्दों पर सत्र का संचालन किया। आनुवंशिक और दुर्लभ बीमारियों, इलाज और शोध में बच्चों की सहमति, बच्चों की देखभाल में सोशल मीडिया के उपयोग और डीपीडीपी एक्ट पर भी चर्चा हुई। इसमें खास तौर पर यह बात उठी कि ऐसे बच्चों के इलाज में कई बार उपचार का कोई लाभ नहीं रह जाता, तब क्या निर्णय लिया जाए। यह सम्मेलन बेंगलुरु के मधुसूदन सांई इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च में आयोजित हुआ।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव बोले...

### शिवानी के परिजनों ने मानवता और परोपकार की मिसाल पेश की

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शिवानी के एम्स में अंगदान से तीन लोगों को जीवन का अनमोल उपहार मिला है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि असहनीय दुःख की घड़ी में उनके परिजन ने अंगदान का निर्णय लेकर मानवता, संवेदनशीलता और परोपकार की ऐसी मिसाल पेश की, जो सभी को प्रेरित करेगी। पैतृक गांव में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल दशार्ती है कि अंगदान के प्रति जागरुकता अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सकारात्मक बदलाव ला रही है। समाज में जीवन बचाने के इस पुनीत कार्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ रही है।

## मंत्री सारंग ने किया शुभारंभ

# अवंतिका गार्डन करोंद में गरबे पर झूमे हजारों श्रद्धालुगण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

करोंद स्थित अवंतिका गार्डन में रंग रसिया गरबा महोत्सव सीजन-5 का आयोजन किया गया। शुभारंभ मंत्री विश्वास सारंग ने किया। गरबा प्रेमी माता के भजनों और गरबा की धुनों पर झूमते नजर आए। आयोजक गौरव दांगी ने बताया कि गरबा महोत्सव का आयोजन पिछले पांच वर्षों से किया जा रहा है। हर साल प्रतिभागियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। समापन पर आयोजक गौरव दांगी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। रंग रसिया गरबा महोत्सव सीजन-5 ने परंपराओं, भक्ति और उत्सव का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

### 17 से 20 तक होगा गरबा महोत्सव एवं भव्य दशहरा उत्सव

भोपाल। नवरात्रि एवं दशहरा पर्व पर सृष्टि शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति, भोपाल के तत्वावधान में 17, 18 एवं 19 अक्टूबर को गरबा महोत्सव आयोजित होगा। 20 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे भव्य रावण दहन एवं आतिशबाजी का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का आयोजन राजमाता विजयाराजे सिंधिया मैदान, हर्षवर्धन नगर में किया जाएगा। गरबा महोत्सव में नगरवासी पारंपरिक गरबा नृत्य, संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नवरात्रि पर्व का आनंद लेंगे।

## रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए भोपाल सहित देशभर में चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनें

# दीपावली के 22 दिन पहले से ही ट्रेनों में भारी वेटिंग

**कुछ ट्रेनों में रिग्रेट की स्थिति बनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली पर्व, छठ पूजा को भले ही अभी करीब 22 दिन बाकी है। लेकिन जैसे-जैसे इस त्योहार की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग का आंकड़ा 130 के पास पहुंच रहा है। दीपावली से कुछ दिन पहले तो कुछ ट्रेनों में वेटिंग इतनी बढ़ जाती है कि ट्रेनों को नो रूम यानि टिकट बंद दशार्या जाता है। अभी से भोपाल से दिल्ली, रीवा ,मुंबई, रायपुर , पटना , प्रयागराज व ग्वालियर जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग शुरू हो चुकी है। अगर यात्री दीपावली पर ट्रेन से अपने घर जाना है, तो अभी से अपनी टिकट बुक करवा लें, क्योंकि रेलवे की ओर चलाई जा रही कुछ स्पेशल ट्रेन में अभी टिकट मिल सकता है। तो वहीं रेलवे अधिकारियों के अनुसार कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। जिसके चलते टिकट कंफर्म होने की उम्मीद है। त्योहारों के मौसम में यदि आप भी दीवाली और छठ पूजा पर ट्रेन से घर जाने की योजना बना रहे हैं, तो तुरंत अपनी टिकट बुक करा लें। अंतिम समय का इंतजार करना आपकी यात्रा बिगाड़ सकता है।

### अब बस सेवा, हवाई यात्रा ही यात्रियों का विकल्प

इस साल 8 नवंबर को दीपावली और 15 नवंबर को छठ महापर्व मनाया जाएगा। भोपाल से दिल्ली, मुंबई और उत्तर प्रदेश (विशेषकर लखनऊ-कानपुर) की ओर जाने वाली अधिकांश प्रमुख गाड़ियों में 5 नवंबर से ही लंबी वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है। कई ट्रेनों में सीटें फुल होने के कारण 'रिग्रेट' की स्थिति बन गई है। इसके अलावा राजधानी, शताब्दी और वंदे भारत जैसी प्रीमियम और सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों में भी टिकट उपलब्ध हैं। अभी पंजाब मेल में सीटें उपलब्ध, अन्य दिनों में वेटिंग लिस्ट फेस्टिव सीजन के कारण भोपाल से गुजरने वाले प्रमुख मार्गों पर रिमोट लोकेशन वेटिंग लिस्ट और सामान्य वेटिंग काफी बढ़ गई है। जिन ट्रेनों में रिग्रेट का स्टेटस आ चुका है, वहां के यात्री अब बस सेवा या हवाई यात्रा जैसे वैकल्पिक माध्यमों का सहारा ले रहे हैं।



### उत्तर प्रदेश रूट

(लखनऊ-कानपुर)- भोपाल से लखनऊ और कानपुर जाने वाली सभी ट्रेनों में 5 नवंबर के बाद से भारी भीड़ है। पुष्पक एक्सप्रेस, भोपाल-प्रतापगढ़ सुपरफास्ट और डॉ. आंबेडकर नगर-कामाख्या एक्सप्रेस के सेकेंड एसी तथा स्लीपर श्रेणी में रिग्रेट दर्ज हो चुका है।

### दिल्ली रूट की स्थिति

राजधानी भोपाल से दिल्ली की ओर रुख करने वाली ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग लिस्ट शुरू हो चुकी है। समता एक्सप्रेस, रानी कमलापति-निजामुद्दीन सुपरफास्ट और जबलपुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस में यात्रियों का काफी दबाव है। हालांकि, दीपावली के दिन दिल्ली मार्ग पर कुछ सामान्य सीटें उपलब्ध हैं।

### 6 से 16 नवंबर के बीच ट्रेनों की स्थिति

**भोपाल से मुंबई की ओर जाने वाली गाड़ियों में वेटिंग लिस्ट**

| गाड़ी का नाम | स्लीपर | एसी |
|---|---|---|
| कामायनी एक्सप्रेस | 71 वेटिंग | 46 वेटिंग |
| पंजाब मेल | 38 वेटिंग | 23 वेटिंग |

**भोपाल से दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों की स्थिति**

| | | |
|---|---|---|
| मंगलादीप एक्सप्रेस | 121 वेटिंग | 57 वेटिंग |
| श्रीधाम एक्सप्रेस | 67 वेटिंग | 31 वेटिंग |

**भोपाल से नागपुर जाने वाली ट्रेनों की स्थिति**

| | | |
|---|---|---|
| केरला एक्सप्रेस | 68 वेटिंग | 31 वेटिंग |

**भोपाल से जबलपुर जाने वाली ट्रेनों की स्थिति**

| | | |
|---|---|---|
| नर्मदा एक्सप्रेस | 38 वेटिंग | 16 वेटिंग |

**भोपाल से ग्वालियर जाने वाली ट्रेनों की स्थिति**

| | | |
|---|---|---|
| जबलपुर नई दिल्ली सुपर | 41 वेटिंग | 18 वेटिंग |
| केरल एक्सप्रेस | 64 वेटिंग | 31 वेटिंग |
| झेलम एक्सप्रेस | 69 वेटिंग | 30 वेटिंग |

## पारंपरिक वेशभूषा में सजकर किया गरबा

# वेस्टर्न कोर्ट कॉलोनी में गरबा की धूम, आराधना में झूमीं महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के कोलार स्थित वेस्टर्न कोर्ट कॉलोनी में नवरात्रि के अवसर पर बुधवार शाम गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कॉलोनी की महिलाओं ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ गरबा कर मां भगवती की आराधना की। पारंपरिक वेशभूषा और आकर्षक साज-सज्जा में सजी महिलाओं ने संगीत की मधुर धुनों पर गरबा किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, उल्लास और उत्साह का माहौल बना रहा।

### भक्ति के रंग में रंगा गरबा उत्सव

गरबा उत्सव में महिलाओं का उत्साह देखते ही बना। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने सामूहिक रूप से गरबा कर नवरात्रि के उल्लास को और खास बना दिया।

# नमन देशमुख का मंत्र- कंटेंट ऐसा बनाइए कि दर्शक खुद जुड़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के नमन देशमुख आज कंटेंट क्रिएशन की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। उनके टेक कंटेंट पेज 'टेक प्लस गैजेट' से करीब 1.1 करोड़ फॉलोअर्स जुड़े हैं। करीब चार साल तक आईटी सेक्टर में काम करने के बाद उन्होंने अपने पैशन को करियर बनाने का फैसला लिया।

लगातार नए प्रयोग और बदलते डिजिटल ट्रेंड के साथ उन्होंने अपनी पहुंच लाखों-करोड़ों दर्शकों तक बना ली। इसके साथ ही हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बेस्ट कंटेंट क्रिएटर के तौर पर सम्मानित किया।

## नौकरी छोड़ पैशन को चुना, आज 11 मिलियन फॉलोअर्स




**मूल मंत्र है** हर बार कुछ नया और क्रिएटिव करना

नमन कहते हैं मैंने नौकरी और अपने पैशन में से पैशन कंटेंट क्रिएशन को चुना। और पूरी तरह इसी क्षेत्र में जुट गया। उन्होंने कहा कि मेरा सिर्फएक ही मूल मंत्र है हर बार कुछ नया और क्रिएटिव करना।

### पैसों पर नहीं, क्वालिटी या गुणवत्ता पर दो ध्यान

उन्होंने कहा कि न्यूकमर कंटेंट क्रिएटर इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि कितने मिलियन व्यूज मिलने पर कितनी कमाई होगी। जबकि सबसे पहले ध्यान कंटेंट की गुणवत्ता पर होना चाहिए। आपका कंटेंट इतना अच्छा और दिलचस्प होना चाहिए कि लोग उसे देखना पसंद करें और देखते देखते पैसा आपके पीछे आएगा। उन्होंने कहा कि मेरे साथ 17 लोगों की टीम काम करती हैं और हम हर दिन कुछ नया करने की कोशिश करते हैं। क्योंकि अब हमें इतने साल हो गए हैं कि लोगों की अपेक्षाएं हम से बढ़ चुकी हैं।

### मेरी वीडियो डिजिटल मार्केटिंग पर बेस्ड : दामिनी

1.2 मिलियन फॉलोवर रखने वाली दामिनी ने कहा कि मैं 2019 से मार्केटिंग के क्षेत्र में ही काम कर रही हूं तो मेरी वीडियो डिजिटल मार्केटिंग पर बेस्ड होती है। इसमें जानकारियों के साथ एआई टूल्स के प्रयोगों पर भी मैं काफी रिसर्च के बाद रील्स बनाती हूं। उन्होंने कहा ऐसा नहीं है कि एजुकेशन या एकेडमिक से रिलेटेड वीडियो पर व्यूअरशिप नहीं मिलती, क्योंकि लोग आज कल एआई टूल्स का प्रयोग बहुत करने लगे हैं, इसलिए इन्हें भी लोग देखते और पसंद करते हैं।




### निजी कंपनी में आईटी डायरेक्टर मयंक फोटोग्राफी के जरिए दिखाते खूबसूरत स्थान

1.5 मिलियन फॉलोअर वाले भोपाल के मयंक तिवारी ने कहा, मैं



हेदराबाद की कंपनी में आईटी डायरेक्टर हूं और साथ में कंटेंट क्रिएशन भी करता हूं, क्योंकि मुझे फोटोग्राफी का शौक है तो मैं ट्रैवलिंग कंटेंट पर वीडियो बनाता हूं। उन्होंने कहा, जॉब के साथ पैशन चुनने से कई बार काफी हेक्टिक हो जाता है, लेकिन मुझे आदत हो गई, क्योंकि ये मेरे शौक हैं और जब आपको किसी चीज का शौक होता है तो आपको उसे करने में मजा आने लगता है।

## आकाशोग्राफी: तस्वीरों के जरिए कहानियां बयां करने का एक अनूठा प्रयास



**भोपाल।** भोपाल क्रिएटर्स कम्युनिटी के सदस्य आकाश दुबे अपने आकाशोग्राफी पेज के माध्यम से फोटोग्राफी और विजुअल स्टोरीटेलिंग की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। आकाश ने कहा कि मुझे खूबसूरत पलों को कैमरे में कैद कर उन्हें यादगार बनाने का शौक है। इसलिए मेरे फोटोग्राफी कंटेंट में प्रकृति, यात्रा, रोमांच और रोजमर्रा के खास पलों को एक खास नजरिए से प्रस्तुत करता हूं। उन्होंने कहा कि बेहतर फ्रेमिंग, आकर्षक रंग संयोजन और रचनात्मक दृष्टिकोण मेरी तस्वीरों को खास बनाती हैं।

---

### यक्षगान में जीवंत हुए रामायण के प्रसंग, स्टोरी टेलिंग में सामने आए वाल्मीकि के मानवीय राम

# पहली बार राम नाम से उकेरी हनुमान की आकृति तो रावण मोक्ष्यम से दर्शाया रावण का व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ज्ञान, भक्ति, पराक्रम और अपार वैभव का स्वामी रावण, जो अपनी नियति से अनजान नहीं था, फिर भी मुक्ति की राह पर बढ़ने के लिए युद्ध का मार्ग चुनता है। रामायण के इस जटिल चरित्र के अंतर्द्वंद्व को शुक्रवार को रविंद्र भवन परिसर में नृत्य और संगीत के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास एवं संस्कृति विभाग, मप्र शासन द्वारा आयोजित सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव के पांचवें दिन यक्षगान की लोकनाट्य परंपरा और ओडिसी की शास्त्रीय भावाभिव्यक्ति ने श्रीरामकथा के विविध प्रसंगों को जीवंत कर दिया। साथ ही राम नाम को अक्षरों में पिरोकर आकृतियों में ढालने की अनूठी कला पहली बार अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का हिस्सा बनी। जिसमें 140 से अधिक बार राम लेखन कार्यशाला आयोजित कर चुकी कोलकाता की रामलेखन विशेषज्ञ कविता डागा ने प्रतिभागियों को राम नाम से श्रीहनुमान की आकृति का स्केच बनाना सिखाया।

### संघर्ष में प्रेरणा देते हैं राम

'कौशलेय की वन गमन यात्रा' स्टोरी टेलिंग सत्र में रीवा के संदीप द्विवेदी ने 'यदि राम सा संघर्ष हो' विषय पर राम के चरित्र से जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी। तो वहीं स्टोरी टेलिंग के दूसरे सत्र में वृंदावन के आचार्य देवव्रत यथिनाथ महाराज ने 'वाल्मीकि के राम-सबसे अलग' विषय पर राम के मानवीय स्वरूप की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि के राम भगवत्ता को भूलकर मनुष्य के चरित्र का निर्वहन करते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का पांचवां दिन**



कोलकाता की रामलेखन विशेषज्ञ कविता डागा ने श्रीहनुमान की आकृति का स्केच बनाना सिखाया। इस दौरान चित्रकारों ने अपनी कल्पना कैनवास पर उकेरी।



### ओडिसी की भावपूर्ण मुद्राओं में दर्शाया सीता हरण, चूड़ामणि प्रदान

महोत्सव में ओडिशा के गुरु केलुचरण महापात्र ओडिसी नृत्यबसा के कलाकारों ने रावण मोक्ष्यम नृत्य नाटिका के माध्यम से रावण के व्यक्तित्व और उसकी नियति के द्वंद्व को प्रस्तुत किया। रावण वंदना, सीता हरण, चूड़ामणि प्रदान, मंदोदरी संवाद, युद्ध की तैयारी और रावण की मोक्ष प्राप्ति के प्रसंगों को ओडिसी की भावपूर्ण मुद्राओं और संगीत के साथ पिरोया गया।

**भावपूर्ण मुद्राओं से पिरोई प्रस्तुति**



### चार पीढ़ियों से लोककला की परंपरा को सहेज रहा यक्षगान दल

आंध्र प्रदेश के विभूति श्रीनिवास राजू चंडू यक्षगान ब्रुंदम ने यक्षगान शैली में महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा, सीता स्वयंवर, श्रीराम वनवास और राम-रावण युद्ध के प्रसंग प्रस्तुत किए। करीब एक शताब्दी पुरानी पारिवारिक परंपरा को चार पीढ़ियों से आगे बढ़ा रहा इस समूह ने तेलुगु लोककला की इस पारंपरिक शैली में संगीत, नृत्य, संवाद, कथावाचन और भावाभिनय के माध्यम से रामकथा को मंच पर जीवंत किया गया।



---

### जनजातीय संग्रहालय में गरबा और डांडिया रास आज और कल

**भोपाल।** मप्र जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन, वादन केंद्रित गतिविधि संभावना के अंतर्गत 17 एवं 18 अक्टूबर को गरबा और डांडिया रास का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 3 बजे से संयोजित होने वाली इस गतिविधि में संग्रहालय भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटक एवं दर्शक भी सहभागी बन सकेंगे। गरबा एवं रास गायिकी के लिए गुजरात के कलाकार कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। गरबा और डांडिया रास में लय, ताल, संगीत और सामूहिक सहभागिता का विशेष महत्त्व है। गरबा की पारंपरिक नृत्य शैली और डांडिया रास की लयबद्ध प्रस्तुतियां उत्सवधर्मिता के साथ-साथ लोकपरंपराओं की जीवंतता को भी अभिव्यक्त करती हैं। संभावना के अंतर्गत आयोजित इस गतिविधि का उद्देश्य संग्रहालय आने वाले पर्यटकों एवं दर्शकों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना और उन्हें लोकनृत्य की परंपराओं के साथ प्रत्यक्ष सहभागिता का अवसर उपलब्ध कराना है। गतिविधि में 17 को गरबा एवं डांडिया रास की प्रस्तुति मीनल उदय सेवक, गुजरात द्वारा की जाएगी। वहीं 18 अक्टूबर को गतिविधि में अमित सिंह धुर्वे एवं साथी, इंदौर द्वारा भक्ति गायन, जितेंद्र शर्मा एवं साथी, श्योपुर द्वारा सहरिया जनजातीय लहंगी नृत्य और प्रीति कनाड़े एवं साथी, खरगोन द्वारा गणगौर नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

**पर्यटक एवं दर्शक भी बन सकेंगे सहभागी**

## सीताराम गोयल की कृति 'मैं हिंदू कैसे बना', 'कैथोलिक आश्रम' पर यंग थिंकर्स फोरम में सारगर्भित विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीताराम गोयल की जयंती के अवसर पर यंग थिंकर्स फोरम द्वारा उनके लेखन एवं वैचारिक योगदान पर एक सारगर्भित विमर्श का आयोजन किया गया।

इसमें लेखक एवं विचारक पंकज सक्सेना ने भारत की सुरक्षा को केवल सैन्य एवं भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि उसकी सनातन सभ्यता, सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक आत्मबोध के परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विमर्श में वॉइस ऑफ इंडिया के संस्थापक सीताराम गोयल के बौद्धिक योगदान और उनकी पुस्तकों 'मैं हिंदू कैसे बना', 'कैथोलिक आश्रम' का उल्लेख किया गया। गोयल ने इतिहास, इस्लाम, ईसाइयत आदि विषयों पर लगभग 22 शोधपरक पुस्तकों का लेखन किया है। चर्चा में अपनी सभ्यता, इतिहास और धर्मपरंपराओं के प्रति जागरूकता को भारत की सांस्कृतिक सुरक्षा एवं सभ्यतागत निरंतरता का महत्त्वपूर्ण आधार बताया गया।



## दिखेगी कला, शिल्प और रचनात्मकता गौहर महल में 22 से दीप उमंग उत्सव 2026 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली के उल्लास और भारतीय कला-संस्कृति की रंगत के साथ राजधानी के ऐतिहासिक गौहर महल में 22 अक्टूबर से चार दिवसीय 'दीप उमंग उत्सव 2026' का आयोजन किया जाएगा। पिनाकी-द हाउस ऑफ एंटरटेनमेंट की ओर से आयोजित इस उत्सव में पारंपरिक हस्तशिल्प, एथनिक परिधान, आकर्षक होम डेकोर और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से दीपावली की रौनक देखने को मिलेगी। यह उत्सव दीपावली की खरीदारी के साथ ही कला, शिल्प और रचनात्मकता को करीब से जानने का अवसर देगा। इसमें विभिन्न उत्पादों के स्टॉल और हस्तशिल्प प्रदर्शनी के माध्यम से पारंपरिक कलाओं तथा कारीगरों के हुनर को मंच प्रदान किया जाएगा। साथ ही, लाइव सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजन को उत्सवी रंग देंगी। आयोजक आदित्य राठौर के अनुसार, दीप उमंग उत्सव का उद्देश्य दीपावली के अवसर पर लोगों को खरीदारी, कला और संस्कृति का एक ही स्थान पर अनुभव उपलब्ध कराना है।

## स्कोप डिफेंस एकेडमी के तीन विद्यार्थियों ने पाई एनडीए-2 में सफलता




**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के अंतर्गत संचालित स्कोप डिफेंस एकेडमी के तीन विद्यार्थियों हर्ष सिंह चौहान, आदित्य बेल्गे एवं आध्यायन पांडेय ने यूपीएससी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए-2) की लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर ली है।

स्कोप डिफेंस एकेडमी के निदेशक मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि रक्षा सेवाओं में करियर बनाने अभ्यास, समर्पण और मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य अभ्यर्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की प्रतिभा, मेहनत और संस्थान में उपलब्ध कराए जा रहे गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को दर्शाती है। एसजीएसयू के कुलगुरु डॉ. विजय सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा ने भी कहा कि विश्वविद्यालय युवाओं को रक्षा सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट करियर बनाने के लिए आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

**एमएफ हुसैन और थोटा वैकुंटम की कलाकृतियां बनीं आकर्षण का केंद्र**

# पांच दशक में संजोई भारतीय कला की विरासत, भोजपुर क्लब में सजे 50 चित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रंगों, रेखाओं और भारतीय संस्कृति के विविध रूपों से सजी कलाकृतियों के बीच भोजपुर क्लब में शुक्रवार से भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त कमोडोर राकेश बैस के निजी संग्रह के करीब 50 फ्रेम प्रदर्शित किए गए। 18 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रदर्शनी में बैस के पांच दशक से अधिक समय में संजोए गए संग्रह में खास रूप से एमएफ हुसैन और थोटा वैकुंटम जैसे प्रतिष्ठित कलाकारों की कृतियां विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।





प्रदर्शनी में एमएफ हुसैन और थोटा वैकुंटम के चित्रों का निहारते हुए लोग।

### गतिशील रेखाओं, सशक्त रंगों का संयोजन एमएफ हुसैन की पेंटिंग में



1971 में कला संग्रह शुरु करने वाले बैस ने बताया कि देश में विभिन्न स्थानों पर नियुक्तियों और यात्राओं के दौरान मैंने यह कलेक्शन किया और आज मेरे श्री बीएचके घर में एक हजार से अधिक कलाकृतियों को मैंने संजोए रखा हैं। प्रदर्शनी में एमएफ हुसैन और थोटा वैकुंटम की कलाकृतियां भारतीय आधुनिक कला की दो विशिष्ट अभिव्यक्तियों से परिचित कराती हैं। एमएफ हुसैन अपनी गतिशील रेखाओं, सशक्त रंगों और विशिष्ट आधुनिक शैली के लिए जाने जाते हैं। उनकी कला में भारतीय पौराणिक प्रसंगों, घोड़ों, मानवीय आकृतियों और सांस्कृतिक प्रतीकों को एक अलग दृश्य भाषा में प्रस्तुत किया गया है।




## रामायणम का दूसरा ट्रेलर रिलीज, राम अवतार में रणबीर छाए, रावण भी भारी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड और अब तक की सबसे अधिक महंगी फिल्म 'रामायणम' का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में काफी इम्प्रेसिव नजर आ रहे हैं। वहीं, एक बार फिर यश रावण के रूप में दमदार दिखे हैं। फिल्म को वीएफएक्स की बदौलत मार्वल फिल्मों को जबरदस्त टक्कर दी गई है। फिल्म में साई पल्लवी माता सीता के किरदार में हैं और सनी देओल भगवान हनुमान के रोल में दिखेंगे। ट्रेलर की शुरुआत शानदार विजुअल के साथ होती है। इस दूसरे ट्रेलर की शुरुआत रावण के उदय और उसकी बढ़ती ताकत से होती है। इस ट्रेलर में भगवान राम की झलकियों के साथ बैकग्राउंड में कहा जा रहा है, 'एक युग ऐसा भी था जब मानव भूमि पर भगवान वास करते थे। सृष्टि में शक्ति का संतुलन था। परंतु भगवान ब्रह्मा के वरदान ने एक असुर को इतना शक्तिशाली बना दिया।

## लाइफ Style

# आशा

### एक वक्त काम नहीं था, फिर भी एक्टिंग नहीं छोड़ी

टीवी एक्ट्रेस आशा नेगी इन दिनों 'अली बाबा 40 भूत' में नजर आ रही हैं। शो में उनका किरदार साइंस स्टूडेंट का है, जो शुरुआत में भूत-प्रेत जैसी चीजों को बकवास मानता है। आशा के लिए इस शो की शुरुआत ही थोड़ी अलग रही। उन्हें शूट शुरू होने से सिर्फ दो दिन पहले लॉक किया गया था। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने शो के अलावा अपने कॅरियर के उतार-चढ़ाव, लंबे शूटिंग शेड्यूल और निजी जिंदगी से जुड़े कई किस्से साझा किए।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आशा कहती हैं, 'मुझे शो के लिए सिर्फ दो दिन पहले लॉक किया गया था। अगले दिन मेरे ट्रायल हुए। फिर छह एपिसोड की रीडिंग हुई, शाम को लुक टेस्ट हुआ और उसी दौरान शूट भी शुरू हो गया। मुझे उस वक्त सिर्फ चौथे एपिसोड की स्क्रिप्ट पता थी। मुझे आगे की कहानी पता थी, न पीछे की। सच कहूं तो मुझे खुद समझ नहीं आ रहा था कि मैंने ये सब कैसे मैनेज किया।' वह आगे कहती हैं, 'शायद हमारे डायरेक्टर बहुत अच्छे थे और एक्टर्स ने भी बहुत मदद की। कई बार लगता है कि विशाल की परफॉर्मेंस की वजह से मैं बच गई। बाकी सब मस्ती-मजाक में हो गया। मुझे लास्ट मोमेंट पर लॉक किया गया था, तैयारी का टाइम ही नहीं मिला। कई बार सोचती हूं कि मैंने ये सब कैसे कर लिया। लेकिन यही इस काम की खूबसूरती है। कई बार पूरी तैयारी का मौका नहीं मिलता और उसी वक्त चीजों को पकड़ना पड़ता है।' मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर ओरछा में 40 एपिसोड की शूटिंग करीब दो महीने चली। आशा कहती हैं, 'मेरे लिए मेंटल प्रिपरेशन भी उतना ही जरूरी था। 40 एपिसोड का शूट है, तो सिर्फ रीडिंग या स्क्रिप्ट की तैयारी नहीं थी। हमें करीब दो महीने एक आइसोलेटेड रीजन में रहना था। वहीं काम करना है, वहीं खाना-पीना है। वही लोग आपके परिवार और दोस्त बन जाते हैं।



## हॉलीवुड मसाला



### वीडियो गेम फ्रेंचाइजी पर आधारित है स्ट्रीट फाइटर

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल की पहचान उनके एक्शन से है। 'कमांडो' जैसी फिल्मों में वह अपने स्टंट से अलग पहचान बना चुके हैं। अब वह हॉलीवुड पहुंचे हैं। उनकी फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' मशहूर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी पर आधारित है। इस फिल्म को लेकर भारतीय दर्शकों की दिलचस्पी की एक बड़ी वजह विद्युत हैं। वह धालसिम के किरदार में नजर आते हैं, जो गेम के चर्चित लड़ाकों में से एक है। लेकिन फिल्म में विद्युत को अपनी प्रतिभा दिखाने का पर्याप्त मौका नहीं मिला है। स्ट्रीट फाइटर जापानी कंपनी कैपकॉम की मशहूर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी है। इसकी शुरुआत 1987 में हुई थी। 1991 में आए 'स्ट्रीट फाइटर II' ने इसे दुनिया भर में पहचान दिलाई। गेम में अलग-अलग देशों के लड़ाके मुकाबला करते हैं। हर किरदार का अपना अंदाज और हमला करने का अलग तरीका है।



### प्रियंका को मिला 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा जोनस को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया है। लॉस एंजिल्स में आयोजित तीसरे सालाना 'इनस्टाइल इमेजमेकर अवॉर्ड्स' में प्रियंका को 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान दिया गया. यह सम्मान मनोरंजन जगत में उनके योगदान के साथ-साथ महिलाओं के लिए नए अवसर बनाने और अलग-अलग आवाजों को मंच देने की दिशा में उनके काम को पहचान देता है। इस मौके पर अभिनेता मेगन सूरी, अवंतिका वंदनापु और अमिता राव ने प्रियंका को यह सम्मान प्रदान किया। भारतीय सिनेमा से अपने करियर की शुरुआत करने वाली प्रियंका ने हॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। अभिनय के अलावा वह निर्माता और उद्यमी के रूप में भी सक्रिय हैं। उनके प्रोडक्शन हाउस 'पर्पल पेबल पिक्चर्स' के जरिए अलग तरह की कहानियों और नए कलाकारों को सामने लाने की कोशिश की जाती रही है। प्रियंका का अंतरराष्ट्रीय करियर केवल फिल्मों तक सीमित नहीं रहा है। वह फैशन और मनोरंजन से जुड़ी चर्चाओं में भी लगातार मौजूद रहती हैं। 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान इसी व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर ऐसे समय में जब हॉलीवुड में प्रतिनिधित्व और महिलाओं के लिए समान अवसरों को लेकर चर्चा जारी है।



### गरीबी में मिला दोस्ती का तोहफा
## मगर अमीरी देगी खतरों को न्यौता

**मुंबई।** वेबसीरीज 'चार यार' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस सीरीज में एक्शन, थ्रिल और दोस्ती को मिलेगी। इसमें पूरव झा, नमन जैन, साकिब अयूब और प्रयाग मेहता नजर आ रहे हैं अहम किरादारों में नजर आ रहे हैं। यह सीरीज 23 अक्टूबर को अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। वेबसीरीज 'चार यार की शुरुआत होती है मिडिल क्लास परिवारों के चार लड़कों से। यह सभी परिवारिक अर्थिक स्थिति से परेशान हैं। मगर इन सभी के जीवन में एक मोड़ आता है जिसके बाद चार जिंदगियां हमेशा के लिए बदल जाती हैं। यह चारों दोस्त गरीबी से निजात पाने के लिए चोरी का प्लान बनाते हैं। गलती से यह चारों एक महंगी और एंटीक गाड़ी चुरा लेते हैं और छुपा देते हैं। इसके बाद पुलिस थानों से लेकर गाड़ी चोरी करने वाले बड़े सरगनाओं तक यह बात फैल जाती है। सभी लोग इन्हें ढूंढने की कोशिशों में लग जाते हैं।



### 15 साल बाद आएगा द डर्टी
## पिक्चर का सीक्वल

**मुंबई।** साल 2011 में आई फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' को लोगों ने काफी पसंद किया था। मिलन लुथरिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म सिल्क स्मिता की जिंदगी पर आधारित थी। इसमें विद्या बालन ने लीड रोल प्ले किया था। वहीं, उनके साथ नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी और तुषार कपूर भी नजर आए थे। अब फिल्म की निर्माता एकता कपूर ने हाल ही में इसके सीक्वल को लेकर बात की और बताया कि वह जल्द ही 'द डर्टी पिक्चर 2' लेकर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने फिल्म की कहानी से जुड़ा भी अपडेट शेयर किया। एकता ने कहा कि वह काफी समय से फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' के सीक्वल के बारे में सोच रही थीं। अब उन्हें ऐसी कहानी मिल गई है, जिसे वह दर्शकों को सुनाना चाहती हैं। निर्माता ने यह भी बताया कि पहली फिल्म की तरह नई फिल्म भी किसी एक व्यक्ति की जिंदगी पर आधारित होगी।

## टीवी मसाला



### अंदर के रावण से लड़ने के लिए मनीष-समीक्षा ने लिया प्रण

**मुंबई।** रावण सिर्फ रामायण का एक पात्र नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के भीतर छिपा एक अवगुण भी है। कभी अहंकार के रूप में तो कभी आत्मविश्वास की कमी के रूप में। हर साल दशहरा के मौके पर रावण दहन अपने अंदर झांकने और मन में छिपे दुर्गुणों से लड़ने की भी प्रेरणा देता है। हर इंसान के भीतर अच्छाई के राम और कमजोरियों के रावण के बीच एक युद्ध चलता रहता है। धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में भीष्म पितामह की भूमिका निभाने वाले अभिनेता मनीष वाधवा कहते हैं, इंसान को बुराइयों का पुतला कहा गया है और मैं भी अलग नहीं हूं। हर इंसान में गुस्सा, अहंकार, ईर्ष्या, निंदा और लालच जैसी बहुत सारी बुराइयां भरी होती हैं। एक बार कुछ गलत होने पर कोशिश होती है कि दोबारा ऐसा न करूं। हम इंसान हैं भगवान नहीं तो कुछ गलतियां बार-बार होती रहती हैं। हम हर साल दशहरा के मौके पर जो रावण को जलता हुआ, रावण पर राम की विजय को देखते हैं, वो बार-बार यही दर्शाता है कि हमें हर बार अपने अंदर के उन रावण रूपी बुराइयों को मारना होगा। धारावाहिक अप्सरा में सुनहरी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री समीक्षा जायसवाल कहती हैं, 'मेरे लिए दशहरा उम्मीद और साहस का त्योहार है। यह याद दिलाता है कि बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न लगे, उसके सामने खड़े होने का हौसला रखना चाहिए। मां दुर्गा की शक्ति और दूसरों की रक्षा करने का भाव मुझे हमेशा प्रेरित करता है।' समीक्षा ने आगे बताया, "किसी नए चुनौतीपूर्ण काम की शुरुआत से पहले कभी-कभी मुझे अपनी क्षमताओं पर संदेह होता था।

### 38 साल से हर संडे गूंज रही सुरों की 'रंगोली'

**नई दिल्ली।** जब देश में मनोरंजन के ज्यादा साधन नहीं थे, तब दूरदर्शन आया और इतने यादगार सीरियल्स और शोज दिए कि उसने घर-घर में लोगों को टीवी खरीदने पर मजबूर कर दिया। एक ऐसा ही शो 1988 में शुरू हुआ था। हिंदी सिनेमा की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी ने इस शो की शुरुआत की थी और टीवी पर यह इतना बड़ा हिट हुआ कि लोग हर रविवार को सुबह 8 बजे टीवी के सामने बैठकर इस शो का आनंद लेने पर मजबूर हो गए। 'रंगोली' एक म्यूजिकल शो था जो 1988 में दूरदर्शन पर शुरू हुआ था। शो का फॉर्मेट ऐसा था कि हर हफ्ते नया थीम होता था और किसी फिल्मी सितारे या गायक-गायिका के बारे में बताया जाता था और उनसे जुड़े सदाबहार गानों को दिखाया जाता था। यह म्यूजिकल शो हर सुबह की शुरुआत मनोरंजन से करता था। यह शो 80 और 90 के दशक में सबसे ज्यादा हिट रहा। सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी इसने खूब सफलता हासिल की। इसे सबसे ज्यादा लोकप्रियता मिडिल ईस्ट और यूनाइटेड स्टेट्स में मिली थी।



## स्थानीय खेल समाचार

लायन्स बैडमिंटन ट्राफी विद्यालयीन खुली स्पर्धा

### मांडवी, नायशा, आर्या, यार्निका कृषा, अधिरा क्वार्टर फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1, लायन्स क्लब आफ इंदौर महानगर और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांचवी लायन्स बैडमिंटन ट्राफी चंद्रकला बिहानी स्मृति विद्यालयीन खुली स्पर्धा में मांडवी गांधी, अवनी वर्मा, शिवांगी जाट, नायशा पुरोहित, ओमिशा मेहता, दिवा चौकसे, कृषा सोलंकी ने 15 वर्ष बालिका एकल एवं यार्निका चौरे, आर्या यादव, श्रीनिका जोशी, अनन्या जैन, शिविका तिवारी, आरोही गोयल, अनन्या शर्मा, जान्वी जगदे ने 11वर्ष बालिका एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

मल्हार क्रीड़ा मंडल में हो रही स्पर्धा में निवेध लालवानी, जियांश जायसवाल, शार्विल दुबे, अभिग्य गुप्ता, प्रथमेश जोशी, एकाग्र सोनी, लावांश पाटोदिया ने 9वर्ष बालक एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। अनुष्का चक्रवदिया, भाग्यश्री, अधिरा जैन, अवनी वर्मा, शिवांगी जाट, काव्या बाग्दरे ने 13वर्ष बालिका एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कृषा सोलंकी 17 वर्ष बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हैं। गुरमन सिंह गांधी,,खुश ओसवाल, रिदान जायसवाल, प्रशमन पिंगले, चंद्रकांत विश्वकर्मा, हर्ष बधे, समीर बखानी, सार्थक साब्ले, रिदान डावर, सौरभ सिसौदिया, अध्यांश जैन, समग्र जैन, आदेश कटारे, तनिष्क राजपूत और रुचिर गुप्ता ने 15 वर्ष बालक एकल के तीसरे दौर में आए। रियांश शर्मा, चंद्रकांत विश्वकर्मा, गौरव यादव, युवराज तिवारी, आरव अभिचंदानी,अर्णव पवार, आदेश कटारे, गुरमन सिंह गांधी, अनय कृष्ण बिंजु, तनिष्क राजपूत, अध्यांश जैन ने 17 वर्ष बालक एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। हर्षवर्धन सिंह राजपूत,वंश गर्ग, निश्चय कुशवाह, दर्श मेहता, रक्षित यादव, अमय बल्दि, स्वरांश जैन, लक्ष्य लश्करी, प्रनमय तारे, लक्ष्य पाल,देवांश कटारे, जसराज सिंह छाबड़ा, प्रखर गंगराड़े, विरांश बड़जत्या 11वर्ष बालक वर्ग के तीसरे दौर में आए। रक्षित यादव, हर्षवर्धन सिंह राजपूत, स्वरांश जैन,,अर्णव गोल, पर्व उपाध्याय, सौरभ सिसोदिया, सोम गोल, जयवर्धन सिंह चौहान,अर्पण गांधी 13वर्ष बालिका एकल के तीसरे दौर में हैं। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक धर्मेश यशलहा ने बताया कि 17 अक्टूबर को मुकाबले सुबह 11.30 से होंगे, सेमीफाइनल और फाइनल 18 अक्टूबर को होंगे।

एलएनसीटी में आरजीपीवी नोडल बैडमिंटन महिला प्रतियोगिता

### इंदौर नोडल की टीम ने दर्ज की खिताबी जीत, भोपाल नोडल रही उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस (एलएनसीटीई) द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के तत्वावधान में आरजीपीवी नोडल बैडमिंटन महिला प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन एलएनसीटी यूनिवर्सिटी कैंपस, कोलार रोड में किया गया। प्रतियोगिता में सागर, ग्वालियर, इंदौर एवं भोपाल सहित विभिन्न नोडल केंद्रों की महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों में भोपाल नोडल ने सागर नोडल को 2-0 से तथा इंदौर नोडल ने ग्वालियर नोडल को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में इंदौर नोडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। एकल महिला मुकाबले में इंदौर नोडल की अंशिका राय ने भोपाल नोडल की उदिता को 15-9, 15-12 से हराया। वहीं, महिला युगल मुकाबले में भोपाल नोडल की अनन्या शर्मा एवं उदिता वर्मा की जोड़ी ने इंदौर नोडल की अंशिका राय एवं सुहानी सक्सेना की जोड़ी को 15-8, 15-10 से पराजित कर मुकाबले में जीत दर्ज की। निर्णायक रिवर्स एकल मुकाबले में इंदौर नोडल की गायत्री ने भोपाल नोडल की उजैसा नामदेव को 15-8, 15-5 से हराकर इंदौर नोडल को खिताबी जीत दिलाई। इस प्रकार इंदौर नोडल ने फाइनल मुकाबले में जीत हासिल कर प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि भोपाल नोडल उपविजेता रहा। समापन पर विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को डॉ. अजीत सोनी रजिस्ट्रार एलएनसीटी ,संजीव उपाध्याय, पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी डॉ पी एस दारा एचओडी एवं डॉ. रेनू यादव असिस्टेंट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा विभाग, एलएनसीटी द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कैरम मुकाबले का फाइनल मैच आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राधारमण समूह के राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (आरआईटीएस) में चल रही खेल प्रतियोगिता 'स्पर्धा-2026' के दूसरे दिन खो-खो प्रतियोगिता में 'वन पीस' टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि 'हिडन लीफ' टीम उपविजेता रही।

वहीं कैरम के सेमीफाइनल मुकाबलो में पुरुष एवं महिला वर्ग के फाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। खो-खो प्रतियोगिता में हर्ष मिश्रा के नेतृत्व वाली 'वन पीस' टीम ने

राधारमण में 'स्पर्धा-2026' के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले

### खो-खो में 'वन पीस' टीम विजेता तो 'हिडन लीफ' उपविजेता

विजेता बनने का गौरव हासिल किया। विजेता टीम में कप्तान हर्ष मिश्रा के अलावा अंकित शर्मा, जुनैद खान, पीयूष मालवीय, निगम कुमार यादव, इजमामुल, विशाल कुमार, आयुष कुमार, अनिल साकेत, शुभम साकेत, अफरोज मोहम्मद और हरिओम शामिल रहे। उपविजेता 'हिडन लीफ' टीम का नेतृत्व अंकुश साहू ने किया। टीम में मणिशंकर, विक्रम, मुमताज अंसारी, सृजन विश्वकर्मा, ऋषभ कुमार सिंह, राज धनगर, अनुराग सेन, संदीप परतेती, वायस अली और आजाद कुमार शामिल रहे।



#### दिलशाद-अशरफ और वैष्णवी-श्रेया में फाइनल

कैरम प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में दिलशाद ने राहुल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में अशरफ ने अमरनाथ को पराजित किया। अब खिताब के लिए दिलशाद और अशरफ आमने-सामने होंगे। महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल में वैष्णवी ने सृष्टि को हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में श्रेया ने अनीशा सिंह को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। शनिवार को वैष्णवी और श्रेया के बीच खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

#### प्रतियोगिताएं सर्वांगीण विकास का माध्यम: इंजी संजीव



राधारमण समूह के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से न केवल शारीरिक और मानसिक क्षमता का विकास होता है, बल्कि नेतृत्व, टीम भावना, अनुशासन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि 'स्पर्धा' जैसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर देने के साथ उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

- भारत ने 4 .2 ओवर रहते 6 विकेट पर 116 रन बनाकर दर्ज की जीत
- दीप्ति और निकी ने मिलकर बनाए 82 रन
- नंदनी ने 4 ओवर में 11 रन देकर झटके 2 विकेट

### स्मृति मंधाना के कप्तानी युग की विजयी शुरुआत

# दीप्ति और डेब्यूडेंट निकी की धमाकेदार साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत ने अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा (49 रन) और पदार्पण करने वाली बल्लेबाज निकी प्रसाद (नाबाद 39) के बीच पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की मदद से शुरुआती झटकों से उबरते हुए शुक्रवार को पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 4 विकेट से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली।

भारत और जिम्बाब्वे पहली बार द्विपक्षीय श्रृंखला में खेल रहे हैं। इस मुकाबले के साथ स्मृति मंधाना के कप्तानी कार्यकाल की भी शुरुआत हुई। भारतीय टीम के लिए 115 रन का लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था लेकिन 19 रन पर 4 विकेट गंवाने के बाद टीम संघर्ष करती दिख रही थी।





## दीप्ति और निकी ने तोड़ा मिताली-अनुजा का रिकॉर्ड

अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति (37 गेंद, आठ चौके) और मध्यक्रम बल्लेबाज निकी (35 गेंद, छह चौके) ने मिलकर 5वें विकेट के लिए 63 गेंद में 82 रन की भागीदारी कर भारत को जीत तक पहुंचाया। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में पांचवें विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने मिताली राज और अनुजा पाटिल के बीच इस विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इस दौरान दीप्ति आउट हो गईं, पर भारत ने 4.2 ओवर रहते 6 विकेट पर 116 रन बनाकर जीत दर्ज की।

## स्मृति 650 चौके लगाने वाली पहली खिलाड़ी

स्मृति मंधाना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वह महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 650 चौके पूरे करने वाली पहली बल्लेबाज बन गई हैं। इस प्रारूप में चौके लगाने के मामले में वह अन्य बल्लेबाजों से काफी आगे हैं। इस सूची में श्रीलंका की चमारी अटापट्टू 563 चौकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, न्यूजीलैंड की सूज़ी बेट्स 525 चौकों के साथ 500 से अधिक चौके लगाने वाली अन्य महिला बल्लेबाज हैं।

## नयाशा ग्वानजुरा ने झटके 3 विकेट

नयाशा ग्वानजुरा (3 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट) ने अपने पहले ही ओवर में भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना (09) और अनुष्का शर्मा (04) के विकेट लेकर भारत को दो झटके दे दिए। जिम्बाब्वे का मंधाना के खिलाफ शुरुआत में ऑफ स्पिन गेंदबाजी कराने का फैसला सफल रहा। दूसरे ओवर की पहली गेंद हालांकि विकेट लेने वाली गेंद नहीं थी। मंधाना के पास इसे खेलने का समय था लेकिन वह पीछे हटकर पुल शॉट खेलने गईं और गेंद उनके बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर हवा में उछल गई।

### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| केलिस एंडलोहरु बो अरुंधति रेड्डी | 42 | 44 | 7 | 0 |
| बैलडा बिंजा पंगाबाथा बो गौड़ | 00 | 04 | 0 | 0 |
| मॉडिस्टर सुपायिकया का एवं बो श्रीचरणी | 16 | 26 | 1 | 0 |
| शारने मेयर्स नाबाद | 43 | 33 | 4 | 2 |
| नाइशा ग्वानजुरा स्ट घोष बो नंदनी | 09 | 11 | 1 | 0 |
| मिशेल मारुंगा स्ट घोष बो नंदनी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पिपो मुगेरी टिरिपानो नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : 03, कुल : 20 ओवर में 114/5 रन | | | | |
| गेंदबाजी : क्रांति गौड़ 2-0-16-1, नंदनी शर्मा 4-0-11-2, शेफाली वर्मा 3-0-20-0, दीप्ति शर्मा 4-0-22-0, अरुंधति रेड्डी 3-0-30-1, श्रीचरणी 4-0-14-1 | | | | |
| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
| स्मृति मंधाना का माकुशा बो ग्वानजुरा | 09 | 06 | 2 | 0 |
| शेफाली वर्मा का एवं बो ग्वानजुरा | 04 | 02 | 1 | 0 |
| अनुष्का का एंडलोहरु बो ग्वानजुरा | 04 | 03 | 1 | 0 |
| हरमनप्रीत का ग्वानजुरा बो मारुंगा | 01 | 04 | 0 | 0 |
| निकी प्रसाद नाबाद | 39 | 35 | 6 | 0 |
| दीप्ति का मेयर्स बो चारे | 49 | 37 | 8 | 0 |
| ऋचा का ग्वानजुरा बो बिंजा | 07 | 05 | 0 | 1 |
| अरुंधति रेड्डी नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : 01, कुल : 15.4 ओवर में 116/6 रन | | | | |
| गेंदबाजी : टैंडई माकुशा 1.4-0-19-0, नयाशा ग्वानजुरा 3-0-18-3, मिशेल मारुंगा 3-1-19-1, फ्रांसिस्का चिपारे 1-0-10-0, ओलिंडर चारे 3-0-23-1, बिलडा बिंजा 4-0-27-1 | | | | |

# वुहान ओपन : कर्तल ने किया उलटफेर

## स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं

एजेंसी ▶▶| वुहान

ब्रिटेन की सोने कर्तल ने वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर 6 एलिना स्वितोलिना के खिलाफ 6-2, 2-6, 6-4 से जीत दर्ज की। इस बड़े उलटफेर के साथ कर्तल पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। 2 घंटे और 3 मिनट तक चले इस कड़े मुकाबले में, कर्तल ने पहला सेट आसानी से जीता था, लेकिन दूसरा सेट हार गईं। इसके बाद तीसरे सेट में उन्होंने बढ़त बनाई और जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। सेमीफाइनल में अब कर्तल का सामना ओस्टापेंको से होगा। सोने कर्तल पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही थीं। यह उनका तीसरा टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट शुरू होने के बाद से, जोहाना कोंटा के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह दूसरी ब्रिटिश खिलाड़ी बन गई हैं।



### चोट के कारण खेल से दूर रहीं कर्तल

सोने कर्तल पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही थीं। यह उनका तीसरा टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट शुरू होने के बाद से, जोहाना कोंटा के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह दूसरी ब्रिटिश खिलाड़ी बन गई हैं।

### एशियन स्विंग में सोने का बेहतरीन प्रदर्शन

इससे पहले 44वें नंबर पर रहीं कर्तल ने पिछले हफ्ते चाइना ओपन में तीसरे राउंड तक जगह बनाई थी। उन्होंने वुहान में एशियन स्विंग के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहले राउंड में उन्होंने वर्ल्ड नंबर 48 खिलाड़ी एंहेलिना कलिनिना को हराया और फिर 'राउंड ऑफ 32' में 12वें नंबर की बेलिंडा बेनसिच को मात दी। इसके बाद, उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में पूर्व फ्रेंच ओपन और विंबलडन फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी को हराया। इस ब्रिटिश खिलाड़ी ने चार बार की ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट स्वितोलिना को भी हरा दिया। दोनों के बीच अब तक हुए तीन मुकाबलों में यह उनकी पहली जीत है।

## जेलेना की सेमीफाइनल में एंट्री

जेलेना ओस्टापेंको ने डोंगफेंग वोया सेंटर कोर्ट में वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में डायना श्नाइडर को 7-6 (6), 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। ओस्टापेंको को एक्शन से भरे पहले सेट में दो सेट पॉइंट बचाने पड़े और दूसरे सेट में 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर एक घंटे 37 मिनट में जीत दर्ज करने से पहले ब्रेक डाउन से उबरना पड़ा। दोहा में आखिरी चार में पहुंचने के बाद, यह 2026 में डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में उनका दूसरा सेमीफाइनल है। 2017 के बाद वुहान में यह उनका दूसरा सेमीफाइनल भी है। लातविया की गैरवरीयता प्राप्त स्टार पहले सेट में 2-5 से पीछे थीं, क्योंकि उन्होंने एक महत्वपूर्ण छठे गेम में अपनी सर्व गंवा दी थी। उन्होंने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए स्कोर 3-5 किया, लेकिन उन्हें श्नाइडर की सर्विस तोड़नी पड़ी।



## खबर संक्षेप



### फेनेस्टा ओपनः खुशी ने जीता अंडर-16 डबल्स का टाइटल

**नई दिल्ली।** फेनेस्टा ओपन में हरियाणा की खुशी कादियान ने तमिलनाडु की सनमिता हरिणी के साथ मिलकर गर्ल्स अंडर-16 डबल्स का खिताब जीता। इसके साथ ही, डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में जारी 31वीं फेनेस्टा ओपन नेशनल टेनिस चैंपियनशिप में उनकी 'खिताबी हैट्रिक' (तीन खिताब जीतने) की उम्मीदें बरकरार हैं। 13 वर्षीय खुशी ने अंडर-16 और अंडर-14 कैटेगरी में सिंगल्स के फाइनल में भी जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए फाइनल में, तीसरी वरीयता प्राप्त कादियान और हरिणी की जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त पूर्वी पटवा और रंजना संग्राम को 6-3, 6-3 से मात दी। कादियान के लिए यह दिन काफी लंबा रहा, क्योंकि यह उनका दिन का तीसरा मैच था।

### एशियाई पैरा बैडमिंटनः सुहास ने जीता मुकाबला



**नागोया।** सुहास एल वाई ने एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में जीत के साथ आगाज करते हुए पुरुषों के एकल एसएल4 ग्रुप ई मैच में बांग्लादेश के जॉयतू धर को सीधे गेम में हराया। पुरुषों के एकल एसएल4 वर्ग में अभिजीत सखुजा ने चीनी ताइपै एन चुआन येह को से मात दी। कृष्णा नागर ने चीनी ताइपै के जिया सियांग लिंग को हराकर जीत के साथ आगाज किया। एसएच6 वर्ग में सिवराजन सोलाइमलाइ ने ग्रुप डी में फिलीपींस के जॉन साइरस मेकलांग को हराया।

# शंघाई मास्टर्स : रूड को हराकर एटीपी मास्टर्स के सबसे युवा सेमीफाइनलिस्ट बने जोडार

एजेंसी ▶▶| शंघाई

19 वर्षीय राफेल जोडार ने कैस्पर रूड को 2 घंटे 20 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 6-4, 6-3 से मात देकर एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में जीत हासिल की। इसके साथ जोडार टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा सेमीफाइनलिस्ट बन गए। इस जीत से, एटीपी टूर पर अपने पहले पूरे सीजन में खेल रहे जोडार ने एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी मजबूत कर लिया है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 'एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन' में नोवाक जोकोविच और एलेक्स डी मिनौर को पछाड़ते हुए नौवां स्थान हासिल कर लिया है।



### जोडार ने बनाया मैच पर दबदबा

रूड ने 10वें गेम में सर्विस ब्रेक करके पहला सेट अपने नाम किया, और फिर दूसरे सेट में भी ब्रेक हासिल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद जोडार ने धीरे-धीरे मैच पर अपना दबदबा बनाना शुरू कर दिया। 5-4 से सर्विस ब्रेक करने और फिर दूसरे सेट को बिना कोई अंक गंवाए (लव पर) जीतने के बाद, जोडार ने निर्णायक सेट में रूड की सर्विस को तीन बार तोड़ा। उन्होंने वर्ल्ड नंबर 24 खिलाड़ी के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की।

# भारत-वेस्टइंडीज का पांचवां टी-20 आज

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वेस्टइंडीज के खिलाफ निर्णायक पांचवें टी20 मैच के साथ श्रृंखला जीतने के लिए भारत को अपनी बल्लेबाजी की कमियों से पार पाते हुए बेहतर प्रदर्शन करना होगा चूंकि कैरेबियाई टीम ने अब तक मेजबान को कांटे की टक्कर दी है।

श्रृंखला अभी 2-2 से बराबरी पर है। भारत के लिए समस्या शीर्ष क्रम से शुरू होती है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अभी तक तीन अर्धशतक जमाए हैं लेकिन सलामी जोड़ी के रूप में उनका योगदान 29, 42, 7 और 60 रहा है।



### श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं

श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं है लेकिन अनुभवी और आक्रामक विरोधी टीम के सामने उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल जरूर उठ सकते हैं। तीसरे नंबर पर ईशान ने 43, 37 और छह रन बनाए हैं। वहीं धीर की पारियां 4, 10 और 0 की रही है। तिलक वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी भी हैदराबाद में 12-1 से 14-4 ओवर के बीच कोई चौका नहीं लगा सके और 248 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम नाकाम रही।

### अंडर-19 क्रिकेट

# आर्यवीर का विस्फोटक शतक

## चौके-छक्के लगाकर बनाए 124 रन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने बीसीसीआई के अंडर टूर्नामेंट में धमाकेदार शतक लगाया। उन्होंने वीनू मांकड़ ट्रॉफी (50 ओवर टूर्नामेंट) में दिल्ली अंडर 19 टीम की ओर से खेलते हुए 173 रन की पारी खेली। आर्यवीर ने 143 गेंद का सामना किया और 19 चौके व 8 छक्के लगाए। उन्होंने 121 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए, जिससे दिल्ली की टीम ने चंडीगढ़ के खिलाफ 6 विकेट पर 289 रन का स्कोर बनाया। लेकिन उनकी टीम फिर भी हार गई। चंडीगढ़ ने 41.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

### अन्वय द्रविड़ ने ठोके 151 रन

*विजयनगरम। पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय द्रविड़ ने 100 गेंद में 151 रन की शानदार पारी खेली, जिससे कर्नाटक अंडर-19 टीम ने शुक्रवार को गुजरात को पांच विकेट से हराकर वीनू मांकड़ ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। कप्तान अन्वय ने अपनी आक्रामक पारी में 20 चौके और तीन छक्के लगाए। उन्हें ध्रुव कृष्णन का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 100 गेंद में 131 रन बनाए। दोनों की पारियों की मदद से कर्नाटक ने वीजेडी पद्धति के तहत मिले 352 रन के विशाल लक्ष्य को 45.3 ओवर में हासिल कर लिया। अन्वय और ध्रुव ने तीसरे विकेट के लिए 26 ओवर से कुछ अधिक समय में 203 रन की बड़ी साझेदारी की।*

# न्यूजीलैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए पुरुष क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया है। वनडे सीरीज के शुरुआती तीन मुकाबलों के लिए शुभमन गिल को कमान सौंपी गई है, जबकि आखिरी दो मैचों में श्रेयस अय्यर कमान संभालेंगे। शुरुआती तीन मुकाबलों के लिए 16 सदस्यीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे और श्रेयस अय्यर उनके डिप्टी (उप-कप्तान) होंगे। वहीं, आखिरी दो मैचों में बदलाव करते हुए श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाया जाएगा। विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को चौथे और पांचवें वनडे के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली पूरी वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध रहेंगे। इनके साथ ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल और नमन धीर भी टीम में शामिल हैं। वहीं, नियमित विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल, तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज और प्रसिद्ध कृष्णा सिर्फ शुरुआती तीन वनडे मैचों में ही खेलेंगे। इसके बाद वे टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए रवाना होंगे। अंतिम दो वनडे मुकाबलों के लिए चयनकर्ताओं ने बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा और तेज गेंदबाज आकिब नबी को टीम में शामिल किया है।



### अपने खर्चे पर नेट गेंदबाज ले जाएंगे गिल

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी को गंभीरता से ले रहे भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने दौरे पर अपने खर्चे पर चार से पांच नेट गेंदबाज ले जाएंगे। विदेश दौरों पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए नेट गेंदबाजों की व्यवस्था करता है, लेकिन किसी भारतीय क्रिकेटर की ओर से अपने खर्च पर गेंदबाजों का अलग समूह ले जाने का यह पहला मामला माना जा रहा है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, 'गिल न्यूजीलैंड दौरे के लिए 23 या 24 अक्टूबर को रवाना हो सकते हैं। उनके साथ जाने वाले चार से पांच गेंदबाजों के यात्रा और अन्य खर्चों का भुगतान वह स्वयं करेंगे।' व्यस्त कार्यक्रम के कारण गिल न्यूजीलैंड ए के खिलाफ भारत ए के टेस्ट मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्हें एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले भी खेलने हैं। ऐसे में वह टेस्ट तैयारियों के लिए अतिरिक्त समय निकालने के उद्देश्य से पहले ही न्यूजीलैंड रवाना होंगे। इससे उन्हें वहां की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और लाल गेंद से अपने खेल को बेहतर बनाने का मौका मिलेगा।

### 13 से 21 वर्ष की आयु के 160 क्रिकेटर लेंगे हिस्सा

# पहली बार : एक ही टीम में खेलेंगे लड़के और लड़कियां

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

*क्रिकेट में पहली बार 80 ओवर के प्रारूप पर आधारित महिला-पुरुष मिश्रित क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब (एसएससी) में 14 से 29 नवंबर तक किया जाएगा। 'टेस्ट ट्वेंटी' नाम के इस टूर्नामेंट में 13 से 21 वर्ष की आयु के 160 युवा क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। इन खिलाड़ियों का चयन दुनिया भर से कर 4 महाद्वीपीय टीमों में शामिल किया जाएगा। खास बात यह है कि प्रत्येक टीम में लड़कियां और लड़के एक साथ खेलेंगे और दोनों के बनाए रन मिलाकर टीम का कुल स्कोर तय होगा।*

### 14 से 29 नवंबर तक कोलंबो में होगा टूर्नामेंट



### मैच में होंगे 40-40 खिलाड़ी

चारों महाद्वीपीय टीमों में 40-40 खिलाड़ी होंगे। प्रत्येक टीम में 20 लड़कियां और 20 लड़के शामिल रहेंगे। हर मुकाबला एक ही दिन में खेला जाएगा और इसमें लाल तथा सफेद, दोनों गेंदों का इस्तेमाल होगा। प्रत्येक टीम को दो बार बल्लेबाजी करने का मौका मिलेगा। मुकाबले के शुरुआती 40 ओवर दिन के समय सफेद पोशाक में लाल गेंद से खेले जाएंगे। इसके बाद अंतिम 40 ओवर रंगीन पोशाक में सफेद गेंद से एसएससी की द्युधिया रोशनी में खेले जाएंगे।

### मैच में होगा 'पैरिटी रूल'

आयोजकों के मुताबिक, पहले चरण में बनाए गए रन दूसरे चरण में भी जुड़ते रहेंगे। इस प्रारुप की सबसे खास बात इसका 'पैरिटी रूल' यानी समानता का नियम है, जिसके तहत लड़कियों और लड़कों के प्रदर्शन एक दूसरे के जीत या हार तय करेंगे। 'टेस्ट ट्वेंटी' के संस्थापक और 'पैरिटी रूल' के लेखक गौरव बहिरवानी ने कहा कि समानता का सिद्धांत सिर्फ खेल के नियमों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रसारण में भी लड़कियों और लड़कों को बराबर समय दिया जाएगा।

### सोयाबीन उद्योग में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कंपनियों एवं प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में 9वें अंतर्राष्ट्रीय सोया कॉन्क्लेव 2026 में की सहभागिता*

# सोया की ताकत से समृद्ध हो रहे किसान, आत्मनिर्भर हो रहा मप्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सोयाबीन केवल तिलहन फसल नहीं, बल्कि मप्र की आर्थिक शक्ति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। सोयाबीन उत्पादक किसानों की मेहनत, परिश्रम और पुरुषार्थ ने मप्र को 'सोया स्टेट' के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाई है। वे शुक्रवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय 9वें अंतर्राष्ट्रीय सोया कॉनक्लेव को संबोधित कर रहे थे।



सोया उत्पादक किसानों को सम्मानित करते सीएम।

#### मप्र में देश का 45% सोयाबीन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में सोयाबीन के कुल उत्पादन का 45 फीसदी उत्पादन मध्यप्रदेश में होता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोयाबीन उद्योग में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभिन्न कंपनियों एवं उनके प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।*

#### उद्योगपतियों का हुआ सम्मान

सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का मुख्य विषय "आत्मनिर्भर भारत – पावरिंग द ऑयल एंड प्रोटीन विजन" है। कार्यक्रम में देश-विदेश के 500 से अधिक प्रतिनिधि, नीति निर्माता, कृषि वैज्ञानिक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और प्रगतिशील किसान शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोयाबीन की मैन्युफैक्चरिंग, निर्यात, प्रोसेसिंग, उपभोक्ता बिक्री और रिफाइंड ऑयल के विपणन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली कंपनियों के लगभग 15 उद्योगपतियों और उनके प्रतिनिधियों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सोपा के चेयरमैन श्री नरेश गोयनका ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

## बीना स्टेशन पर अभी नहीं रुकेंगी 6 ट्रेनें, मालखेड़ी और गुना से चलेंगी

**भोपाल।** बीना स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग का काम पूरा होने के बाद भी प्लेटफॉर्म और मल्टीपल रेल लाइनों को फिटनेस नहीं मिलने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। रेलवे ने 6 यात्री ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किया है। इनमें ग्वालियर-बीना और बीना-दमोह पैसेंजर सहित अन्य ट्रेनें शामिल हैं। कुछ ट्रेनें बीना के बजाय मालखेड़ी स्टेशन तक जाएंगी, जबकि कुछ का संचालन मालखेड़ी और गुना स्टेशन से किया जाएगा। यह बदलाव 16 से 25 अक्टूबर तक अलग-अलग तारीखों में लागू रहेगा। रेलवे के अनुसार, ग्वालियर-बीना पैसेंजर 24 अक्टूबर तक बीना के बजाय मालखेड़ी तक जाएगी। वहीं, बीना-दमोह पैसेंजर मालखेड़ी से रवाना होगी। दमोह-बीना और बीना-ग्वालियर पैसेंजर के संचालन में भी बदलाव किया गया है। इसके अलावा नागदा-बीना एक्सप्रेस गुना में आंशिक रूप से समाप्त होगी, जबकि बीना-नागदा एक्सप्रेस गुना से रवाना होगी।

### मुबारकपुर तक सीसीटीवी कैमरे में सही दिखा तिरपाल

# चलते ट्रक का तिरपाल काटकर 25 मिनट में 11 एलईडी टीवी किए पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने चलते ट्रक का तिरपाल काटकर 25 मिनट के भीतर 11 एलईडी टीवी चुरा ली। घटना 13-14 अक्टूबर की रात 11.57 से 12.22 बजे के बीच की है। दरअसल, पुलिस ने मुबारकपुर में सीसीटीवी फुटेज चेक किए थे।

**बाइक सवार ने बताई घटना, कहा कटा हुआ है तिरपाल**

फुटेज में ट्रक का तिरपाल सही दिखा। मुबारकपुर टोल के बाद ट्रक ड्राइवर और क्लीनर को एक बाइक सवार ने बताया था कि ट्रक का तिरपाल कटा हुआ है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी गई 11 एलईडी टीवी की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार गोपेंद्र मालपानी भोपाल में रहते हैं और इलेक्ट्रॉनिक्श का व्यवसाय करते हैं। उनका विदिशा रोड पर गोडाउन है। दो दिन पहले उन्होंने आयशर में ट्रक में एलईडी टीवी लोड करवाई थी। एलईडी टीवी खंडवा भेजनी थी। ट्रक पर जयराम गूजर ड्राइवर था और बंटी क्लीनर था। फंदा टोल नाके के बाद उन्हें एक बाइक सवार ने रोका और बताया कि ट्रक का तिरपाल कटा हुआ है। चेक करने पर पता चला कि ट्रक में लोड की गई 11 एलईडी कम हैं। उन्होंने घटना की सूचना तत्काल गोपेंद्र मालपानी को फोन पर दी।

#### व्यवसायी ने खजूरी सड़क थाना पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत

*गोपेंद्र मालपानी ने खजूरी सड़क थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो 11.57 मिनट पर मुबारकपुर में ट्रक का तिरपाल सही था। उसके करीब पच्चीस मिनट बाद ट्रक फंदा टोल नाके पर से क्रॉस हुआ। इस दौरान तिरपाल कट चुका था और एलईडी चोरी हो चुकी थी। यह बात पुलिस के गले नहीं उतर रही है। पुलिस का कहना है कि महज 25 मिनट के भीतर 11एलईडी टीवी चोरी हो गई और ड्राइवर क्लीनर को पता तक नहीं चला। पुलिस ने दोनों से सख्ती से पूछताछ की थी, लेकिन पूछताछ में यह स्पष्ट नहीं हो सका कि चोरी उन्होंने की है। पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही है।*

### सुबह पति से कहा था कि तालाब पर जाएंगे पति ने किया इंकार तो खुद पहुंची

# पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने तालाब में कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तलैया थाना क्षेत्र स्थित आर्चब्रिज के पास से शुक्रवार सुबह एक महिला ने बड़े तालाब में छलांग लगा दी। महिला को गोताखोरों ने तालाब से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल ले पहुंचाया। अस्पताल में कुछ समय इलाज के बाद महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

- आर्चब्रिज के पास से हुई घटना

प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि महिला ने पति से बड़े तालाब घूमने लेकर चलने की जिद की थी। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर वह अकेली घर से निकल गई थी। इसके बाद तालाब में कूदकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार पिंकी करण पति अरविंद करण (32) दुलीचंद का बाग, फूटा मकबरा, हनुमानगंज इलाके में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति खुद का लोडिंग ऑटो चलाता है। पिंकी और अरविंद के क्रमशः 12 साल का बेटा और 14 साल की बेटी है। शुक्रवार सुबह पिंकी ने पति करण से कहा कि उसे बड़े तालाब घूमने लेकर चलो। पति को काम था और उसने कहा कि बाद में चलेंगे।

पिंकी जिद करने लगी और अरविंद ने उसे कहा कि अभी नहीं जा सकेगा। इससे नाराज होकर पिंकी खुद ही चप्पल पहनकर घर से निकल गई। सुबह करीब साढ़े 9 बजे के आसपास वह आर्च ब्रिज के पास पहुंची और बड़े तालाब में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने पिंकी को तालाब से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन कुछ ही देर चले इलाज के बाद पिंकी की मौत हो गई।

#### चलती बाइक से गिरकर युवक की मौत, हार्ट अटैक की आशंका

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित 11 मील ब्रिज के पास चलती बाइक से गिरे डिलीवरी ब्वॉय की मौत हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर साढ़े 12 बजे से एक बजे के बीच की बताई जा रही है। सड़क से उठाकर उसे एंबुलेंस निजी अस्पताल ले गई थी, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिलने से अनुमान लगाया जा रहा है कि चलती बाइक पर उसे हार्ट अटैक आया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार सुरेंद्र पिता देवी सिंह (40) मंडीदीप जिला रायसेन में रहता था और डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। शुक्रवार दोपहर वह काम पर भोपाल आया था।

## मेले में युवाओं को मिला आत्मनिर्भरता का मंत्र



**भोपाल।** राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार से दो दिवसीय स्वरोजगार एवं स्वदेशी मेले की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस मेले का उद्घाटन मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार ने किया। मेले में विभिन्न शासकीय विभागों की योजनाओं, कौशल प्रशिक्षण, उद्यमिता और स्थानीय उत्पादों से जुड़ी जानकारी ने मेले को विशेष आकर्षण प्रदान किया। शुभारंभ पर प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने मुख्य अतिथि बारेलाल अहिरवार का तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया। संयोजक डॉ. कमलेश सिंह नेगी एवं सह संयोजक डॉ. कैलाश कुमार ठाकरे ने मंचासीन अन्य अतिथियों का अभिनंदन किया।

### स्वदेशी मेले की जोर-शोर से चल रहीं तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच के स्वर्णिम भारत फाउंडेशन के अंतर्गत 23 अक्टूबर से 3 नवंबर तक एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होने जा रहे स्वदेशी मेले की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में डी-7 क्षेत्रीय कार्यालय संचालन समिति और आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में शहर के जाने-माने उद्यमी, व्यापारी वर्ग, प्रभुदर्शन तथा भोपाल विभाग के कार्यकर्ताओं और मातृशक्तियों की सहभागिता रही। बैठक में क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते, स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक केशव श्रीकांत बुधौलिया, मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा, सह संयोजक दीपक वर्मा, रमन तिवारी एवं स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज की उपस्थिति रहीं।

# 23 से लगने वाले स्वदेशी मेले को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प



भोपाल मेले की संचालन समिति को मार्गदर्शन देते हुए क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते।

#### मेला कारीगरों को मंच देने का एक प्रयास

मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा ने मेले की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए सभी से जनभागीदारी के माध्यम से मेले को सफल बनाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते ने कहा कि स्वावलंबन की ओर बढ़ता भारत थीम पर आयोजित यह मेला केवल खरीदारी का केंद्र नहीं, बल्कि छोटे-छोटे कारीगरों, स्थानीय उद्यमियों और व्यापारियों को मंच प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मेले में तीन दिवसीय स्वरोजगार मेले का आयोजन भी होगा, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने सभी से परिवार सहित मेले में आने का आग्रह किया।

***भारत की विविधता में एकता और सांस्कृतिक वैभव की दिखेगी झलकः सीमा***

*मध्य भारत प्रान्त प्रमुख, मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संयोजक सीमा भारद्वाज ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए बताया कि मेले में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और महापुरुषों के जीवन दर्शन को विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।*




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: BHOPAL:** Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404405; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 7000642828; Shris Shant Honda (Kaniyadana) - 9340461465; Shris Shant Honda (Rajpur) - 9340461465; **BETUL:** Aaditya Honda - 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081; RR Honda (Aron) - 9907700774; Seth and Sons (Raghogarh) - 9644008082; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; Shri Sai Honda (Khirkia) - 9926386210; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni-Malwa) - 9425476181; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232; Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda (Kurawar) - 7415382282; Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; Raghunath Honda (Rajgarh) - 9165122731; Vinayak Honda (Pachore) - 9424470733; **INDORE:** Kasliwal Honda - 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 9827658000; Shyam Honda - 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 9009550955; Doshi Honda - 9669266999; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999; Shree Mangalam Honda - 6232446444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 9713077770; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **DEWAS:** Sadguru Honda - 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh-Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) - 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902; Sethi Honda (Chhanera) - 9111002903; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **MHOW:** Radha Honda - 9691122902; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 8989151151; Savita Honda (Manasa) - 9993773232; Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695; Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; Shree Balaji Honda (Kalapipal)- 9926028916; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909; Ujjain Honda - 8109068222; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437; Sumedha Honda - 8718819740; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 9907729668; A S Honda (Laxmiganj) - 6262350000; A S Honda (DD Nagar) - 9109176278; A S Honda (Bahodapur) - 9109176247; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; KGN Honda (Seondha) - 9171438014; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Keshar Honda - 9111603390; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441; K S Honda - 9074414163; Dhuadhar Honda (Pichore) - 8085186000; Jain Honda (Karera) - 8602760034; Seth Honda (Bairad) - 881739386; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **BHIND:** Bhagawati Moto Honda - 9238112718; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **DAMOH:** Texol Honda - 9425096191; SL Honda (Patahria) - 9300405140; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda (Makronia) - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8720009609; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; Shree Balaji Honda (Deori) - 7000517166; Sahil Honda (Gourjhamar) - 9752472822.
**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930